रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,996.60 −53.07
डॉलर 83.509 +0.007
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,140 01 किलो 97,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 06 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 154, पृष्ठ-12 | ₹ 3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 लेबर पार्टी के स्टार्मर बने ब्रिटेन...

## न्यूज ब्रिफ

### नीट पीजी एग्जाम अब 11 अगस्त को होगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 को शुक्रवार को नई परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई। इसके मुताबिक अब नीट-पीजी परीक्षा 11 अगस्त को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को नीट-पीजी 2024 के आयोजन का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया। एनबीईएमएस के 22 जून के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी परीक्षा के आयोजन को पुनर्निर्धारित किया गया है।

### मोदी ने ब्रिटेन चुनाव में जीत पर लेबर पार्टी के स्टार्मर को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिटेन के आम चुनाव में लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को उनकी उल्लेखनीय जीत के लिए बधाई दी। हालांकि, प्रधानमंत्री ने चुनाव में हार का सामना करने वाले भारतीय मूल के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व की सराहना की है। मालूम हो कि 5 जुलाई को 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में लेबर ने 326 के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है।

### हरियाणा-महाराष्ट्र के विस चुनाव के साथ झारखंड में भी चुनाव होने की संभावना

# समय से पहले झारखंड में विधानसभा चुनाव संभव

**2019** में 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक के बीच हुआ था झारखंड विधानसभा का चुनाव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पॉलिटिकल डायनेमिक्स में उभरे रहस्य, सवाल और तेजी कुछ अलग ही संकेत दे रहे हैं। हेमंत सोरेन के 28 जून को जेल से बाहर आने के बाद सोनिया गांधी के मंत्र पर जिस तेजी से अमल कर चंपाई सोरेन से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा लिया गया और भाजपा में संगठनात्मक परिवर्तन और अलग से नियुक्त किए गए चुनाव प्रभारियों की सक्रियता बढ़ी, वह संकेत दे रही है कि कहीं इस बार झारखंड विधानसभा का चुनाव समय से पहले न करा लिया जाए। झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा लगातार झारखंड का दौरा कर रहे हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र में अक्टूबर में ही चुनाव होने हैं, ऐसे में संभव है कि झारखंड में भी इन दोनों राज्यों के साथ ही अक्टूबर में चुनाव करा लिए जाएं। 2019 में झारखंड में नवंबर-दिसंबर में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई थी। 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में विधानसभा चुनाव हुए थे। चार जुलाई को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने भी कह दिया है कि जब भी चुनाव हो, वे तैयार हैं। झारखंड में अक्टूबर में चुनाव कराने में एक ही बाधा है, वह है दुर्गा पूजा। दुर्गा पूजा व नवरात्र पूरे राज्य में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है, जो इस बार तीन अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक है।

### हेमंत कभी भी चुनाव के लिए तैयार



### दोनों गठबंधन के मुद्दे हैं साफ

भोगनाडीह में हेमंत ने भाजपा को आड़े हाथों लिया और कहा कि झारखंड की खनिज संपदा पर कुछ लोगों की गिद्ध नजर है। लेकिन झारखंड में अब ऐसा कानून बनाया जाएगा कि यहां उत्पादित होने वाले खनिज पदार्थ का इस्तेमाल पहले यहां के लोग करेंगे, उसके बाद ही बाहर जाने दिया जाएगा। वहीं भाजपा झामुमो के परिवारवाद, आदिवासी सम्मान और संताल में आदिवासी जनसंख्या के अनुपात में आई कमी व आदिवासी महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को मुद्दा बनाने का मन बना चुका है। हाल के संसदीय चुनाव में भाजपा आदिवासी आरक्षित एक भी सीट नहीं जीत सकी है। इसलिए विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में आदिवासी सम्मान और उनकी सुरक्षा।

### राज्यपाल ने विधानसभा के 8 के विशेष सत्र को दी मंजूरी

**रांची।** राजपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत करने के लिए मंजूरी दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। एक दिन चलने वाले विशेष सत्र के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।



## मजिस्ट्रेट ने बिना दिमाग लगाये हस्ताक्षर कर दिये ट्रेनिंग पर भेजें : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट के एक न्यायिक दंडाधिकारी (ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की। अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को आदेश पारित करने से पहले सावधानीपूर्वक विचार करने पर जोर देने के साथ रविवार और अन्य छुट्टियों पर मजिस्ट्रेट के लिए प्रशिक्षण का सुझाव दिया है। जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने दुष्कर्म के एक आरोपी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार और वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ आरोपी की हाईकोर्ट में याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। अदालत ने कुर्की के इश्तेहार और वारंट को रद्द करते हुए कहा कि अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत इश्तेहार जारी करके अवैधता की है। उन्होंने कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन किये बिना आदेश पारित किया है इसलिए, यह कानून में टिकाऊ नहीं है और इसे जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। अदालत ने अपने आदेश में गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस आदेश पर बिना दिमाग लगाये हस्ताक्षर कर दिये गये हैं, हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को अपने इस आदेश की एक कॉपी जमशेदपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश को भेजने का निर्देश दिया।

## सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता नियुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने राज्यसभा सभापति को लिखित पत्र में कहा है कि झारखंड से झामुमो के राज्यसभा सदस्य डॉ. सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता चुने गए हैं। झामुमो संसदीय दल की बैठक में शुक्रवार को इस बाबत निर्णय लिया गया। सरफराज वरिष्ठ नेता हैं। वरिष्ठ सांसद हैं। इन्हें संसदीय कार्यों का अनुभव है। कई संसदीय कमेटियों में कार्य कर चुके हैं। डॉ. सरफराज अहमद गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट से विधायक थे।

शेष पेज 11 पर

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी प्रमाणिक सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 8292553444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## आज | कल





### बोले- केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज

# ड्राइविंग सीट पर बैठे हेमंत कभी भी कर देंगे एक्सीडेंट, जानता है परेशान



**शिवराज रामगढ़ जिले के विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल हुए**

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़/ रांची ।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान का दो दिवसीय झारखंड दौरा शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर हमला बोला। एक बार उन्होंने सोरेन परिवार को सत्ता का भूखा करार दिया। कहा, जिस आदिवासी नेता चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद पर आसीन किया उन्हें वह कुछ और महीने बर्दाश्त नहीं कर पाए। इससे हेमंत सोरेन ने यह साबित कर दिया कि परिवार के अलावा कोई और इस बार के बीच नहीं आना चाहिए। यहां तक कहा कि ड्राइविंग सीट पर बैठे हेमंत कभी भी एक्सीडेंट कर दें। राज्य की जनता उनकी अराजकता से परेशान है। शिवराज सिंह रामगढ़ जिले के विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने रांची में प्रदेश आरोप पत्र समिति एवम घोषणा पत्र समिति की बैठक में शामिल हुए।

बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सहित प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, सीपी सिंह,बिरांची नारायण,अनंत ओझा,नवीन जायसवाल,केदार हाजरा,सुनीता सिंह,अरुण उरांव, बीडी राम,अमित मंडल,शशांक राज,आरती सिंह, गीता कोड़ा उपस्थित थे।

### झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को अंधकार में धकेला

रामगढ़ जिले के हथमारा गांव स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने पूरे प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। एक वादा पूरा नहीं हुआ। बेरोजगारों की सुध लेने वाला कोई नहीं। शिवराज ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। छह महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ। जिन योजनाओं की घोषणा हुई, इसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। किसान त्रस्त हैं। बिजली कटौती चरम पर है। अब ऐसे कुशासन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में सुशासन लाएगी और यहां की जनता ने भी अब यह मन बना लिया है।

### गढ़वा में सेप्टिक टैंक के गैस रिसाव से मवि की चार छात्राएं बेहोश

**पलामू।** प्रखंड अंतर्गत गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कोलझिकी गांव में सेप्टिक टैंक से गैस रिसाव होने से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी की चार छात्राएं बेहोश हो गईं। घटना शुक्रवार दोपहर की है। बेहोश होने की सूचना मिलते ही स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेंब्रम, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक एवं अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ. सुचित्रा शेष पेज 11 पर

## झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस बने डॉ. बीआर षाडंगी, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में डॉ. बीआर षाडंगी ने शुक्रवार को शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद वह झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ उपस्थित रहे। इनके अलावा हाई कोर्ट के सभी जज, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, गृह सचिव वंदना डाडेल, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष , काउंसिल के सदस्य ,एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाई कोर्ट के कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# झारखंड में 10-10 लाख के इनामी दो माओवादी नक्सलियों ने किया सरेंडर

**नीरज पर विभिन्न थानों में 24 और सालमन पर 11 मामले दर्ज हैं**

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों के समक्ष माओवादी नक्सली कमांडर नीरज सिंह खरवार उर्फ संजय खरवार और सालमन उर्फ लोकेश गंझू उर्फ राजकुमार गंझू ने शुक्रवार (5 जुलाई) को सरेंडर कर दिया। दोनों पर 10-10 लाख रुपए के इनाम घोषित थे। इनका दर्जा माओवादी नक्सली संगठन में जोनल कमांडर का था और दोनों दर्जनों नक्सली वारदातों में वांटेड थे। इनका आत्मसमर्पण पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। नक्सलियों के सरेंडर के मौके पर पलामू के डीआईजी वाईएस. रमेश, उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सीआरपीएफ के कमांडेंट केडी. जोशी और बीपी त्रिपाठी मौजूद रहे। इन अफसरों ने मुख्यधारा में लौटे दोनों माओवादियों का बुके और शॉल भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर दोनों माओवादियों के परिजन भी मौजूद रहे। बताया गया कि इनामी नक्सली नीरज पर विभिन्न थानों में 24 और सालमन पर 11 मामले दर्ज हैं। सालमन ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 22 सालों से नक्सली संगठन से जुड़ा था। उसने लातेहार और लोहरदगा क्षेत्र की कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# स्मार्टफोन की लत और राजनीति का खेल



सुनील बादल



प्रवासी मजदूरों के पलायन के पीछे फर्जी खबरों पर चिंता जताते हुए मीडिया (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया) को अपनी जिम्मेदारी सही तरह से निभाने, घबराहट पैदा करने वाले और असत्यापित समाचारों के प्रसार पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किया जब कानून नहीं बने थे और संविधान की विधिवत रचना नहीं हुयी थी तब शिक्षित समाज धार्मिक उद्धरणों से तो कम शिक्षित ग्रामीण-जनजातीय समुदाय कहावतों-मुहावरों के माध्यम से नीति-अनीति, न्याय-अन्याय की बात करता था और नहीं मानने पर सामाजिक बहिष्कार बड़ा हथियार था। आज आधुनिक भारत में सस्ते इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने उस सामाजिक ताने-बाने को हिलाकर रख दिया है गांव के खेत-चौपालों से लेकर कच्चे-पक्के घर, घरों के अंदर बेडरूम से लेकर चलती बाइक के पीछे बैठे लोग मोबाइल पर आंखें गड़ाए बैठे मिल जाते हैं। यह सूचना और मनोरंजन से अधिक लत का मामला है। भारत की आबादी का अधिकांश हिस्सा खाना के बिना शायद एक दिन रह ले पर नेट के बिना कुछ घंटे नहीं रह सकता। इसी दीवानगी का फायदा उठाने के लिए तथाकथित पॉलिटिकल एनिलिस्ट या चुनाव जिताने वाले विशेषज्ञ अब बहुत ही खतरनाक खेल खेल रहे हैं। राजनीतिक पार्टियों से अरबों रुपए लेकर चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने वाले ये खिलाड़ी किस तरह ये करते हैं ये बहुत प्रमाणिक रूप से तो नहीं कहा जा सकता पर हाल में समाज में फैले वैमनस्य, भ्रम और विचारधारा में तेजी से हो रहे बदलाव से कहा जा सकता है कि बहुत ही सुनियोजित ढंग से नफ़रत और अशांति फैलाने का काम किया जा रहा है जिसमें पहले विदेशी ताकतें थीं अब राजनैतिक पार्टियां लगीं है। घोषित रूप में आईटी सेल बनाए, जा रहे हैं और इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान ये बात साफ हो गयी कि कुछ लोग फेक न्यूज़ फर्जी वीडियो और ऐसे हथकंडों से किसी भी कीमत पर गड़बड़ी और नफ़रत का खेल खेलना चाहते हैं। सवाल उठता है कौन और क्यों ? बात इतनी बढ़ गयी कि टीवी चैनल तक के इसमें शामिल होने का आरोप लगा और पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रवासी मजदूरों के पलायन के पीछे फर्जी खबरों पर चिंता जताते हुए मीडिया (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया) को अपनी जिम्मेदारी सही तरह से निभाने, घबराहट पैदा करने वाले और असत्यापित समाचारों के प्रसार पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किया था विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं सोचने की बात है कि नेताओं की प्रोडक्ट की तरह ब्रांडिंग और वोटरों को बरगलाकर एक पार्टी विशेष के पक्ष में माहौल किस तरह बनता होगा ? अचानक पत्रकारों और बौद्धिक लोगों को मुंहमांगे भुगतान पर कोई किस प्रकार के कार्यों के लिए रखता है और वे करते क्या होंगे ? एक आम आदमी या उत्पाद को ऊंचाइयों को छूने वाले हॉट केक बनाने वाले लोग करते क्या होंगे ? पहले कथित रूप से कॉर्पोरेट कंपनियों पर ये आरोप लगते थे जो झूठा प्रचार कर घटिया उत्पाद की भी मांग बढ़ा देते थे। आज कुछ उसी प्रकार का खेल खेला जा रहा है, पहले सिर्फ जेब कटती थी और इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया गया पर अब देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के प्रयास हो रहे हैं, जो सदियों तक मजबूत रहे इसके ढांचे को हिला सकते हैं। जात-धर्म और वर्ग संघर्ष को बढ़ाने वाले ये फेक न्यूज़ ये वीडियो फोटोशॉप तथा कुछ अन्य ऐसे ही एआई की मदद से तैयार किये जाते हैं। आज समय की मांग है कि ऐसे लोगों की पहचान हो और इनके उद्गम स्थल को ही समाप्त किया जाये देश में बढ़ते किशोर या यौन अपराधों के मूल में भी इंटरनेट पर बेलगाम सामग्री डालने की छूट है। जिस प्रकार सर्जन का प्राणरक्षक चाकू सनकी के हाथों हत्या के लिए उपयोग में लाया जा सकता है वैसे ही पोर्नोग्राफी और फेक न्यूज़ कलंक साबित हुआ है। ईरान सहित कुछ अन्य देशों की तरह इसके अंधाधुंध प्रयोग पर रोक लगे और ट्रैक करने के लिए ओटीपी को अनिवार्य किया जाना चाहिए, हम सभी को भी चाहिए कोआ कान ले गया पर विश्वास करने के पहले कान की जांच करें सूत्रों के अनुसार कुछ स्वार्थी और देशविरोधी ताकतें झूठी बातें फैलाकर ऐसे मुद्दों को हवा देना चाहती हैं जिससे भ्रम फैले और उसे वोट में बदला जा सके।

### रक्षा अलंकरण

## राष्ट्रपति ने सशस्त्र बल कर्मियों को 10 कीर्ति चक्र और 27 शौर्य चक्र प्रदान किए



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्र के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले 37 बहादुर सैनिकों को वीरता पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-2024 (चरण-1) में राष्ट्रपति ने 10 कीर्ति चक्र तथा 27 शौर्य चक्र प्रदान किये। 10 में सात कीर्ति चक्र और 27 में सात शौर्य चक्र मरणोपरांत प्रदान किये गये। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे।

**कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) :** इंस्पेक्टर दिलीप कुमार दास, हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव, कांस्टेबल बबलू राभा, कांस्टेबल शम्भू राय, सिपाही पवन कुमार शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में हुई गवाही



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में पीएमएलए कोर्ट में शुक्रवार को गवाही दर्ज हुई। ईडी की ओर से जारी गवाह पंतजलि मिश्रा की गवाही दर्ज की गई। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया गया। गवाह ने ईडी को दिए बयान को कोर्ट में कहा। गवाही के दौरान जेल में बंद पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति होकर सुन रही थीं। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 10 जुलाई निर्धारित की है। ईडी ने मामले में अब तक 13 गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

### महिला से चेन छिनतई का आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू थाना पुलिस ने महिला से सोने की चेन छिनतई करने के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम मो आसिफ अंसारी है। वह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कसाई मुहल्ला का रहने वाला है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि गत 24 मार्च को बरियातू निवासी प्रभात कुमार झा की पत्नी निशा झा के गले से अज्ञात अपराधी सोने की चेन छिनकर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान के क्रम में रिम्स कैंपस से आरोपित को गिरफ्तार किया।

### अनुदानित दर पर धान बीज का वितरण



**मांडर।** शुक्रवार को प्रखंड में अनुदानित दर पर धान बीज वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 244 लाभुकों के बीच 960 किलोग्राम धान का बीज वितरण किया गया है। अतिथियों ने जेएसएलपीएस के कार्यों खूब सराहा। इसमें सखी मंडल के सदस्यों को हर तरह की सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए भरपूर सहयोग का वादा भी किया गया। मौके पर प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, शमीम अख़्तर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जिओ पेट्रोल पंप ने चलाया मानसून ऑफर

**रांची।** शुक्रवार को टाटा रोड, रामपुर स्थिति जिओ पेट्रोल पंप से संगीता लकड़ा ने अपनी स्कूटी संख्या जेएच 01 डीडब्ल्यू 2605 में ?200/ का पेट्रोल डलवाया जहां उन्हें जिओ बीपी की तरफ से चलाए जा रहे मानसून ऑफर 'पेट्रोल भरो सोना जीतो' के तहत 15000/-रुपए का सोना जीतने का अवसर मिला।

### वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**सिल्ली।** सिल्ली प्रेम वाटिका लॉच में फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुरी ओपीएसआई आशीष रंजन, मुन्ना सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, मुरी पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार बड़ाइक आदि उपस्थित थे। मुरी ओपी के एस आई आशीष रंजन ने महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन के बारे में बताया। फ्यूजन के रीजनल मैनेजर नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में ऑडियो- विजुअल और नाट्य रूपांतर के माध्यम से महिलाओं को बचत के लाभ और वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न तरीके बचत, खर्चे व सरकारी योजनाओं आदि के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की करीब 225 महिलाओं ने भाग लिया। कंपनी की एबीपी हेमंत कुमार ने बताया कि फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है।

### विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम को ले रांची उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# झारखंड की ऐतिहासिक विरासत विश्व मानचित्र पर दिखाने का बड़ा अवसर

- *9 एवं 10 अगस्त को प्रस्तावित है राज्य स्तरीय समारोह*
- *रांची के भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में होगा आयोजन*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में आगामी 9 से 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह को लेकर बैठक की। कार्यक्रम का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के लिए कोषांग और इवेंट टीम के जल्द गठन करने की बात कही गई। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई निर्देश भी दिए।

उपायुक्त ने आयोजन स्थल पर पिछले वर्ष के अनुभवों के साथ और बेहतर तैयारी किस प्रकार हो इस पर मंथन किया। कार्यक्रम के दौरान यहां लगने वाले स्टॉल, फूड स्टॉल, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्था तथा दूसरे जिलों से कार्यक्रम में शामिल होने आए कलाकारों के भोजन, पानी, रहने की व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव में अन्य राज्यों की जनजातीय संस्कृति, संगीत, नृत्य, साहित्य, इतिहास, कला एवं हुनर, उनकी अलग-अलग आर्थिक क्रिया, खेलकूद क्षेत्र की विशेषताओं के समायोजन पर भी चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड की लोक संस्कृति, यहां के लोगों की ऐतिहासिक विरासत को विश्व के मानचित्र पर दिखाने के लिए बहुत बड़ा माध्यम है। इसके लिए इसे भव्य बनाने के लिए हर व्यवस्था बेहतर कराने को लेकर तैयारी शुरू करने को कहा। लोग दूसरे देशों की जनजातीय संस्कृति को देख सकें, इसके लिए उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शनी लगाने को कहा। इससे झारखंड और अन्य राज्यों से आए लोग दुनिया के कई देशों की जनजातीय संस्कृति से रूबरू हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के स्वरूप में नवीनता लाने का प्रयास करें। इसके लिए दूसरे देशों के जनजातीय समूह को भी इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल करने का प्रयास करें, ताकि झारखंड राज्य की जनजातीय समूह वहां के जनजातीय समूह के बारे में अच्छे से जान सकें।

बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईटीडीए संजय कुमार भगत, उप निदेशक आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय संगीता शरण, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता सुदेश कुमार, उप निदेशक टीआरआई मोनिका रानी टुडो, सहायक निदेशक आरआई रांची राकेश रंजन उरांव, प्रोजेक्ट मैनेजर जुड़को रांची अनुराग कुमार एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मियों ने सिल्ली विधायक को मांग पत्र सौंपा



**सिल्ली।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने शुक्रवार के दिन झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक को मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र के जरिए उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मियों की सेवा शर्त नियमावली में सुधार कर सेवा स्थायीकरण एवं वेतनमान का प्रावधान किया जाए। मांग पत्र सौंपने के बाद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार प्रमाणिक ने कहा कि हम सभी कर्मी विगत 17 वर्षों से काम करते आ रहे हैं जबकि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। हम लोग बहुत अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं और हम लोगों को स्थायी नहीं किया गया है। अल्प मानदेय में हम सभी मनरेगा कर्मियों से भारी-भारी काम कराया जाता है। हम लोगों को सरकार द्वारा 10 से 12 हजार वेतन के रूप में दिया जा रहा है जिससे हम लोगों का घर चलना मुश्किल हो गया है।

## लापुंग के रायटोली में धान की रोपनी का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग़ प्रखंड में पिछले दिनों हुई बारिश से किसानों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के रायटोली में बारिश का इंतजार कर रहे किसानों ने धान की रोपनी शुरू कर दी। रायटोली गांव में धान की रोपनी के लिए आमंत्रित की गई लापुंग की जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने तैयार धान के बिचड़ा का रोपनी कर धान की रोपनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर हिंदिया टोप्पो ने उपस्थित किसानों को शुभकामनाएं दी। कहा कि किसान ही असली अन्नदाता होते हैं। खेती अच्छी होगी फसल अच्छा होगा तो किसान भी समृद्ध होंगे। इस मौके पर समाजसेवी इन्द्रजीत राय, सचिन राय, देवेन्द्र राय, वरिष्ठ अभिभावक कामेश्वर राय, जानकी देवी, महिला नेत्री गांगी मुंडाईन, देवंती देवी, सुकरो देवी, चिंता मुंडाईन, सिनी मुंडाईन, राजू उरांव बलिंन्द्र राय सहित दर्जनों गांव के लोग मौजूद थे। पूरे लापुंग प्रखंड में रायटोली गांव में ही रोपनी का शुभारंभ किया गया। जबकि अन्य इलाकों में बिचड़ा तैयार करने की तैयारी चल रही है। इस मौके पर किसानों ने कहा कि जहां वर्षा कम हुई है वहां अभी भी पहली जोरदार बारिश की जरूरत है। लापुंग प्रखंड के अलग-अलग इलाकों में बारिश की अलग-अलग परिदृश्य है। कहीं जोरदार बारिश है तो दूसरे अन्य इलाकों में एकदम बारिश नहीं है। पिछले दिनों हुई बारिश का जमा पानी अब खेतों में नजर नहीं आ रहा। लगता है प्यासी धरती बारिश के पानी को अपने अंदर समाहित कर लिया है।

## हर जिला व ब्लॉक में एक कृषि अभियंता की नियुक्ति करे झारखंड सरकार : उपनिदेशक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उपनिदेशक डॉ श्याम नारायण झा ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कृषि अभियांत्रिकी का अधिकाधिक प्रयोग पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि 'राज्य सूची' में आने वाला विषय है। इसीलिए झारखंड सरकार को हर जिला और ब्लॉक में एक कृषि अभियंता की नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। वे गुरुवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

उपनिदेशक ने कहा कि हाल ही में झारखंड सरकार ने 29-30 कृषि अभियंता की नियुक्ति की थी, जो सराहनीय है। लेकिन, और भी कृषि अभियंताओं की नियुक्ति क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने में बहुत मददगार साबित होगी। इसके साथ झारखंड सरकार को इन अभियंताओं की निगरानी तथा मार्गदर्शन के लिए एक कृषि अभियांत्रिकी निदेशालय की जल्द से जल्द गठन करना चाहिए।

डॉ झा ने कहा कि तीन राज्य जैसे कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु ने कृषि अभियांत्रिकी निदेशालयों का गठन किया गया है, जिससे उन क्षेत्रों के किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि अभियंता की मदद से ज्यादा से ज्यादा कृषि में पंत्रीकरण में बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों की आय बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। इससे पैदावार में 20-22 प्रतिशत की बढ़ोतरी, खर-पतवार में 35-40 प्रतिशत की कमी, श्रमिकों की मजदूरी में कमी और सुक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा। इससे भूमिगत जल के स्टार में भी सुधार आएगा।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि ब्राजील जेसे देशों के ही जैसे भारत में भी कृषि यंत्रीकरण 75 प्रतिशत तक बढ़ना चाहिए। अंत में उन्होंने भारत सरकार के छोटे-छोटे रोबोट बनाने या उन्हें कृषि में उपयोग करने के अपने निरंतर प्रयास पर भी चर्चा की। इससे पहले उपनिदेशक ने नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा किया। इस दौरान उपनिदेशक ने पूरे संस्थान का परिभ्रमण किया और उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी ली। साथ ही संस्थान के सभी सदस्यों के साथ एक बैठक की।

### ककरिया संकुल अन्तर्गत रा.उ.म.वि. खटंगा में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

## विद्यालय में परिवर्तन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जिम्मेवारी लेनी होगी : रामा उरांव

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** विद्यालय विकास के लिए जब सरकार की नजरें और उम्मीद विद्यालय प्रबंधन समिति पर टिकी है तो हमारा भी कर्त्तव्य बनता है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य के रुप में विद्यालय में आमूलचूल परिवर्तन, बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हम काम करें। उक्त बातें शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अन्तर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटंगा में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामा उरांव ने कही। उन्होंने कहा कि जब सभी सदस्य मिल जुलकर काम करेंगे तो हमारे विद्यालय का भी विकास होगा। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटंगा में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के लिए आयोजित आम सभा के सभापति के रूप में पूर्व अध्यक्ष एमियल खलखो ने बैठक की अध्यक्षता की जबकि संचालन विद्यालय के प्रधान शिक्षक और विद्यालय के संयोजक विनोद लकड़ा ने किया। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान मंगता धान, वार्ड सदस्य सरोज खलखो तथा बाल संसद की प्रधानमंत्री रिंची खलखो ने भी बैठक को सम्बोधित किया। इसके पूर्व विभागीय पर्यवेक्षक संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता की देखरेख में सर्वसम्मति से विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से रामा उरांव को अध्यक्ष, विनोद लकड़ा को पदेन संयोजक, पंचायत प्रतिनिधि के रूप में वार्ड सदस्य सरोज खलखो, बाल संसद के प्रधानमंत्री रिंची कुमारी, वरीय शिक्षक सदस्य के रूप में सहायक शिक्षक चमरू उरांव, अभिभावक सदस्य (माता-पिता) के रुप में एमियल खलखो,अंतु लोहरा, फूलचंद उरांव, विकास भगत, लुईस खलखो, सुनीता बरला, सलगी मिंज, बिरसी खलखो, बिरसी कुमारी, पुनी कुजूर, गोयंदी खलखो को सर्वसम्मति से सदस्य चुन लिया गया। इस मौके पर मंगता धान, रतिया भगत, भुटका उरांव, बंधनु उरांव, पौलूस तिर्की, सोमा उरांव, माया उरांव सहित दर्जनों लोगों ने बैठक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की तिरुमंजन महासेवा हुई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आषाढ़ मास की अमावस्या तिथि पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शुक्रवार को 'श्री' भूमि नीला के प्राणाधार परमात्मा श्रीनिवास दंपति का प्रातः 4:30 बजे ब्रह्ममुहूर्त में विश्वरूप दर्शन सुप्रभातम, मंगलाशासनम और तिरुवाराधना हुई। इसके बाद दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल, नारियल युक्त जल, तुलसी, केसर युक्त जल आदि से महाभिषेक कराया गया। सहस्त्रधारा, कलश धारा, चक्र धारा और शंख धारा के उपचार पूर्वक श्रीसूक्त एवं पुरुषसूक्त आदि वेद के मंत्रों का उच्चारण करते हुए महाभिषेक कराया गया। फिर भगवान दंपति को वस्त्राभूषण से सुसज्जित करके भव्य श्रृंगार हुआ। इसके बाद फल, मेवा आदि का बालभोग निवेदन किया गया। महाभिषेक के यजमान संजय- सुनीता चौधरी रांची निवासी अपने एकलौते पुत्र के दीघार्यु और तीक्ष्ण बुद्धि की कामना से महाभिषेक कराया।

### कार्यक्रम / उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में मनाया वन महोत्सव, बोली सिस्टर जयंती

# अपने जीवन में दस पेड़ अवश्य लगाएं

नवीन मेल संवाददाता




**खलारी।** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में धूमधाम से वन महोत्सव मनाया गया। विद्यालय की पर्यावरण कमेटी के साथ शिक्षक नार्बरता टोप्पो व मुकेशकुमार सिंह के मार्गदर्शन में कक्षा सात के विद्यार्थियों ने वन महोत्सव के कार्यक्रम को 'एक पौधा मां के नाम' थीम पर समर्पित किया। कक्षा सात के विद्यार्थियों ने पर्यावरण से संबंधित लघु नाटिका 'हवा और पानी का मुकदमा' का मंचन किया। सभी लोगों ने पर्यावरण को बचाने तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। विद्यालय के अन्य विद्यार्थी अपने साथ छोटे छोटे पौधे लेकर आए थे। पौधों को उन्होंने विद्यालय को दे दिया ताकि उन्हें कहीं पर लगाया जा सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र शाश्वत कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने शाश्वत की उपलब्धि के लिए विशेष रूप से उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं शाश्वत ने भी अपने अनुभव को सभी विद्यार्थियों के साथ साझा किया और विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने कहा। इसके बाद सिस्टर जयन्ती, सिस्टर नेली, सिस्टर हेलेन और शिक्षक विशाल शर्मा ने एक-एक करके गमलों में पौधारोपण किया। अंत में प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने इस वन-महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया तथा कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम दस पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पर्यावरण को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं के अलावा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ब्रसेल्स से लौटकर आए थे उसुर्लाइन के पूर्व छात्र

शाश्वत कुमार पूर्व हेड बाय रह चुके है। उसुर्लाइन कान्वेंट खलारी से मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास होने के बाद उन्होंने संत जेवियर कालेज, रांची में दाखिला लिया। कैट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उसका चयन जेवियर इंस्टिट्यूट आफ सोशल साइंस (एक्सआईएसएस) में हो गया। जहां पढ़ाई के दौरान ही स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इंटर्नशिप के लिए उसे बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स भेजा गया। जिसमें भारत से सिर्फ. दो ही विद्यार्थियों का चयन किया गया था जिसमें एक शाश्वत भी था।

### नौ दिवसीय राधारमण महोत्सव 19 अगस्त से

**सिल्ली।** प्रखंड के कुटाम राधा रमण मंदिर परिसर में शुक्रवार को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय राधा रमण महोत्सव के आयोजन को लेकर मंदिर प्रबंधन एवं ग्रामीणों के बीच एक बैठक का आयाओज किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के संचालक दास गदाधर दास ने की। सर्व सम्मति से महोत्सव का आयोजन आगामी 19 से 27 अगस्त तक किए जाने का निर्णय लिया गया। महोत्सव में बलराम जयंती, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, प्रभुपाद आविर्भाव महोत्सव प्रमुख कार्यक्रम होंगे इस दौरान छौ नृत्य, भागवत कथा, पुष्पाभिषेक, गौ पूजा, अंतर विद्यालय आर्ट एंड कल्चर प्रतियोगिता समेत कई प्रतियोगिताएं आकर्षण के केंद्र होंगे। बैठक में गुरुकुल के आचार्य, विद्यार्थी समेत आसपास के दर्जनों गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री हेमंत को अनंत अंबानी के शादी का निमंत्रण मिला



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रिलायंस इंडस्ट्री के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी के शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट रिलायंस इंडस्ट्रीज झारखंड ने मुलाकात कर विवाह निमंत्रण पत्र भेंट किया। की। ज्ञातव्य है कि रिलायंस इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्री मुकेश अंबानी के पुत्र श्री अनंत अंबानी का विवाह आगामी 12 जुलाई 2024 को मुंबई एंटीलिया में सम्पन्न होगा।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने छह जुलाई शनिवार को आर्यभट्ट सभागार रांची विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले 'सृजन' स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, मनोज नरेडी, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सचिव परेश गटानी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू ने बीडीओ को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र

**खलारी।** आजसू खलारी प्रखंड कमेटी द्वारा खलारी प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आजसू कार्यकर्ताओं ने खलारी बीडीओ संतोष कुमार को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें अंचल में दाखिल खारिज के आवेदनों का जल्द निष्पादन करने तथा पंजी में दर्ज जीरो प्लाट की समस्या पर जल्द से जल्द उचित व आवश्यक कार्रवाई करने, अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में पारदर्शिता लाने ताकि जरूरतमंद व निर्धन परिवार को इसका लाभ मिले, मनरेगा अंतर्गत सिंचाई कूप व अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन व यथाशीघ भुगतान करने, छात्रवृति के लिए जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र आपूर्ति समय पर करने, 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में पदास्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसार सुनिश्चित करने, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को प्राथमिकता देने, सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप से करने, राशन कार्डधारियों को समय पर राशन देने तथा कटौती को बंद कर आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब पड़े चापाकलों को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांगे शामिल हैं। हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू खलारी प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, खलारी प्रखंड प्रभारी रामजीत गंझू, राजकुमार गुप्ता, रामविलास गोप, प्रभात गिरि, सदन महतो, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रक्तदान के क्षेत्र में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रचा नया कीर्तिमान




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि मंच ने 17 दिनों मे पूरे राष्ट्र में सर्वाधिक 25 रक्तदान शिविर लगाकर शिविर संख्या के आधार पर प्रथम स्थान तथा 578 यूनिट रक्त संग्रह कर रक्तदान के आधार पर दूसरा स्थान सुनिश्चित किया है। ये बातें मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के प्रवक्ता राघव जालान ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के 38 शाखाओं ने 59 शिविर लगाकर सर्वाधिक 2392 रक्त एकत्रित कर पूरे राष्ट्र के सभी प्रांत में प्रथम स्थान सुनिश्चित किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय रक्तदान संयोजिका नेहा पटवारी एवं प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, रांची शाखा के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम तथा सभी सदस्यों को बधाई दी। साथ ही, भविष्य में भी इसी तरह के सफल आयोजनों के लिए शुभकामनाएं दी। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा, मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले हर व्यक्ति का दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता है।

### मेधा सम्मान समारोह का आयोजन



**चान्हो।** शुक्रवार को चान्हो प्रखंड स्थित सरना बाल विकास विद्यालय मे मैट्रिक व इंटर मे उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के लिए मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगो सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का समय मेहनत का समय है। जिन विधार्थियों ने कठिन परिश्रम किया है उन्हे आज सम्मान दिया जा रहा है। आप अनुशासन मे रहकर आगे बढ़े। आप आगे दिशा निर्धारित करे आगे क्या बनना चाहते है, उस अनुसार विषय का चयन करे। और कठिन परिश्रम करे। विधायक ने यह भी कहा कि हम जिस समाज मे रहते है वहाँ की अच्छाई को लेकर सामाजिकता को जानना भी हमारा कर्तव्य है। इसलिए पहले एक अच्छा नागरिक बने। सम्बोधन करने के पश्चात विधायक ने प्रखंड मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल, मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं एक वृक्ष का वितरण किया। साथ ही स्कूल-स्कुल मे उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के बीच भी मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं एक वृक्ष का वितरण किया। विधायक ने प्रखंड के लगभग 200 से अधिक छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### भाजपा सिल्ली मंडल ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में किया पौधरोपण

**सिल्ली।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भाजपा सिल्ली मंडल कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में कई जगहों पर पौधरोपण किया। भाजपा सिल्ली मंडल के संयोजक राजेंद्र प्रसाद साय ने अपने निज निवास परिसर में पिता परमानंद साय व माता काली दासी देवी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा के रांची जिला कानुनी सलाहकार प्रो ललीत प्रसाद, सिल्ली मंडल कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बड़ाइक, मंडल मंत्री चंदन गोस्वामी व वरिष्ठ कार्यकर्ता शंभूनाथ कुम्हार मौजूद थे। मौके पर प्रो ललीत प्रसाद ने बताया की देश को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचाने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आह्वान किया है। इसी श्रृंखला में सिल्ली में पौधे लगाये गये।



## भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा कल, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ जाएंगे मौसीबाड़ी

# 15 दिनों के एकांतवास के बाद आज आएंगे बाहर, होगा नेत्रदान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आएंगे। इतने दिनों तक भगवान की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान भक्तों को दर्शन देंगे।

भगवान के दर्शन के लिए दोपहर दो बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। संध्या 4:00 बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जाएगी। भगवान जगन्नाथ को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया जाएगा। शनिवार को भगवान रात नौ बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे।

### संध्या पांच बजे शुरू होगी रथयात्रा

**सात जुलाई** को प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। सुबह चार बजे से ही भक्त पूजा करने के लिए कतारबद्ध होने लगेंगे। महिला और पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग कतार बनाई जाएगी। दोपहर दो बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारुढ़ किया जाएगा। रथ के ऊपर सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा। विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना में शामिल भक्त रथ पर सवार होकर भगवान को पुष्प अर्पित करेंगे। मंगल आरती होगी। रथ में रस्सा बंधन होगा। रविवार संध्या पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। भक्त रस्सी के सहारे रथ को खींच कर मौसीबाड़ी लाएंगे, जहां महिलाएं भगवान की पूजा करेंगी। शाम सात बजे तक सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जाएगा। फिर आरती और भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जाएगा, जो अगले दिन सुबह पांच बजे खुलेगा।

### 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा

**आठ जुलाई** को सुबह छह बजे मंगल आरती व बाल भोग लगाया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे अन्न भोग लगाया जाएगा और 12:10 बजे पट बंद हो जाएगा। दोपहर तीन बजे मंदिर का पट पुनः खुलेगा, जो रात आठ बजे तक खुला रहेगा। शाम 7:30 बजे आरती व भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे पट बंद हो जाएगा। यह क्रम 16 जुलाई तक चलेगा। 16 जुलाई को रात में भगवान को गुंडिचा भोग लगाया जाएगा। खीर, खिचड़ी और सब्जी का भोग लगेगा। पूरे साल में सिर्फ एक ही दिन रात्रि में गुंडिचा भोग लगता है। 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा है।

**4:00** संध्या बजे शुरू होगा नेत्रदान अनुष्ठान

**9:00** रात बजे तक दर्शन मंडप में देंगे दर्शन





मंदिर जाने के रास्ते पर नगर निगम का प्याऊ है, जो मेले में आए लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा।




मंदिर की पार्किंग में महिला शौचालय की व्यवस्था है, मगर दुर्भाग्य से उसमें ताला बंद है।



मंदिर परिसर में पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था है



10,000 रुपये में एक ठेला लगाने की अनुमति है, अर्थात एक दिन में 1000 रुपये।



प्रातः छह बजे आरती होगी। दिन में 12:00 बजे भगवान को अन्न भोग लगाया जाएगा। शाम चार बजे से नेत्रदान पूजा प्रारंभ होगी। शाम पांच बजे से भक्त जगन्नाथ स्वामी का दर्शन कर पाएंगे। रात्रि नौ बजे आरती पूजन के बाद कपाट बंद हो जाएगा।

- सरयू नाथ मिश्रा, पुजारी, जगन्नाथ मंदिर, रांची।



सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का आना इस मेले में होता है। ग्रामीण पूरी श्रद्धा और विश्वास से भगवान जगन्नाथ की कृपा प्राप्त करने को आते हैं। ग्रामीणों के बिना यह मेला वीरान लगेगा।

विपिन उपाध्याय, पुजारी, जगन्नाथ मंदिर, रांची।

### पैसे ज्यादा लिए जा रहे, मेले में दुकान लगा रहे लोगों ने कहा

# पता नहीं, कमाई होगी या नुकसान



मनोज मिश्रा

**रांची।** रांची के धुर्वा में आगामी सात जुलाई से ऐतिहासिक जगन्नाथ मेला लगने वाला है। मंदिर के आसपास 41.27 एकड़ भूमि में मेला का आयोजन किया जाता है। इस मेले में डेढ़ से दो लाख की भीड़ उमड़ती है। मेला में दुकान लगाकर कुछ कमाई करने के उद्देश्य से गांवों के सीधे-साधे लोग यहां दुकान लगाते हैं। इसी बीच, भारी टेंडर के रूप में शोषण का एक गणित का प्रारंभ होता है। पिछले साल की तरह इस वर्ष भी मेले का टेंडर करोड़ों में किया गया है। अब, दुकान लगाने वाले लोग मेला परिसर में आते हैं, तो दुकान का स्थान लेने के लिए उन्हें जद्दोजहद करना पड़ता है। दुकान लगाने के लिए इन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इस बार तो हद हो गई है। पंद्रह सौ से सात हजार रुपये वर्गफीट तक की रकम दुकान लगाने वालों के लिए निर्धारित की गई है। मतलब दस दिन के मेले के लिए पंद्रह हजार से लेकर सत्तर हजार रुपये तक देने होंगे। ठेला लगाने वालों को छह से दस हजार रुपये, चाउमिन वालों को पंद्रह से बीस हजार रुपये तक देने होंगे। झूले लगाने वालों की हालत यह है कि वे लोग सामूहिक बैठक कर ठेकेदार से बात कर रहे हैं कि निर्धारित दर कम कराया जा सके। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने मेले में दुकान लगाए दुकानदारों से बात की। संवाददाता ने पूछा कि इतनी रकम देने के बाद क्या आपको आमदनी होगी? इस पर उन्होंने बताया कि बड़ा खराब हाल है, इतनी रकम देकर कोई दुकान लगाएगा तो कमाएगा क्या? ओखली में सिर दे दिए हैं, अब क्या करें। कमाई होगी या नुकसान भरना होगा, पता नहीं। समझ में नहीं आता, क्या करें।

### दुकानों में मिठाइयां सजी हुई हैं

| | |
|---|---|
| बालूशाही | 120 |
| लड्डू | 130 |
| गाजा | 120 |
| शकरपाला | 120 |
| खाजा | 160 |

रुपये किलो की दर से बेचा जा रहा है



---

# अर्थव्यवस्था मध्यम अवधि में मजबूत विकास को तैयार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन (भारत) ने शुक्रवार को एफआईएमसीएफ नामक अपने ओपन-एंडेड मल्टी कैप डायवर्सिफाइड इक्विटी फंड को लांच करने की घोषणा की। इस फंड का उद्देश्य लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी संबंधित प्रतिभूतियों के पोर्टफोलियो में निवेश करके दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि प्राप्त करना है। यह फंड नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप, प्रत्येक मार्केट कैप श्रेणी यानी लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप में अपनी कुल संपत्ति का न्यूनतम 25 प्रतिशत बनाए रखेगा। फंड लांच और इसकी निवेश रणनीति पर जानकीरमन आर, मुख्य निवेश अधिकारी ने कहा, मजबूत मैक्रो बुनियादी ढांचे, मुद्रास्फीति के रुझान में सुधार, विवेकपूर्ण राजकोषीय नीतियों और राजनीतिक स्थिरता के कारण भारत की अर्थव्यवस्था मध्यम अवधि में मजबूत विकास के लिए तैयार है। 'कोविड' के बाद, इस फंड को विभिन्न छोटे व मध्यम सेक्टर व बाजार क्षेत्रों में होने वाले विकास से लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है।



*फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने फ्रैंकलिन इंडिया मल्टी कैप फंड किया लांच*

# सीआईडी डीएसपी से चेन छिनतई मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीआईडी की डीएसपी सरिता मुर्मू के गले से सोने की चेन छिनतई करने के मामले में रांची की कोतवाली थाने की पुलिस ने तीन आरोपितों सहित एक सर्राफा दुकानदार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 हजार 500 रुपये नकदी और सोने का चेन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में लोअर बाजार थाना निवासी फरहान अंसारी, मो. जाहिद खान, लालपुर थाना निवासी राजेश सोनी और सर्राफा दुकानदार मुकेश कुमार शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 25 जून को कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक के पास सीआईडी डीएसपी के गले से सोने की चेन छिनकर दो बाइक सवार फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम (एसआईटी) टीम का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि टीम ने अनुसंधान के क्रम में दो बदमाशों फरहान अंसारी और मो. जाहिद खान को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटे हुए चेन को बेचने से मिली कुल 11 हजार 500 रुपये बरामद कर जब्त कर लिया गया। दोनों ने अपराध स्वीकर किया और बताया कि लूटे गए सोने के चेन को इनके जरिये कांटा टोली के विजय ज्वेलर्स के मालिक अजय वर्मा और मुकेश कुमार को बेचा जाता है। पुलिस ने चोरी के आभूषण खरीदने के मामले में राजेश सोनी और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। साथ ही, छिनतई की गई सोने की चेन को भी बरामद किया गया। मामले में फरार आरोपित अजय वर्मा की धर-पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि फरहान और मो. जाहिद पर पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**पकड़े गए लोगों में एक आभूषण दुकानदार भी शामिल**



### रांची के बिरसा कारागार में कैदी ने बाथरूम में की खुदकुशी

**रांची।** राजधानी के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में एक विचाराधीन कैदी ने शुक्रवार को बाथरूम में खुदकुशी कर ली। मृत कैदी का नाम सोमरा उरांव बताया गया है। वह साल 2017 से ही रांची जेल में बंद था। उस पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का आरोप था। मिली जानकारी के अनुसार सोमरा उरांव बाथरूम गया था। काफी देर तक जब वह बाथरूम से बाहर नहीं निकला तब दूसरे कैदियों ने अंदर जाकर देखा, तो वह बाथरूम की खिड़की पर फंदे के सहारे लटका हुआ था। जेल प्रशासन से मामले की जानकारी मिलने के बाद खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक सोमरा उरांव झारखंड के लोहरदगा जिले का रहने वाला था।

# डॉ नारायण ने आश्रम में आए हुए प्रभुजी की जांच कर निःशुल्क दवा दी



नवीन मेल संवाददाता। रांची

एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट की शाखा श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम पुंदाग टीओपी के पीछे स्थित परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से आश्रम में आए हुए प्रभु जी का शहर के जाने माने न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण ने जांच की। उन्होंने जांच के बाद सभी प्रभुजी को दवाएं लिखी एवं उन्हें अपनी तरफ से निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई। डॉ एचपी नारायण ने आश्रम में रह रहे प्रभु जी लोगों से बातचीत कर संस्था द्वारा की जा रही सेवा के इस कार्य की बहुत ही प्रशंसा की। उन्होंने प्रत्येक माह में दो रविवार (15 दिनों के अंतराल पर) को आश्रम आ कर प्रभु जी को देखने का संस्था के सदस्यों एव सेवा साथियों को आश्वासन दिया। उन्होंने आश्रम की साफ-सफाई की भी बहुत प्रशंसा की। ज्ञात हो कि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में 'पीड़ित मानव सेवा का पावन तीर्थ' प्रारंभ होने वाला झारखंड का प्रथम आश्रम है। आश्रम में प्रारंभिक दौर में ऐसे पुरुष जो अपने जीवनकाल में अपने रिश्तेदारों, परिवारजनों से बिछुड गए हैं एवं अस्पतालों, सड़क किनारे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों के आसपास असहाय एवं लाचार स्थिति में पड़े रहते हैं, उनको स्थानीय प्रशासन और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से एक अच्छा जीवन देने की कोशिश की जा रही है। ये जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### वन महोत्सव पर आर्मी स्कूल रांची में हुआ पौधरोपण

**रांची।** वन महोत्सव के अवसर पर आर्मी स्कूल रांची में शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। साथ ही, सुबह की प्रार्थना सभा में बच्चों द्वारा एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें संदेश दिया गया कि पेड़ लगाएं और पेड़ को ना काटें। यह कार्यक्रम बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने बताया कि पेड़ पर्यावरण और मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उनकी सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। पेड़ों को लगाना और उनके महत्व को समझना हमारी जिम्मेदारी है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत बाडू गांव में हुआ पौधरोपण



नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कांके पिठोरिया एव रिलेशंस की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत आज बाडू गांव में ग्रामीणों के साथ 11 पौधे लगाकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिठोरिया की संचालिका बीके राजमती बहन ने कहा कि हम सबके जीवन में मां का रिश्ता बहुत अनमोल होता है। हमें अपनी मां की सेवा के साथ साथ प्रकृति मां की सेवा भी अवश्य करनी चाहिए, क्योंकि प्रकृति हमें हमेशा सब कुछ देती है। इसलिए हमें भी कुछ उन्हें वापस देने की जरूरत है। पेड़ पौधे प्रकृति के अभिन्न अंग हैं, इसकी देखभाल और सुरक्षा हम सबका नैतिक कर्तव्य है।इस अवसर पर ग्रामीणों ने जामुन, आम, लीची, अमरूद, नीम, अशोक, गुलमोहर समेत कई फलदार वृक्षों के पौधे लगाकर उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लिया।

# पुलिस ने सर्राफा व्यवसायी की हत्या के आरोपित का पोस्टर किया जारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पुलिस ने शुक्रवार को आभूषण व्यवसायी राजेश पॉल की हत्या के मुख्य आरोपित का पोस्टर जारी किया। इसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि लगातार प्रयास के बावजूद अब तक राजेश पॉल के हत्यारे की पहचान नहीं हो पाई है। ऐसे में अब उसका पोस्टर जारी किया गया है, ताकि उसकी पहचान की जा सके। डीएसपी ने बताया कि राजेश पॉल की हत्या में शामिल अपराधी के बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा और उसकी पूरी पहचान गुप्त रखी जाएगी। डीएसपी ने बताया कि अरविंद ज्वेलर्स में लूट कांड को अंजाम देने वाले आरोपितों की तलाश में रांची पुलिस ने अब तक दूसरे राज्यों में छापेमारी कर चुकी है, लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। अपराधी का सीसीटीवी फुटेज हासिल होने के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि 07 जून, 2022 को रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र में स्थित अरविंद ज्वेलर्स को अपराधियों ने दिनदहाड़े लूटने का प्रयास किया था।



*50 हजार रुपये का इनाम घोषित*

# सीवीओ सीसीएल ने उरीमारी के खदानों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में, सीवीओ पकंज कुमार के नेतृत्व मे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग ने संचालन विभाग के सहयोग से सीसीएल खदानों में एक विशेष निरीक्षण अभियान शुरू किया है। 4 जुलाई को शुरू हुआ यह अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को सीवीओ, सीसीएल पंकज कुमार ने सतर्कता अधिकारियों की एक टीम के साथ बरका-सयाल क्षेत्र की उरीमारी खदानों का निरीक्षण किया और निवारक सतर्कता बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके तहत सीसीएल के 10 कमांड क्षेत्रों के 12 खदानों में निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें विशेष टीमें किसी भी सुरक्षा उल्लंघन की पहचान करने और उसे सुधारने के लिए गहन निरीक्षण करेंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खदानों के भीतर अनधिकृत प्रवेश और निकास की जांच करनी है। इस निवारक कदम से कोयला संसाधनों की सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और सीसीएल की महत्वपूर्ण संसाधन एवं संपत्तियों की सुरक्षा होगी। सीवीओ पंकज कुमार ने कहा कि इस निरीक्षण अभियान से हमारी सतर्कता बढ़ाने के साथ ही हमारी संपत्तियों को अनधिकृत एवं अवैध गतिविधियों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

**कंपनी के सतर्कता विभाग का निरीक्षण अभियान शुरू**



# झारखंड की राजनीतिक फिजा में घुल रहा चुनावी रंग, सज रहे मैदान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


झारखंड की राजनीतिक फिजा में चुनावी रंग घुल रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर धीरे-धीरे मैदान सज रहे हैं। सभी पार्टियों ने अपनी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। पक्ष-विपक्ष के नेताओं के भाषण और मिजाज चुनावी हैं। साथ ही जमीनी स्तर पर चुनाव की तैयारी भी शुरू है। जेल से निकलने के बाद राज्य में एक बार फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बन गई है। हेमंत सोरेन के पास स्पष्ट बहुमत भी है। तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करना है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नयी सरकार को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड विधानसभा में कुल 77 विधायक हैं। पांच विधायक इस बार सदन में नहीं होंगे। चार विधायकों में दो भाजपा और दो झामुमो के विधायक लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंच गये हैं। इसमें भाजपा के मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो और झामुमो के नलिन सोरेन व जोबा मांझी हैं। वहीं, झामुमो विधायक सीता सोरेन ने भाजपा में शामिल होने को बाद इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान विधानसभा में बहुमत के लिए 39 विधायकों का संख्या बल चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के पास बहुमत का मजबूत आंकड़ा है। झारखंड विधानसभा में इंडी गठबंधन के साथ 47 विधायक हैं। वहीं, एनडीए गठबंधन के पास फिलहाल 27 वोट है। भाजपा विधायक जेपी पटेल भले ही सदन में विरोधी पक्ष में बैठाये जायेंगे लेकिन उनका वोट हेमंत सोरेन के पक्ष में ही होगा। निर्दलीय सरयू राय और अमित मंडल साथ आये, तब भी एनडीए आंकड़ा से काफी दूर है। एनडीए के खाते में 27 विधायक होंगे। झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम सरकार के खिलाफ वोटिंग कर सकते हैं लेकिन इससे इंडी गठबंधन की सेहत में कोई असर नहीं पड़ने वाला है। वहीं, भाजपा विधायक जेपी पटेल सरकार के साथ आये, तो हिसाब बराबर हो जायेगा। विधायक चमरा लिंडा को लेकर भी असमंजस की स्थिति है।

## रणनीति के तहत चंपाई सोरेन से लिया गया इस्तीफा



विधानसभा में रणनीति के तहत ही झामुमो ने आनन-फानन में चम्पाई सोरेन से इस्तीफा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ताजपोशी हुई। दूसरी ओर, भाजपा ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन महीने का खाका तैयार किया है। इसमें विस्तारित कार्यसमिति से लेकर घोषणा पत्र व आरोप पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनायी गयी है। कांग्रेस आलाकमान ने भी प्रदेश के आला नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। इसमें प्रदेश के नेताओं को चुनावी टिप्स दिये गये और ब्लू प्रिंट बनाने को कहा गया है। माना जा रहा है कि झारखंड में निर्धारित समय से पूर्व विधानसभा चुनाव होने की अटकलें लग रहीं हैं। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी तक है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि झारखंड में हरियाणा व महाराष्ट्र के साथ अक्टूबर में चुनाव हो जाये। चुनाव आयोग भी अक्टूबर को समय सीमा मानकर तैयारी में जुटा है। वर्ष 2019 में झारखंड में नवंबर-दिसंबर में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई थी। छह नवंबर को पहले फेज के लिए अधिसूचना निकाली गयी थी। वहीं, 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में विधानसभा चुनाव हुए थे।

# विस चुनाव के पहले लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर बनाए गए भाजपा के झारखंड प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा इसके लिए रणनीति बनाने में जुट गई है। इस बीच शुक्रवार को भाजपा ने उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी को एक बार फिर से झारखंड का प्रभारी बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत 24 राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को 2022 में भी झारखंड भाजपा का प्रभारी बनाया गया था। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड प्रभारी नियुक्त करने से पहले भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया जबकि असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वे लगातार झारखंड का दौरा भी कर रहे हैं।

## दीपक प्रकाश भी फिर से बिहार के सह प्रभारी बने

इसके साथ ही राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर और लद्धाख का प्रभारी बनाया गया है। महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का संगठन प्रभारी बनाया गया है और सांसद दीपक प्रकाश को सहप्रभारी बनाया गया है। अंडमान और निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को प्रभारी बनाया गया है। अरुणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नबीन को प्रभारी बनाया गया है। गोवा में आशीष सूद को प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा में डॉ. सतीश पूनिया को प्रभारी और सुरेन्द्र सिंह नागर को सह प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी बनाया गया है और संजय टंडन को सह प्रभारी बनाया गया है। महासचिव डॉ. राधा मोहन अग्रवाल को कर्नाटक का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी बनाया गया है और अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी बनाया गया है। पंजाब में विजयभाई रूपाणी को प्रभारी बनाया गया है । उत्तराखंड में दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी और रेखा वर्मा को सह प्रभारी बनाया गया है। नागालैंड और मेघालय में अनिल एंटनी को प्रभारी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में एमएलसी महेन्द्र सिंह को प्रभारी और सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी बनाया गया है। ओडिशा में विजयपाल सिंह तोमर को प्रभारी बनाया गया है। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

## झारखंड में भाजपा कार्यकताओं को एकजुट करने के अभियान में जुटे शिवराज सिंह



**रांची।** किसी के घर नाश्ता, किसी के यहां भोजन, तो किसी के दरवाजे पर बैठकर चाय की चुस्की। झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य में पार्टी कार्यकताओं को एक साथ जोड़ने की मुहिम में यही नुस्खा आजमा रहे हैं। उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को रांची, रामगढ़ और ओरमांझी में बूथ और मंडल स्तर के पार्टी नेताओं-कार्यकताओं के घर दस्तक दी और विधानसभा चुनाव में 'बड़ा लक्ष्य' हासिल करने के प्रति उन्हें मोटिवेट किया। शिवराज सिंह चौहान गुरुवार शाम रांची पहुंचे। इसके बाद उन्होंने हरमू मंडल में भाजपा के बूथस्तरीय कार्यकताओं को अंगोछा पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी को जो सफलता मिली है, उसके असली हकदार कार्यकर्ता हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, "भाजपा परिवार की सबसे बड़ी शक्ति बूथ पर परिश्रम करने वाला कार्यकर्ता है। मैं जब भी इन देवतुल्य कार्यकताओं से मिलता हूं, तो हृदय श्रद्धा और आत्मीयता से भर उठता है। झारखंड में हरमू मंडल के अंतर्गत आने वाले बूथ अध्यक्षों के सम्मान का अवसर मिला।" शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ गुरुवार रात का भोजन पार्टी के हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव के निवास पर किया। इसी तरह शुक्रवार को उन्होंने सुबह का नाश्ता ओरमांझी में पार्टी के मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता और दोपहर का भेजन रामगढ़ जिले की दिगवार पंचायत में भाजपा के एक बूथ अध्यक्ष रवि कुशवाहा के आवास पर किया। चौहान ने इन सभी जगहों की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की और कार्यकताओं के समर्पण की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री ने रामगढ़ जिला मुख्यालय में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया और उन्हें संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। चौहान ने कहा कि इस बार राज्य में भाजपा की सरकार बननी तय है और पार्टी यह लक्ष्य समर्पित कार्यकताओं की मेहनत से ही हासिल करेगी।

## शिवराज सिंह चौहान से मिले जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो

**रांची।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने भारत सरकार के कृषि मंत्री और प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से शुक्रवार को मुलाकात की। उनके साथ पार्टी के प्रदेश महासचिव भगवान सिंह, उपेंद्र सिंह और प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने भी उनसे मुलाकात की। खीरू महतो और शिवराज सिंह के बीच आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में एनडीए घटक दलों के साथ बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई। महतो ने शिवराज सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

## पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित सात की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ायी गयी

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित सात की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से शुक्रवार को पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तिथि 19 जुलाई निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। आरोपितों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को हाई कोर्ट से जमानत प्राप्त है। वहीं एक आरोपित पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

# मनाया गया राजद का 28वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजद के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के जरिये झंडोतोलन और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीबों, पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों ओर वंचित के कल्याण के लिए और न्याय दिलाने के उद्देश्य से राजद का गठन किया था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने वंचितों के कल्याण के लिए उनके सम्मान के लिए कड़े संघर्ष और मेहनत के साथ सामाजिक न्याय के लोगों को न्याय दिलाने का काम किया। भाजपा ने लाख षड्यंत्र कर हमारे नेता लालू को फंसाने का काम किया। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने हमेशा कहा कि मैं मिट्टी में मिल जाऊंगा लेकिन सांप्रदायिक ताकतों से कभी समझौता नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में भाजपा को देश से भागना है यही संकल्प लेकर यहां से जाना है और राष्ट्रीय जनता दल के संगठन को पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर पर और प्रदेश स्तर पर मजबूत करना है। हमें मजबूत और संगठित रहने की आवश्यकता है। झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि संगठन को धारदार और मजबूत करना है। लालू की जो नीति और सिद्धांत है तेजस्वी यादव का जो नीति और सिद्धांत है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। संगठित होकर झारखंड में संगठन को मजबूत करना है।

# महेंद्र सिंह धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हुए आरोपित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। समन जारी होने पर भी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत में अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और उसकी पत्नी सौम्या दास ने उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। अदालत ने अगली उपस्थिति की तिथि 20 जुलाई निर्धारित की है। उस दिन स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पक्ष रखने को कहा है। अदालत ने पिछली सुनवाई में आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त सबूत रहने के कारण संज्ञान लिया था। दोनों आरोपितों पर धोखाधड़ी करके धोनी को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है। धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने शिकायतवाद दर्ज कराया है। दूसरी ओर, इस मामले में आरोपितों को पूर्व में न्यायायुक्त की अदालत से अग्रिम जमानत याचिका की सुविधा मिल चुकी है।

### स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने किया 'निपुण समागम' का आयोजन

# सरकारी शिक्षकों में प्रतिभा की कमी नहीं : उमाशंकर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग (आईपीईएल) - एफएलएन पीएमयू के सहयोग से 'निपुण समागम झारखंड' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभात तारा मैदान में हुआ था। आयोजन में 24 जिलों से 450 शिक्षकों, दस गैर सरकारी समूहों के प्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा, प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, यूनिसेफ की स्टेट एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा ने हिस्सा लिया। उमाशंकर सिंह ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने एक से पांच तक की कक्षा में नामांकित बच्चो के रिटेंशन और ड्रॉपआउट को रोकने के लिए पठन पाठन को रोचक और मनोरंजक बनाने के साथ-साथ स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को उत्साही बनाने की बात कही। उन्होंने बच्चों के लिए उनकी क्षेत्रीय और मातृभाषा में उन्हें टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) बनाने पर जोर दिया, जिससे बच्चो में बेहतर समझ विकसित हो। उन्होंने टीएलएम को प्रभावी बनाने के लिए इसका लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी 24,000 प्राथमिक विद्यालयों को ध्यान में रखते हुए टीएलएम को उत्कृष्ट बनाकर बच्चों को इसका लाभ देने की दिशा में झारखंड शिक्षा परियोजना कार्य करे।

## मील का पत्थर साबित होगा : आदित्य रंजन

झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों ने जिस प्रतिभा का 'निपुण समागम' में प्रदर्शन किया है, वह मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही, हर विद्यालय में एक कमरा टीएलएम रूम के रूप में स्थापित होगा, ताकि एक से पांच वर्ग के बच्चों को उनकी मातृ, क्षेत्रीय, जनजातीय भाषा में भाषा एवं संख्यात्मकता का ज्ञान मिल सके। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय आयोजन से पहले जिला एवं प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेले में जिन शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, उनकी भी जितनी सराहना की जाए कम है।

# ग्राम प्रधानों की मांग पूरी करे सरकार : उमेश बड़ाईक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नामकुम प्रखंड के खिजरी पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को जिला ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन पहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक मौजूद थे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधानों को सरकार एक हजार रुपये मानदेय देती है। एक हजार रुपये के मानदेय से महंगाई के दौर में कुछ नहीं होता है। ग्राम प्रधानों का मानदेय 10 हजार रुपये किया जाए।

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने ग्राम प्रधानों को निःशुल्क मोटरसाइकिल देने का वादा किया था, यह वादा भी अधूरा है। इसे जल्द पूरा किया जाए। इसके अलावा कई दूसरे बिंदुओं पर चर्चा हुई। उलातु के ग्राम प्रधान संदीप साउल ने कहा कि रांची के हर क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री बिना ग्राम प्रधान की अनुमति के की जा रही है। इस कारण लोगों को गलत जमीन मिल रही है और विवाद पूरे क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। विवादों के कारण लोगों की जान जा रही है। अधिकारी ग्राम प्रधानों की सुनना नहीं चाहते हैं, जिससे मामला अब बिगड़ चुका है।

## न्यूज बॉक्स



झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेने के बाद डॉ. बीआर सारंगी से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन ने राजभवन में मुलाकात की।

### राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री ने की मुलाकात



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन में मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया।

### मुख्यमंत्री ने मां बगलामुखी मंदिर में की पूजा-अर्चना



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग (काली स्थान रोड) रांची स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर शीश नवाया। मौके पर मुख्यमंत्री ने मां बगलामुखी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

### राज्यपाल से मिले विधायक डॉ. लंबोदर महतो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान महतो ने विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा । राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद, सिंदरी विधान सभा अंतर्गत बलियापूर प्रखंड में अवस्थित पर्जन्य बीएड कॉलेज से संबंधित विषयों को आकृष्ट करने के साथ राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करने एवं गोमिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया, कसमार तथा पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत एमपी-एमएलए कोर्ट में नहीं हुए पेश, दिया आवेदन

**रांची।** ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट के लिए सीआरपीसी की धारा 205 की पिटीशन दाखिल की गयी है। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 15 जुलाई निर्धारित की है। इस मामले में हेमंत सोरेन की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ईडी ने कोर्ट में एक आवेदन दिया है। इसपर सुनवाई लंबित है। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी।

### बोकारो स्टील सिटी ट्रेन आज भी रहेंगी रद्द

**रांची।** लिंक रेक के रद्द होने की वजह से ट्रेन संख्या 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी - रांची - बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेगी। शुक्रवार को रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बोकारो स्टील सिटी - रांची - बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर ट्रेन पांच और छह जुलाई को रद्द रहेगी।

### संघ प्रांत प्रचारकों की बैठक 12 से, आठ को रांची पहुंचेंगे मोहन भागवत

**रांची/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारक बैठक इस वर्ष 12 से 14 जुलाई को झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित हो रही है। रा. स्व. संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने यह जानकारी दी है। संघ के अ.भा. प्रचार प्रमुख के अनुसार मई और जून माह में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के पश्चात देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की संगठन योजना में कुल 46 प्रांत बनाए गए हैं। बैठक में संघ के प्रशिक्षण वर्ग के वृत्तांत एवं समीक्षा, आगामी वर्ष की योजना का क्रियान्वयन, संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत के वर्ष 2024-25 की प्रवास योजना जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। संघ 2025 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर रहा है। इस बैठक में संघ शताब्दी वर्ष ( 2025-26) के आग्रह व उपक्रमों पर बैठक में विचार विनिमय होगा। प्रांत प्रचारकों की इस बैठक में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सहसरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल जी, सी आर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार और अतुल लिमये सहित कार्यकारिणी के सदस्य इस बैठक में भाग लेने वाले हैं। सरसंघचालक डॉ. भागवत 8 जुलाई को ही रांची पहुंच जाएंगे। प्रांत प्रचारकों की बैठक से पूर्व केन्द्रीय टोली की बैठक होगी।

### पंडरा से 40 पुडिया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी पुलिस ने जतरा मैदान के समीप से 40 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर संदीप तिर्की को गिरफ्तार किया है। वह पंडरा के बजरा का रहने वाला है। इसके पास से 40 पुडिया ब्राउन शुगर, 5340 रुपये नकद और एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पंडरा के जतरा मैदान के समीप ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी की।

## एक नजर

### डहरभंगा पंचायत के पूर्व मुखिया का आकस्मिक निधन


फाईल फोटो

**टाटीझरिया।** प्रखंड के डहरभंगा पंचायत के पूर्व मुखिया सह टाटीझरिया प्रखण्ड के डीलर संघ अध्यक्ष मथुरा साव का अपने पैतृक गांव डहरभंगा में आकस्मिक मृत्यु होने से क्षेत्र मे शोक की लहर है। मथुरा साव एक सामाजिक कार्यकर्ता थे अपने क्षेत्र के जनता के सुख दुःख में हमेशा तत्पर रहते थे। और वे टाटी झरिया के दूधमटिया वन पर्यावरण कमिटी का सक्रिय सदस्य थे। उन्होंने वन पर्यावरण मेले में चढ़ बढ़ कर हिसा लेते थे, वही मथुरा साव, जे एम एम पार्टी के वर्तमान प्रखंड कोषा अध्यक्ष थे, जिसमें जे एम एम पार्टी में कार्यकर्ताओ में शोक की लहर है। मृतक ने अपने पीछे दो बेटा एक बेटी पत्नी समेत नाती पोता समेत भरा पुरा परिवार छोड़ कर चले गए, इसका अग्नि संस्कार डहरभंगा के श्मशान घाट में किया गया।

### हाथियों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने एन एच 522 को किया जाम



**दारु।** हाथी के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार की शाम करिब छह बजे पेटो के पास एन एच 522 को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बारे में ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनो से हाथियों के आतंक से परेशान हो चुके हैं। हाँथी कभी झुण्ड मे आते है तो कभी झुण्ड से बिछड़कर एक हाँथी भारी तबाही मचाता है।यहाँ पर पिछले कुछ महीने से झुण्ड से बिछड़ा एक हाँथी दिगवार, पूणाडीह, पेटो, हरली, लरतांगो आदि जगहों पर घूमफिर कर पहुंच जाता है और फसलों और चार्दिवारी आदि को नुक्सान पहुंचाता रहता है। ग्रामीण हाँथी के डर से ठीक से सो नही पाते है और रातजग्गा कर अपने जान माल की रक्षा करने का प्रयास करते है। वन विभाग की टीम कभी आती है कभी नही आती है। हांथी को दूर खदेडने के बाद फिर वह वापस आ जाता है।

### अनियंत्रित ट्रेलर ने ऑटो को ठोका, ऑटो चालक की मौत

**रामगढ़ ।** रांची-पटना मुख्यमार्ग पर चुटूपालू घाटी में शुक्रवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर ऑटो को ठोकते हुए खाई में जा गिरा। इस हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि ट्रेलर चालकगंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रहे स्पंज लदा ट्रेलर का अचानक चुटूपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया । ट्रेलर चालक बचते बचाते आगे जा रहे ऑटो को टक्कर मारते हुए मायाटुंगरी के पास खाई में जा गिरा। घटना के बाद ऑटो सड़क के बीचों बीच पलट गया।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद

# समस्यों का किया समाधान

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा निवेदिता रॉय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।

इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। आवेदकों ने भूमि अतिक्रमण से सुरक्षा, भूमि त्रुटि सुधार, मारपीट, रोजगार प्रदान करने, दाखिल-खारिज, जमीन मापी, आवास, सरकारी योजना का लाभ सहित पेंशन आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की।

**दुर्घटना में अपने पति को खोने वाली रूबी कुमारी ने मांगी सरकारी सहायता**

दुर्घटना में मृत्यु उपरांत आर्थिक संकट से जूझ रही कटकमदाग थाना क्षेत्र की रूबी कुमारी ने सरकारी सहायता एवं योजना से जोड़ने का अनुरोध किया। जिस पर उनके आवेदन को जिला समाज कल्याण विभाग को भेजते हुए उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया गया।

**दिव्यांग ने विकलांगता पेंशन प्रदान करने का किया अनुरोध**

वहीं बड़कागांव के दिव्यांग मासुम रजा ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए विकालंगता पेंशन से जोड़ने का अनुरोध किया, जिसके आवेदन को समाजिक सुरक्षा को जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करते हुए लाभूक को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया।



इसके साथ ही तिलैडीह के स्थानीय ग्रामीणों ने गैरमजूरवा जमीन के अतिक्रमण से बचाने, नूरा की मंजू देवी ने रोजगार से जोड़ने, कटकमदाग की कैली देवीन ने पड़ोसियों द्वारा जमीन के लेकर मारपीटर करने, जैबुन निशा लोहसिंघना ने जमीन मापी, नेहा देवी नावाडीह ने मारपीट एवं जान से मारने की धमकी मिलने, मालो देवी टाटीझरिया ने भतीजे के पिता के देहांत के उपरांत मकान विहीन होने आदि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित

## पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की मनाई गयी 78वीं जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



लोक जनशक्ति रामविलास के रामगढ़ जिला अध्यक्ष केवल पासवान के आवासीय कार्यालय में 5 जुलाई को लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक पदम भूषण से सम्मानित पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की 78 जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। मौके पर जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने अपने 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन में हमेशा समाज के दलित, पिछड़े और वंचितों को उनका हक और अधिकार दिलाने का कार्य किया। कहा कि उनकी सादगी ऐसी थी कि इतने वर्षों तक राजनीतिक जीवन में रहने के बाद भी उनकी छवि बेहाग रही। कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलते हुए पार्टी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के हाथों को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। मौके पर पार्टी के कई सदस्य मौजूद रहे।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने हमेशा दलित, वंचित और पिछड़ों को उनका हक दिलाने का कार्य किया : केवल पासवान**

### मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** राहत योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम अब तक मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत हुए लाभुकों के पंजीकरण की जानकारी ली।

## न्यूज बॉक्स

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का हल्ला बोल, दारु प्रखंड के बीडीओ को सौपा 11 सूत्री मांगपत्र




**हजारीबाग।** आजसू पार्टी की दारु प्रखण्ड कमेटी हजारीबाग के द्वारा शुक्रवार को हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान दारु प्रखण्ड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह हजारीबाग विधानसभा प्रभारी नमन ठाकुर ने किया। हल्ला बोल कार्यक्रम की अध्यक्षता दारु प्रखण्ड के अध्यक्ष राजू प्रसाद ने किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ के प्रमोद वर्मा ,प्रखंड सचिव दिलीप कुमार, राकेश कुमार, शंकर कुमार, प्रकाश प्रसाद, मनोज कुमार दास, संगीता कुमारी, नैना कुमारी एवं बबीता देवी शामिल रहीं।

### रेनबो स्कूल बरही में मनाया गया वन महोत्सव सप्ताह, किया गया पौधरोपण



**बरही।** शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया जिसमें विद्यालय प्रांगण में 100 से अधिक पौधों का पौधा रोपण हुआ। इस कार्यक्रम मे सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान स्कूल संचालक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पेड़ पौधे ही जीवन का आधार है। पेड़ पौधों से ही हमारी पृथ्वी का भविष्य है। सभी लोगों को पौधारोपण एवं वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे कि हमारा भविष्य बहुत ही खुशहाल और हरा भरा हो। शिक्षकों ने सभी छात्र एवं छात्राओं को पेड़ों का महत्व एवं उनका हमारे दैनिक जीवन में क्या उपयोग होता है प्रकृति के हुए फेफड़े किस प्रकार हैं और हमारे वृक्ष हमारे कल कैसे हैं उनके बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की। मौके पर स्कूल शिक्षक में गौरी शंकर, प्रवीण यादव, विद्यापति, पंकज, रिंकी, रिफत, फैजिया खातून, स्वाति, शिवानी, मानसी, अंशु, कुमारी स्वेता, प्रीति सहित स्कूल के सभी शिक्षक- शिक्षिका शामिल थे।

### गोरियाकरमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य स्वास्थ्य समिति का हुआ गठन



**बरही।** प्रखंड के गौरिया करमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य स्वास्थ्य समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, जिप सदस्य मंजू देवी व जीप प्रतिनिधि गणेश यादव उपस्थित रहें। कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में जिला परिषद सदस्या मंजू देवी, सचिव के रूप मे वर्तमान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चंदन और सदस्य के रूप मे एएनएम बदेही रॉय को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्रवाई को समाप्त किया गया। डॉ ज्ञानी ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना। सेंटर के भवन, उपकरणों के साफ-सफाई के साथ उनका रख-रखाव और सुरक्षा सुनिश्चित कराना। परिसर के दुरूपयोग को रोकना। अनटाइड फंड के प्रबंधन एवं उसका बेहतर उपयोग करना। समुदाय स्पर पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं आउटरिच पर उपलब्ध सेवाओं में सुधार के लिए वीएचएसएनडी के माध्यम से सामुदायिक कार्रवाई को नेतृत्व प्रदान करना। गैर सरकारी संगठनों से संसाधानों को जुटाने के साथ सीएसआर फंड की निधियों के माध्यम से सेंटर पर सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना। साथ ही, सेवाओं और सुविधाओं का प्रचार प्रसार कराना। स्वास्थ्य योजना बनाने में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को सुविधा और सहायता प्रदान करना।

### सड़क बनी तालाब, कहां है नगर निगम



**हजारीबाग।** शहर के सड़कों की स्थिति बाद से बदतर हो गई है। थोड़ी सी ही बारीश में सड़क तालाब में तबदील हो जाती हैं। बात अगर शास्त्री चौक यानि इंद्रपुरी चौक से पेलावल जाने वाली सड़क की करें तो अक्सर थोड़ी सी हीं बारिश बारिश में सड़क पर पूरी तरह पानी जम जाता है। इस सड़क पर छोटे छोटे बच्चों के स्कूल बस के आवागमन में कोई भी बड़ी घटना घट सकती हैं साथ हीं आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पडता है। यहां के रहने वाले लोगों ने भी कई बार अपना विरोध जताया है। लेकिन उनकी आवाज ना तो नगर निगम के कानो तक पहुँच रही है और ना ही जिला के बड़े अधिकारीयो तक।समाज सेवी बाबर कुरैशी ने सवाल करते हुए पूछा है कि क्या नगर निगम या जिला के बड़े अधिकारी कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की समस्या को खत्म करे ताकि स्कूल जाने वाले बच्चों और आम जनता को अपनी जान का जोखिम ना उठाना पड़े।

### बरकट्ठा में घर का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाये दस लाख के जेवर व नकदी



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत जीटी रोड स्थित ग्राम कोषमा, कोनहरा खुर्द पंचायत निवासी रामावतार प्रसाद पिता स्वर्गीय जानकी महतो के घर से बीते 4 जुलाई को अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर 10 लाख के जेवर समेत नकदी चुराने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्त भोगी राम अवतार प्रसाद ने थाने में आवेदन देकर चोरी किए सामग्री व रुपए की खोजबीन करने की गुहार लगाई है ।भुक्त भोगी ने लिखा है कि मैं अपना घर में ताला लगाकर 4 जुलाई को हजारीबाग गया था, क्योंकि मेरा घर का निर्माण कार्य वहां हो रहा है। इसकी जानकारी अगल-बगल के पड़ोसियों को भी है। अज्ञात चोरों ने उक्त रात्रि को मेन गेट का ताला तोड़कर 10 लाख रुपए के जेवर तथा नगदी चुरा कर ले गए। सुबह मेरी बहन ने ताला खोलना चाहा तो देखा कि मेंन गेट समेत अंदर के कमरों का भी ताला टूटा हुआ है तथा सामान बिखरा पड़ा है ।पीड़ित ने सभी चोरी की हुए जेवर का विवरण आवेदन में देते हुए पुलिस से खोजबीन करने तथा चोरों को पकड़ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का राज्यस्तरीय सम्मेलन कल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव रेड्डी के निदेर्शानुसार राज्यस्तरीय महासम्मेलन स्थानीय टाऊन हॉल में 7 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे समेत तमाम बड़े नेता शिरकत करेंगे। शुक्रवार को प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला और प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रशेखर मिश्र ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी। बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संजय सिंह,प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पूरे राज्य भर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में हजारीबाग समेत तमाम जगहों के मजदूर रैयत विस्थापितों के हक अधिकार की चर्चा करने के साथ हीं हजारीबाग बड़कागांव केरेडारी के रैयत विस्थापित से मुलाकात भी करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता श्री नागवाला ने कहा कि हजारीबाग में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का कार्यक्रम होना अपने आप में ऐतिहासिक पल है जिसका लाभ यहां के मजदूर ,रैयत विस्थापितों को निश्चित रूप से मिलेगा। साथ हीं आने वाले समय में जितने भी कोल मजदूर यूनियन के के लोग रहेंगे उनके परिवार के अधिकार और हितों की रक्षा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की इकाई निश्चित तौर पर करने का काम करेगी। कांग्रेस के प्रतिनिधी कोयला उत्खनन कंपनियों के द्वारा की जा रही माइनिंग लॉ और लेबर लॉ के उल्लंघन का भी जायजा लेंगे। साथ हीं ट्रांसपोटिंग कंपनियों के द्वारा हो रहे प्रदूषण, सड़क सुरक्षा की अनदेखी ,वाहन चालकों के साथ हो रहे अन्याय की भी समीक्षा की जाएगी।

## परीक्षा में चयनित चार छात्र-छात्राओं को दिया गया स्कॉलरशिप

# विद्यार्थियों की पढ़ाई का सारा खर्च अब सेवा सहयोग समिति वहन करेगी

**सामूहिक परीक्षा में डेढ़ सौ से भी अधिक विद्यार्थी हुए थे शामिल, जिसमें चार को मिला स्कॉलरशिप**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सेवा सहयोग समिति के द्वारा जैक माध्यमिक परीक्षा में सदर विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रखंडों में सफल हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों का एक सामूहिक परीक्षा लिया गया जिसमें डेढ़ सौ विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें चार विद्यार्थियों को सेवा सहयोग समिति के द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान किया गया। इस स्कॉलरशिप में विद्यार्थी की पढ़ाई से संबंधित सारा खर्च सेवा सहयोग समिति प्रदान करेगी विद्यार्थी के रहने की व्यवस्था उन्हें स्वयं करनी होगी।

मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि सेवा सहयोग समिति द्वारा चार बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान किया गया है जिसमें प्राइवेट टीचर,किसान एवं ट्रक चालक के बच्चे शामिल है बच्चों के उज्जवल भविष्य की हम सभी कामना करते हैं साथ ही उन्हें पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करने के लिए हम लोग सदैव तैयार हैं। बच्चों के चेहरे पर एक अलग उत्सव और उमंग देखने को मिला है आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और भी बढ़ाया जाएगा।

साथ ही कहा कि अधिकांश विद्यार्थी अपने भाई-बहन, रिश्तेदार अथवा दोस्तों को देखकर विषय का चयन कर लेते हैं। रुचि नहीं होने के बावजूद कई बार परिवार व माता पिता के दबाव में विषयों का चयन कर लिया जाता है, यह सही नहीं है।

**इन विद्यार्थियों को मिला स्कॉलरशिप**

मुस्कान सिंह पिता अजीत कुमार दारू प्रखंड, पिता प्राइवेट ट्यूशन का कार्य करते हैं, नंदनी कुमारी पिता स्वर्गीय विनोद साहू कृष्णा नगर कटकमदाग प्रखंड, रोशनी सिंह पिता अरविंद कुमार सिंह पिता ट्रक चालक है,अंतू कुमार पिता राजेश कुमार मेहता सदर प्रखंड पिता किसान है



### हजारीबाग के प्राथमिक शिक्षक हुए निलंबन मुक्त : मुन्ना सिंह का किया आभार व्यक्त

**हजारीबाग।** प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के आवास पर पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया और अपने हाथों से मिठाई खिलाकर धन्यवाद दिया। कुछ दिनों पूर्व मुन्ना सिंह ने हजारीबाग की उपयुक्त, महोदया नैंसी सहाय से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें प्राथमिक शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने का अनुरोध किया गया था।फरवरी और मार्च महीनों में, कई प्राथमिक शिक्षकों को जिला शिक्षक अधीक्षक द्वारा छोटे-मोटे आरोप लगाकर निलंबित कर दिया गया था। निलंबन की अवधि तीन महीने से अधिक हो जाने के बावजूद, जिला शिक्षक अधीक्षक द्वारा शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि शिक्षकों की कमी के कारण विद्यालयों के पठन-पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। मुन्ना सिंह के प्रयासों और उपयुक्त महोदय से हुई उनकी मुलाकात के बाद, सभी प्राथमिक शिक्षकों का निलंबन समाप्त कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कदम के लिए सभी शिक्षकों ने मुन्ना सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, शिक्षक हमारे समाज का आधार स्तंभ हैं और उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

## जिस लक्ष्य के लिए झारखंड अलग राज्य बना वह अभीतक पूरा नहीं हुआ है : जयराम महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के जिला स्तरीय सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन 5 जुलाई को एनटीएस बरकाकाना घुटूवा रामगढ़ में हुआ। जिसकी संजीव साहू अध्यक्षता तथा संचालन देवानंद महतो ने किया । जिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो व विशिष्ट अतिथि पार्टी के प्रधान महासचिव फरजान खांन उपस्थित हुए ।मौके पर मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य कुछ उदेश्य के साथ हुआ था। लेकिन वह लेकिन सपना साकार नही हुआ। कहा कि दुर्भाग्य यह है कि झारखंड में आज तक स्थानीय नीति, उधोग नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति नही बन पाया है । उन्होंने सभी को अनुशासन और पार्टी के नियमों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। सम्मेलन में सभी समुदायों के लोग शामिल हुए। सम्मेलन मे झारखंड किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष व समाजसेवी पंकज महतो , आजसू पार्टी के कपिलदेव महतो, अधिवक्ता शिव प्रसाद महतो, ज्योति महतो तथा अन्य दल के लोगों ने टाइगर जयराम महतो के समक्ष जेबीकेएसएस की सदस्यता ली। सभी ने कहा कि हमलोग जयराम महतो के विचारधारा से प्रभावित होकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति में शामिल हुए हैं।

**जेबीकेएसएस के जिला स्तरीय सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन**



**कहा कि यह आगामी विधानसभा चुनाव में बदलाव का संकेत है।**

सम्मेलन में मुख्य रूप से जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान, रवि महतो, राजेंद्र बेदिया, पनेशवर महतो, संतोष टिडुवार, लीलावती महतो, रूपा महतो, शैल देवी, पवन महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, बिहारी महतो, डॉ राजेश महतो सहित केंद्रीय पदाधिकारी, जिला कोर्र कमेटी सदस्य, प्रखंड कोर्र कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य शामिल हुए।

### रामगढ़ स्पोर्टस एकेडमी की ओर से बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**रामगढ़।** रामगढ़ स्पोर्टस एकेडमी के तत्वाधान में रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूनार्मेंट 2024 प्रथम नॉकआउट टूनार्मेंट का शुभारंभ शुक्रवार को दामोदर इंडोर बैडमिंटन हॉल में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश ने दीप प्रज्जवलित कर तथा बैडमिंटन खेलकर बैडमिंटन दिवस के शुभ अवसर पर किया। इस मौके पर जेई पिंटू कुमार ,मोहम्मद फहीम , केवल कुमार, रामगढ़ के प्रसिद्ध व्यवसाय प्रवीण कुमार जैन, बैडमिंटन कोर्ट के ट्रेनर आकाश कुमार झा , विनीत कुमार ,संजय वर्मा ,भोला कुमार, रोहित कुमार, शिवम कुमार, अनिकेत अग्रवाल ,अपूर्व अनन्या,भूमिका शर्मा,खुशी आनंद, अपूर्व शर्मा विशिष्ट अतिथि अतिथि के रूप में टूनार्मेंट का का शुभारंभ किया। जानकारी देते हुए रामगढ़ स्पोर्टस एकेडमी के संस्थापक एवं टूनार्मेंट के आयोजक अरुण कुमार राय ने बताया मेंस ओपन में 32 प्लेयर 16 टीम भाग ले रहे हैं । अंडर-17 बॉयज सिंगल में 12 प्लेयर एवं अंडर-19 वूमेन एस में 6 प्लेयर पार्टिसिपेट कर रहे हैं । यह टूनार्मेंट नॉकआउट खेला जा रहा है। जिसका समापन 6 जुलाई को होगा। रामगढ़ स्पोर्टस एकेडमी के संस्थापक अरुण कुमार राय ने मुख्य अतिथि को बुक देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया । वहीं, विशिष्ट अतिथियों को को बुके देकर सम्मानित किया गया है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में हुआ दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

# अपने जड़ों से जुड़कर ही संस्कृति का संरक्षण संभव : डॉ रचना

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

आईसेक्ट विवि के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के तत्वावधान में समाज शास्त्र विभाग की ओर से सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रायोजित फॉरेस्टिंग एंटरप्रेन्योरशिप प्रिजर्विंग ट्राइबल कल्चर : करेंट आउटलुक, चैलेंजेज एंड प्रोस्पेक्ट्स इन कॉन्टेक्स्ट ऑफ आत्मनिर्भर भारत विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएनटीयू भोपाल की प्राध्यापिका डॉ रचना चतुवेर्दी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की डॉ दुमनी मय मुर्मू, बतौर मुख्य वक्ता विभावि भुगोल विभागाध्यक्ष डॉ सरोज कुमार सिंह, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि डॉ रचना चतुवेर्दी ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति को आत्मसात करने की भावना आधुनिकता की पहचान नहीं है बल्कि अपनी जड़ों से जुड़कर प्रकृति को नुकसान पहुंचाये बिना विकास के पथ पर अग्रसर होना असल में आधुनिकता की पहचान है।

- **आदिवासी संस्कृति का संरक्षण, वर्तमान समय की मांग : डॉ मुनीष गोविंद**
- **प्रकृति संरक्षण में आदिवासी समाज की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ सरोज कुमार**




## रिमझिम बारिश के बीच दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर से निकला भव्य कलश यात्रा

***जय मां काली के जयघोष से गुंजायमान हुआ हजारीबाग***

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर से नवग्रह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाला गया। जो शिवपुरी काली मंदिर से शिवपुरी चौक होते हुए लोहसिंहना रोड, बाडम बाजार, झंडा चौक से काली बाड़ी रोड होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजनोपरांत सैकड़ों महिला पुरुषों ने कलश में जल उठाया, कलश में जल उठाने के बाद कलश लेकर भक्ति भाव के साथ कलश यात्री वापस दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान रिमझिम बारिश में कलश यात्रियों का उत्साह देखते बन रहा था। उक्त पूजन अनुष्ठान में आचार्य जगदीश शर्मा के साथ साथ मथुरा, अयोध्या व वाराणसी से आए 21 विद्वतगण पाठ करेंगे। कलश यात्रा के बारे में पूछे जाने पर मुख्य यजमान प्रशांत कुमार प्रधान ने बताया कि दक्षिणी शिवपुरी में भव्य काली मंदिर का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ था। जहां मां काली की प्रतिमा के साथ साथ शिव परिवार, राम दरबार, दस महाविद्या, पंच मुखी हनुमान बटुक भैरव भगवान भास्कर दुर्गा माता, नवग्रह समेत अन्य देवी देवताओं का मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था लेकिन मंदिर में पूजा के दौरान शनि देव की मूर्ति खंडित हो गई थी। जिसके कारण नव प्रतिमा को स्थापित कर प्रतिष्ठित किया जाएगा वहीं दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने कहा दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शहर के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा दो वर्ष पूर्व हुआ था।



## एक नजर

### बिरकेरा पहुंचे भाजपा नेता नीरज बड़ाईक ग्रामीणों की सुनी समस्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड के अंतर्गत आरानी पंचायत के बिरकेरा में पिछले दो महीना से ट्रांसफार्मर खराब है ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीरज बड़ाईक गांव पहुंचे एवं ग्रामीणों से मुलाकात किया। ग्रामीणों द्वारा अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया गया कि पिछले दो माह से ट्रांसफार्मर खराब है पर किसी ने कोई सकारात्मक प्रयास अब तक नही किया। विधायक को भी गांव की समस्याओं से मतलब नहीं है। बरसात के दिनों में जंगली जानवर सहित सांप का डर बना रहता है स्कूली विद्यार्थी अंधेरा के वजह से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।गांव की समस्या सुनने के बाद नीरज बड़ाईक ने आश्वासन दिया की प्रशासन के समक्ष आपकी समस्याओं को बढ़ाकर जल्द समस्या के समाधान की मांग रखी जाएगी।

### बैंक ऑफ की समस्या को लेकर डाक बंगला में बैठक का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** डाक बंगला बानो में प्रखंड के ग्रामीणों की शुक्रवार को बैठक जगदीश बागे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से बैंक ऑफ इंडिया शाखा बानो में केवाई सी नही होने से रुपयों की निकासी नही होने पर चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि इस कार्य के लिए एक कमिटी का गठन किया जाएगा। बैठक में बारिश के कारण उपस्थित सभी पंचायत से नही हो सकी कमिटी के गठन को लेकर अगली बैठक 9 जुलाई दिन मंगलवार को 11बजे रखने का निर्णय किया गया।कमिटी के गठन के पश्चात बैंक के अधिकारियों से मुलाकात उसके बाद ठोस निर्णय लेने की बात कही गई बैठक में निर्णय लिया गया कि बाजार डुगडुगी पिटवाने तथा माइक द्वारा बैठक के बारे में प्रचार प्रसार करने की चर्चा की गई। बैठक में अनूप मिंज ने कहा कि प्रखड के दूर दराज से आये ग्रामीण बैंक में घंटों लाईन लगा कर बैंक के दरवाजे तक पहुँचते है पर के वाई सी नही होने के कारण बैंक का काम नहीं कर पाते हैं। बैठक में प्रमोद लुगुन, आनन्द मसीह तोपनो, दुलार बा ःओमोला लुगुन, सनरती डुंगडुंग आदि लोग उपस्थित थे।

### बानो थाना गेट के पास चला वाहन जांच अभियान

**बानो।** थाना गेट के समीप कोलेबिरा बानो मुख्य पथ पर बानो पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. वाहन जांच अभियान में दो पहिए चार पहिए वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी।एएसआइ सत्यनारायण कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया ।इस दौरान बिना हेलमेट पहनने वाले लोगों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी की गई अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने भी सहयोग किया।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान की जिलास्तरीय हुई शुरूआत

# इस अभियान के तहत 6 सूचकांकों को किया गया है शामिल : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को संत मेंरिज उच्च विद्यालय, सामटोली, सिमडेगा में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार ने 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत देश के 112 जिलों को शामिल किया था. इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम का उद्घाटन जनवरी 2023 में किया गया। जिसमें देश भर के 500 प्रखंडों को शामिल किया गया. इसमें सिमडेगा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड, बांसजोर का चयन किया गया है। दोनों कार्यक्रम आम नागरिकों के बेहतर जीवन शैली और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर



**आकांक्षी जिला, सिमडेगा एवं आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में नीति आयोग के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना, कृषि एवं जीविका से संबंधित सूचकांकों पर कार्य किया जाना है**

केंद्रित है।इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न उपलब्ध योजना, विभागों में अभिसरण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और चिन्हित कमियों को शत प्रतिशत दूर कर बेहतर परिणाम हासिल करना है। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को नीति आयोग अंतर्गत संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान से संबंधित विषय वस्तु की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 6 सूचकांकों को चुना गया है। नीति आयोग के द्वारा चिन्हित आकांक्षी जिला सूचकांक में स्वास्थ्य एवं पोषण के सूचकांक हैं। जिसमें प्रथम तिमाही के अंदर सभी गर्भवती महिलाओं प्रसव पूर्व जांच, जिले के सभी 30 वर्ष से अधिक के लोगों का उच्च रक्तचाप जांच, जिले के सभी 30 वर्ष पूरा कर चुके लोगों का मधुमेह की जांच, सभी जीविका समूह के बीच रिवाल्विंग फंड का वितरण, सभी गर्भवती महिलाओं के बीच बाल विकास परियोजना विभाग के द्वारा पूरकपोषाहार का वितरण एवं कृषि विभाग के द्वारा संग्रह किए गए सभी मिट्टी का लेबोरेटरी में जांच कर स्वास्थ्य मिट्टी कार्ड निर्गत करना है। साथ ही आकांक्षी जिला में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत संपूर्ण टीकाकरण को भी लिया गया है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए संपूर्णता अभियान के तहत प्रमुख संकेतकों की संतृप्ति के महत्व पर जोर दिया।

## राजद ने मनाया 28वां स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। जयनगर** सांस्कृतिक भवन में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी का झंडा को लहराते हुए किया। अध्यक्षता इरशाद आलम व संचालन बलराम यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से पूर्वी भाग से राकेश यादव व पश्चिमी भाग से इरशाद आलम को कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि गठबंधन से अपनी पार्टी चुनाव लड़ेगी। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी तैयारी कर रही है। पार्टी अपना उम्मीदवार आलाकमान के निर्देश पर उतारने का काम करेगी। प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक बूथ कमेटी और सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को राजद नेता मुमताज आलम ने लालू प्रसाद के विचारों को लोगों के सामने रखा। मौके पर हाशिम खान, राकेश यादव,रामाशंकर यादव, विनोद कुमार राज, सूरज कनौजिया, परशुराम यादव, रियाज अंसारी राजेंद्र रविदास, प्रमोद यादव, विजय दास, बबलू शर्मा, रामलाल यादव, बिट्ठू कुमार आदि मौजूद थे।



### बीओआई का एनपीए ऋण खातों के निपटान के लिए समझौता दिवस 11 को

**मरकच्चो।** बैंक ऑफ इंडिया अपनी सभी शाखाओं में एकमुश्त समझौता के तहत उधारकताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए 11 जुलाई को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मरकच्चो शाखा के प्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकताओं के लिए आयोजित किया गया है, जो उधारकर्ता व्यवसाय, चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है।

### ग्रामीणों के लिए आय का प्रमुख साधन बना डोरी

**सिमडेगा।** वैसे तो महुआ फूल की उपयोगिता शराब बनाने के लिए होती है। वहीं इसके फल यानी की डोरी का उपयोग तेल निकालने के लिए भी किया जाता है। महुआ फल से निकलने वाला डोरी तेल काफी उपयोगी है। ग्रामीण इसका उपयोग खाने के लिए तो करते ही है। साथ ही इसके औषधीय गुण के कारण बाजार में भी बिकता है। जिससे ग्रामीणों को आमदनी भी हो जाती है। इन दिनों महुआ का फल पक कर जमीन पर गिर रहा है। जिसे ग्रामीण संग्रहित करने में व्यस्त है। ग्रामीणों ने बताया कि वे महुआ का फल से तेल निकलवाते हैं। जिसे डोरी तेल कहते हैं। उन्होंने बताया कि फल को तेज धूप में कुछ दिन के लिए सुखा कर रख दिया जाता है।

## मौसम में बदलाव से अस्पताल में मरीजो का बढ़ा आंकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पिछले कुछ दिनो से मौसम में हो रहे उतार चढाव के कारण वायरल फीवर सहित कई तरह की संक्रामक बीमारियां बढने लगी है। इन दिनो अस्पतालो में बुखार, बदन दर्द, पेचीस की शिकायत लेकर आने वाले रोगियो की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। सदर अस्पताल के आउट डोर में दिखाने आने वाले मरीजो की संख्या प्रतिदिन 150 से 200 हो गई है। मरीजो की संख्या बढने से अस्पताल की व्यवस्थाएं भी गड़बड़ाने लगी है। भीड़ भाड़ के चलते अस्पताल आने वाले मरीजो को उपचार लेने में अन्य दिनो की अपेक्षा अधिक समय लग रहा है। लंबी कतारो के चलते अस्पताल



दिखाने आने वाले एक मरीज को अपना उपचार कराने में करीब एक घंटा लग रहा है।

इसमें अस्पताल आने वाले मरीजो को सबसे पहले पर्ची लेने के लिए करीब 15 मिनट तक लाईन में लगना पडता है। इसके बाद चिकित्सक के चेम्बर में भीड के चलते भी मरीज को आधा घंटा इंतेजार के बाद नम्बर मिल रहा है। चिकित्सक को दिखाने के बाद निःशुल्क दवा वितरण केंद्र पर भी मरीजो को करीब 15 मिनट तक कतार में लगना पड रहा है। सदर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजो में ज्यादातर बुखार, उल्टी, दर्द, दस्त, सर्प दंश और सडक दुर्घटना के पीडित रहते है।

### परिवार नियोजन कार्यक्रम में जिले में किया लक्ष्य के अनुरुप कार्य

**सिमडेगा।** जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण एवं नसबंदी किया जाता है। बंध्याकरण एवं नसबंदी के लिए लोगों को जागरुक करने हेतु प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान है। जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया जाता है। वर्ष 2023 में परिवार नियोजन के तहत निर्धारित लक्?य को लगभग पुरा कर लिया गया है। पुरुष नसबंदी के लिए 274 का लक्ष्य निर्धारित था। जिसमें 275 लोगों का नसबंदी किया गया। वहीं महिला बंध्याकरण के लिए 4100 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें 4088 महिलाओं का बंध्याकरण हुआ।

## रांची पहुंचे सिमडेगा के खिलाड़ी



### ताइक्वांडो चम्पियनशिप 2024 में भाग लेंगें सभी खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** राजधानी रांची में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक होने वाली राज्य स्तरीय सब जूनियर एंव जूनियर बालक बालिका ताइक्वांडो चम्पियनशिप रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलादली में होना है ताइक्वांडो संघ के सचिव जुनास डांग के नेतृत्व में शुक्रवार को सिमडेगा जिला से बालक एंव बालिका कुल 20 प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाने के लिए रवाना हुए सिमडेगा जिला से राष्ट्रीय रेफरी मनी कुमारी एंव कोच डेविड लुगून साथ में गये । प्रतिभागियों को जिला खेल पदाधिकारी, प्रवीण कुमार एंव नगर परिषद के प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो ,सिमडेगा जिला ओलिमपिक संघ के सचिव तौकीर उस्मानी तथा जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष जवाहर चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना कियाजिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार एंव नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकरअच्छा प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल करके जिला का मान बढ़ाने की बात कही । मौके पर संयुक्त सचिव सह राष्ट्रीय रेफरी अजय सिंह तथा प्रशिक्षक मारकुस कुजूर उपस्थित थे।

### डिजिटल पंचायत जुड़े सीएससी संचालकों को मिला प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड सभागार में डिजिटल पंचायत के तहत कार्यरत सभी सीएससी संचालकों के ऑनलाइन उन्मुखीकरण हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन डीपीआरओ दयानंद कार्जी के द्वारा किया गया। उन्होने कहा कि सीएससी के माध्यम से पंचायत स्तर पर आम जनों को सभी प्रकार की सरकारी सेवा प्रदान कराने हेतु डिजिटल पंचायत परियोजना का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पसर मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद, जिला प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा एवं डीपीएम शेफर्ड तिर्की द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने सीएससी संचालको को पंचायत अंतर्गत मनरेगा की गतिविधियों एवं उसके पोर्टल पर इंट्री की विस्तृत जानकारी प्रदान दी। इसके अलावे ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम से संबंधित रूपरेखा एवं उसमें पंचायती राज से जुड़े सीएससी संचालकों की भूमिका से उन्हें अवगत कराया गया।

### भाजपा नेता ने राहुल गांधी के बयान की करी आलोचना

**सिमडेगा।** भाजपा नेता अनूप केशरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राहुल गांधी के बयान की निंदा की है। उन्होने कहा कि 18वीं लोकसभा के संसद भवन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा हिंदू को हिंसक बताया जाना निंदनीय है। अनुप ने राहुल गांधी के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता होते हुए किसी भी समाज या धर्म के को हिंसक बतलाना दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व के करोड़ हिंदुओं को हिंसक एवं नफरत फैलाना वाला बताया जाना कांग्रेस की मानसिकता को दशार्ता है। उन्होने कहा कि सनातन एवं हिंदू भारत देश के मूल आत्मा है, हिंदू समाज सहनशीलता उदारता और कृतज्ञता का उदाहरण है। हिंदू कभी भी अपनी बात नहीं करता है सभी समाज को साथ लेकर चलने और पूरे विश्व का कल्याण की बात करती है। उन्होने राहुल गांधी से बयान को लेकर माफी मांगने की बात कही।

### डिजिटल पंचायत जुड़े सीएससी संचालकों को मिला प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड सभागार में डिजिटल पंचायत के तहत कार्यरत सभी सीएससी संचालकों के ऑनलाइन उन्मुखीकरण हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन डीपीआरओ दयानंद कार्जी के द्वारा किया गया। उन्होने कहा कि सीएससी के माध्यम से पंचायत स्तर पर आम जनों को सभी प्रकार की सरकारी सेवा प्रदान कराने हेतु डिजिटल पंचायत परियोजना का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पसर मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद, जिला प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा एवं डीपीएम शेफर्ड तिर्की द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने सीएससी संचालको को पंचायत अंतर्गत मनरेगा की गतिविधियों एवं उसके पोर्टल पर इंट्री की विस्तृत जानकारी प्रदान दी। इसके अलावे ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम से संबंधित रूपरेखा एवं उसमें पंचायती राज से जुड़े सीएससी संचालकों की भूमिका से उन्हें अवगत कराया गया। सीएससी के जिला प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा के द्वारा गवर्नमेंट टू सिटीजन सेवाओं एवं अन्य सेवाओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने चलाया अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी

**सिमडेगा।** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में वभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह दिनांक- 27जून से 03जुलाई तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 790 किलोग्राम जावा महुवा और 29 लीटर देशी महुआ शराब विनष्ट किए गए एवं अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है। सिमडेगा पुलिस ने कहा कि सिमडेगा की जनता से अनुरोध है कि, अवैध शराब की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। अपने आस पास के लोगों को जागरूक करें और अवैध शराब बनाने और बिक्री करने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण कक्ष मोबाईल न- 9262998531 पर निश्चित रूप से दें।

### बिजली हमारे जीवन का बन गया है अभिन्न अंग : विधायक भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से शुक्रवार को कुरडेग के सर्फमुंडा में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन विधायक ने शुक्रवार को विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि आज के समय मे बिजली बहुत जरूरी है। बिजली के बिना हमारा जीवन अधूरा सा लगता है। लेकिन कई बार हमलोग बिजली का दुरुपयोग करने लगते हैं। हमे फुजलखर्ची बिजली खर्च करने की आदत बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की हर जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। अमीरी गरीबी, जात पात, धर्म से ऊपर उठकर जनता की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। सुदूर क्षेत्र में स्थित गांव का तेजी से विकास किया जा रहा है। विधायक ने सरकार के बिजली माफी योजना की भी जानकारी दी। साथ ही योजना का लाभ लेने की अपील की। विधायक ने कहा कि बिजली का बल्ब जलाने के बदलने में अब कोई भी ग्रामीण को पैसा देने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए 200 यूनिट तक बिजली बिल माफी योजना लाई है। जिसका लाभ हर उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

### क्षेत्र का विकास और गांव की समस्या दूर करने के लिए कांग्रेस से जुड़ें ग्रामीण : विधायक



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा शुक्रवार को कुरडेग प्रखंड के खालीजोर नवापारा गांव पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनी। साथ ही ग्रामीणों की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का अस्वाशन दिया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संजीदगी के साथ काम रहे हैं। ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं सभी का बारी-बारी से निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में ब्याप्त बहुत सारी समस्याओं का निदान कर दिया गया है। आगे और तेज गति के साथ समाधान किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार विभिन्न प्रकार की योजना धरातल पर उतारा है। इसका लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें। आने वाले समय में और अधिक जनोपयोगी और जन कल्याणकारी विभिन्न प्रकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। जिससे कि आप ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास और गांव समाज की समस्या दूर करने के लिए आप सभी ग्रामीण कांग्रेस से जुड़ें। कांग्रेस पार्टी ही जाती धर्म की भावना से उपर उठकर जनता की सेवा करेगी। विधायक ने भाजपा, झापा जैसी पार्टियों से बचने की भी अपील की।पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर लगातार अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारा जा रहा है मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,विधायक प्रतिनिधि गुड्डु खान,विधायक प्रतिनिधि निरोज बड़ा,प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,सहित नवापारा के ग्रामीण उपस्थित थे।

### राजद की 28 वीं स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय जनता दल की 28वीं स्थापना दिवस के मौके पर सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में राष्ट्रीय जनता दल की बैठक दिनेश प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। मौके पर स्थापना दिवस मनाया गया। वहीं लोगों में पार्टी के प्रति समर्पण की भावना देखा गया ।अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने कहा राजद असहाय मजलूम और निरीही लोगों की पार्टी है आज के परिवेश में राजद ही एक ऐसी पार्टी है जो जनहित के लिए संघर्ष करती है ।कुछ लोगों ने कहा कि देशभर में बढ़ते अत्याचार एवं विभीषिका को समूल नष्ट करने की क्षमता सिर्फ राजद के पास है अध्यक्ष ने कहा कि मौलिक अधिकारों के लिए आंदोलन करने की तैयारी की जाएगी। बिजली, पानी एवं शिक्षा का सुलभ और सुचारू रूप से लोगों तक पहुंचने में सरकार नाकाम रही .इसके लिए सरकार की आलोचना होनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड में आने वाले सरकार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में कोलेबिरा एवं सिमडेगा में अपना उम्मीदवार उतरेंगे अंत में चंद्रकांत मेहर जिला उपाध्यक्ष ने भी अपनी बातें रखी। इस मौके पर राजू प्रधान दशरथ मांझी, सुनील साहू, मनोहर महतो ,संजय यादव, जनक गोप, प्रभाकर कुमार ,हेमंत देवगन ,गोपाल, उमेश, सहित कई लोग उपस्थित रहे।




## ठेठईटांगर रथयात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# सोशल मीडिया पर रखी जायेगी विशेष नजर : थाना प्रभारी

- किसी तरह की गड़बड़ी होने पर तुरंत थाना को सूचि करे

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर बताया गया कि प्रखंड क्षेत्र मे टुकुपानी, खजूरटांड, केरेया, ताराबोगा में रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। थाना प्रभारी ने सभी लोगों को सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ त्यौहार मनाने की अपील की एवं रथ यात्रा के लिए लाइसेंस धारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर तुरंत थाना को सूचना दे ताकि मौके पर प्रशासन पहुंचकर मामले को निपट सके उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार का आपत्तिजनक सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट देखी जाती है तो संबंधित व्यक्ति के ऊपर



कारवाई की जाएगी। वही उन्होंने कहा कि अवैध शराब सघन वाहन जांच अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि रथयात्रा के दौरान किसी को कोई भी परेशानी ना हो बताते चले टुकुपानी ,ताराबोगा, खजूरटांड रथ यात्रा 07 जुलाई को होगी एवं केरया में 08 जुलाई सोमवार को जगन्नाथ,बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी। बैठक में रजनीकांत टुकुपानी, राजू सिंह, नरेंद्र बडाईक ,चंद्रभान सिंह, बसंत प्रधान ,बालमुकुंद सिंह ,श्रवण सेनापति, वेद प्रकाश प्रधान ,विजय ठाकुर ,बंधु मांझी ,संजय प्रसाद ,अरुण कुमार एवं शांति समिति के सदस्य एवं रथ यात्रा समिति के सदस्य मौजूद थे।

### खुले में मांस मछली बेचने वाले दुकानदारों से वसुला गया जुर्माना

**सिमडेगा।** खुले में मांस मछली की बिक्री के खिलाफ नप के द्वारा शुक्रवार को जांच अभियान चलाया गया। नप के प्रशासक सुमित कुमार महतो के निर्देश पर सीटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह और सफाई जमादारो ने बाजार टांड़ स्थित दुकानो का निरीक्षण किया। मौके पर खुले में मांस मछली बेच रहे दुकानदारो को चेतावनी देते हुए जुमार्ना भी वसुला गया। सीटी मैनेजर ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार खुले में रखकर मांस मछली की बिक्री पुरी तरह से प्रतिबंधित है। उन्होने सभी दुकानदारो से कटे हुए मांस को तय मापदंड के आधार पर ढ़क कर रखने की बात कही।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का फुका पुतला, कहा-

# हिंदू विरोधी है राहुल गांधी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

बजरंग दल सिमडेगा के द्वारा महावीर चौक में जिला संयोजक आनंद जायसवाल की अगुवाई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान पुतला दहन करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई । मौके पर राहुल गांधी मुदार्बाद के नारे लगाए गए। मौके पर जिला संयोजक आनंद जायसवाल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा फिरोज खान का पोता राहुल खान को अपने आप को काल्पनिक हिंदू मानते हुए जिसको हिंदू धर्म के बारे में कुछ मालूम नहीं वह बचपन में बालक की तरह व्यवहार करते हुए संसद के अंदर हिंदू धर्म को हिंसक बता रहा है। राहुल गांधी के इस बयान की कड़ी




निंदा की जाती है और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से तत्काल इसकी सदस्यता रद्द की मांग करते है। मौके पर उन्होंने कहा कि संसद में हिंदू हित की बात करें, ना कि हिंदू धर्म के खिलाफ उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा राहुल गांधी को प्रतिपक्ष नेता बनाया गया ये प्रतिपक्ष नेता लायक नहीं जो संसद की मयार्दा को तार-तार करें। नगर संयोजक मानस प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी के वंशज अलग-अलग समुदाय से हो वह अपने आप को हिंदू हितैषी की बात करता है यह बड़े शर्म की बात है। राहुल गांधी की सोच और उसके बचकाना हरकत से साफ जाहिर होता है कि वह सिर्फ तुष्टिकरण और धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास कर सकते हैं। बजरंग दल किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करता है लेकिन हिंदू धर्म के खिलाफ टीका टिप्पणी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक आने वाले दिनों में आंदोलन करेगी। राहुल गांधी को हिंदू समुदाय से माफी मांगने की बात कही। मौके पर विहिप जिला मंत्री कृष्णा शर्मा,सह मंत्री सुबोध महतो, सुमित गुप्ता, प्रतीक, पंकज, राजेंद्र, अजय सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं उपस्थित थे।

## एक नजर

### सरकार का रवैया ठीक नहीं : आजसू

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी जमशेदपुर प्रखंड कमिटी ने शुक्रवार को गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड मुख्यालय पर हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत पांच सूत्री मांग पत्र अंचलाधिकारी को सौंपा गया। इससे पहले उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि झारखंड की सरकार असंवेदनशील हो गई है। राज्य में चारो ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकारी कार्यालय इसके अड्डे बने हुए हैं। आम लोगों को अपने काम केलिए महीनों चक्कर लगाना पड़ता है। अगर यही रवैया रहा तो पार्टी जनता इसका माकूल जवाब देगी पार्टी कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी पार्टी जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने झामुमो सरकार एवं उसके विधायकों पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर यही रवैया रहा तो जनता सरकार का हुड़का जाम करने से परहेज नहीं करेगी। कहा कि राज्य में पहले प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग होती थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री बदले व बनाये जा रहे हैं। इससे पहले प्रखंड अध्यक्ष निरंजन महतो के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता नारेबाजी करते व पैदल मार्च करते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचे।

### इंस्टाग्राम रील्स से शुरू हुए विवाद के बाद चाकूबाजी, तीन युवक घायल

**सिदगोड़ा।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत न्यू बारीडीह पार्क के पास पुराना झगड़ा सुलझाने गए दो पक्षों में मारपीट हो गई. मौके पर जमकर चाकूबाजी हुई। इस घटना में एक पक्ष से सुमित सिंह, अरुण लोहार और गुरनाम घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। सुमित सिंह और अरुण लोहार को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि गुरनाम को अंदरुनी चोट आई है। इस संबंध में सिदगोड़ा थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई है। गुरनाम ने बताया कि इंस्टाग्राम में रील्स शेयर करने को लेकर टिनप्लेट निवासी इंद्रजीत सिंह के साथ बहसबाजी हुई थी। दोनों एक-दूसरे को फोन पर धमकी देने लगे।

### किसान के 25 मवेशी हुए गायब चोरी की आशंका

**सिंहपुरा।** थाना क्षेत्र के सिंहपुरा टोला नामोशोल से विगत 20 दिनों में 25 दुधारू मवेशी गायब हो गए हैं। इनमें अधिकतर मवेशी नामोशोल के किसान अतुल कुमार महतो के हैं। अतुल कुमार महतो ने इस संबंध में गुड़ाबांदा में शिकायत दर्ज कराया है। किसान अतुल कुमार महतो दिन रात अपने मवेशियों को ढूंढ रहे हैं। इतने सारे मवेशियों के एक साथ गायब हो जाने से किसान चिंतित है।

---

जिला कृषि पदाधिकारी ने टीम के साथ तिसरी में कृषि फॉर्म की भूमि का किया निरीक्षण, कहा

# अतिक्रमण की मिली थी सूचना दो-तीन दिनों में मापी होगी शुरू

### समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका की है दायर



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीज गुणन प्रक्षेत्र ( कृषि ) फॉर्म की जमीन 24.46 एकड़ रकवा वाली भूमि के मापी का रास्ता साफ हो गया है। इसको लेकर शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी सुरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ तिसरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहले अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद से मुलाकात कर जमीन का नक्शा उपलब्ध कराया साथ ही मापी के लिए वातालाॅप भी किया। जिसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ कृषि फॉर्म की जमीन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि तिसरी में कृषि फार्मा की भूमि पर अतिक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है। इसी के मद्देनजर फार्म की भूमि का निरीक्षण किया गया। दो तीन दिनों बाद मापी प्रारम्भ कर दी जाएगी। जिसके बाद जमीन को चिन्हित कर बॉउंड्री वॉल व फेंसींग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां कृषि पाठशाला, डेयरी फार्मा जैसी चीजों को स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा। गौरतलब है कि कृषि फॉर्म की उक्त जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत व उक्त जमीन की मापी करवाने को लेकर जमुनियाटांड निवासी राजकुमार शर्मा ने कई दफा मांग की। उन्होंने पिछले वर्ष इसके खिलाफ भूख हड़ताल भी किया था लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अंत तक हर कर राजकुमार शर्मा ने इसके विरुद्ध उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर दी। जिसके बाद तिसरी के अंचलाधिकारी द्वारा उक्त जमीन की मापी का आदेश निकाला गया।

# घोड़ानेगी गांव में झुंड से बिछड़े दो हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंडों में इन दिनों जंगली हाथी का उत्पात है। गुरुवार की रात चांडिल वन क्षेत्र के अंतर्गत घोड़ानेगी गांव में झुंड से बिछड़े दो हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस संबंध में चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि दो की संख्या में जंगली हाथी ने घोड़ानेगी गांव में पांच लोगों के मकानों को क्षतिग्रस्त किया है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल तीन अलग-अलग झुंड में हाथी बंटे हुए हैं। गांव पहुंचे हाथी ने राशन दुकान समेत पांच मकानों को ध्वस्त कर मकान के अंदर रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की मध्य रात्रि 12 से 1 बजे के आसपास झुंड से बिछड़े एक विशाल हाथी घोड़ानेगी गांव में प्रवेश किया। हाथी ने घोड़ानेगी निवासी गयाराम महतो के घर का दीवार तोड़कर घर के अंदर रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। हाथी के उत्पात के बीच घर का दीवार गिरने से घर के अंदर रखा प्रवीण कुमार महतो की मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।जंगली हाथी ने घोड़ानेगी निवासी भीम सतपति के राशन दुकान का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर रखे दाल, चावल, चना, गुड़, आटा, आलू समेत अन्य सामान चट कर गए। जिस समय हाथी जयराम महतो के मकान का दीवार तोड़ रहे थे, उस समय मकान के अंदर सो रहे जयराम महतो व प्रवीण महतो ने अपने परिवार के साथ दूसरे रास्ते से भागकर जान बचाई।



## न्यूज बॉक्स

### राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने बोला हल्ला, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**गिरिडीह।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने शुक्रवार को हल्ला बोला. राज्यव्यापी आंदोलन के अंतर्गत गिरिडीह में भी पार्टी कार्यकर्त्ता एकजुट हुए और रैली निकालकर जोरदार नारेबाजी करते हुए गिरिडीह सदर प्रखंड कार्यालय पहुंचे. इस दौरान पार्टी के अगुवायों ने बीडीओ गणेश राजक को 11 सूत्री मांग से सम्बंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी नेताओं ने जमीन संबंधित दाखिल-खारीज के लिए अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों को अविलंब निष्पादन, पंजी 2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई, अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान, छात्र-छात्राओं के छात्रवृति के लिए जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में शीघ्रता, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर करने, प्रखण्ड में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रखंड अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसर सुनिश्चित करने, सरकारी योजनाओं में प्रखण्ड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दिए जाने, सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्वाध रूप से करने, राशनकार्ड धारियों को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था, खराब पड़े सभी चापाकलों की जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की है।

### अवैध खंतों को किया गया ध्वस्त एसडीपीओ ने धंधेबाजों को चेताया



**गिरिडीह।** सीसीएल इलाके में संचालित अवैध खंतों पर शुक्रवार को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई में एसडीपीओ बिनोद रबानी, सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बसाब चौधरी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पिकेट प्रभारी सुबोध कुमार दलबल के साथ मौजूद थे. बता दें कि यह कार्रवाई मांझी टोला जेटके समेत अन्य इलाके में की गयी। मौके पर दर्जनों खंतों को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त कर दिया गया। इस बाबत एसडीपीओ बिनोद रबानी ने धंधेबाजों को कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि गिरिडीह पुलिस जीरो टोलरेंस नीति पर काम कर रही है। किसी भी सूरत में अवैध शराब, गौ तस्करी या फिर लोटरी या अन्य अवैध धंधें का संचालन होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खंतों का संचालन करने नहीं दिया जाएगा। वे स्वयं इस पर निगरानी कर रहे हैं। साथ ही इन अवैध खंता संचालकों को चिन्हीत कर सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने व्यवसायियों की साथ की बैठक सुरक्षा पर हुई चर्चा




**तिसरी** एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर जिले भर के विभिन्न थानों में व्यवसायिक वर्ग के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को तिसरी थाना परिसर में इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो और थाना प्रभारी संजय नायक की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के विभिन्न व्यवसायियों के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधित विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिया है। बैठक में व्यवसायियों को अपनी दुकान के अंदर और मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कैमरे का स्टोरेज कम से कम एक माह तक रखने की भी बात कही गई। इसके अलावे दुकान में यदि कोई चेहरा ढक कर आ रहा है तो उसके ढ़के हुए चेहरे को खोलने पर ही दुकान में आने दें। साथ ही कोई संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही गयी।

### सीसीएल में नेतृत्व और क्षमता निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** सीसीएल में शुक्रवार को 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से 'नेतृत्व और क्षमता निर्माण' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को चार विस्तृत सत्रों में संरचित किया गया था। प्रत्येक सत्र प्रतिभागियों को प्रमुख सीआईएल कोयला ब्लॉकों पर रणनीतिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। कार्यशाला को आरके सिंह, जीएम (अन्वेषण), सीएमपीडीआई सहित विशेषज्ञ संकाय द्वारा समृद्ध किया गया था, जिन्होंने 1 बिलियन टन उत्पादन लक्ष्य और जीएम (परियोजना मूल्यांकन और विकास) में योगदान देने वाले भूवैज्ञानिक ब्लॉकों की स्थिति का गहन विश्लेषण प्रदान किया था। उन्होंने इस विषय पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की।उद्घाटन सत्र में निदेशक (टी/ऑपरेशन) हरीश दुहान की उपस्थिति थे। उन्होंने कार्यशाला को शुरू करने के लिए एक प्रेरक भाषण दिया। कार्यशाला ने प्रतिभागियों को नेतृत्व कौशल और रणनीतिक ज्ञान से सुसज्जित किया।

## मुख्यमंत्री बहन-बेटी मईं-कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू, मिलेंगे एक हजार रुपये प्रतिमाह

**रांची।** राज्य में महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी मईं-कुईं स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्यता भी तय की गयी है। आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका का पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार का अंत्योदय अन्न योजना कार्ड, पीला रंग का राशन कार्ड, गुलाबी कार्ड या सफेद राशनकार्ड धारी को इसका लाभ मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले परिवार को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ईपीएफ धारी महिला इस योजना की पात्र नहीं होगी। अन्य किसी योजना से पेंशन पा रही महिला को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा। महिला विकास विभाग ने योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार की आवश्यकता को अनिवार्य किया है और बैंक खाता या पोस्ट ऑफिस का खाता से आधार लिंक कराना होगा। हालांकि, जिनका आधार लिंक नहीं है वे भी दिसंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकार का मानना है हर माह 1000 रुपये की राशि से महिलाओं का शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सहित हर छोटी-छोटी जरूरतें पूरी की जा सकेंगी।

### स्टेशन फायरिंग मामले में अमन को बनाया गया आरोपी

**टाटानगर ।** टाटानगर स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार नीरज दुबे को गोली मारने के मामले में रेल पुलिस ने बागबेड़ा गाड़ाबासा निवासी अमन सिंह को भी आरोपी बनाया है। जेल में बंद नीरज दुबे से पूछताछ के बाद रेल पुलिस के दारोगा ज्योति रजवार ने यह कार्रवाई की है। उसकी तलाश में छापेमारी भी की गई थी, लेकिन वह घर में नहीं मिला। इससे उसके पिता को थाना या कोर्ट में सरेंडर कराने का आदेश दिया था। पूछताछ के लिए अमन सिंह रेल थाना नहीं आया। अब रेल पुलिस अमन के खिलाफ वारंट लेने में जुटी है, जिसकी तैयारी की जा रही है।

# नेशनल सीड्स कॉरपोरेशन पोटका लैम्पस को नहीं दे रहा धान का बीज

**रांची।** धान का बीज नहीं मिलने पर आंदोलन की दी चेतावनी पोटका में नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन रांची ने 100 क्विंटल धान बीज उपलब्ध कराने की लेकर अंतिम समय में हाथ खड़े कर दिए हैं, जबकि पोटका लैम्पस से 30 मई को 2 लाख तीन हजार की राशि का डीडी बनाकर भेज दिया गया था। धान का बीज मिलने से पोटका के साढ़े तीन हजार किसानों को आसान किस्तो पर इसे उपलब्ध कराया जाता। भाजपा नेता उपेंद्र सिंह सरदार ने झारखंड सरकार से जल्द इस दिशा में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल्द धान का बीच नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उन्होंने आरोप लगाया है राशि जमा होने के बाद भी नेशनल सीड्स कॉरपोरेशन रांची द्वारा धान बीज उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर करना गलत है। पोटका लैम्पस के सचिव खुदीराम बेसरा, आसनबनी लैम्पस के सचिव मनिंदर महतो व अध्यक्ष विभीषण सरदार ने भी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने आशंका जताई है कि पोटका के धान बीज को कालाबाजारी में खपा दिया गया है। इस वजह से डिमांड ड्राफ्ट जमा होने के बाद भी धान का बीच नहीं मिला। इसकी जांच की मांग सरकार से की गई है। फोन नहीं उठा रहा नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन : राखाल साहू खेती के ऐन वक्त पर पोटका में नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन द्वारा बीज उपलब्ध नहीं कराने से किसानों, लैम्पस सचिव सभी हैरान हैं। आलम यह है कि पोटका प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राखाल प्रसाद साहू द्वारा लगातार संपर्क किए जाने के बाद भी अब धान आपूर्ति करने वाली रांची की यह संस्था फोन नहीं उठा रही है। इसे लेकर पोटका के पांच लैम्पस कार्यालय पोटका, टांगराईन, कोवाली, नारदा आसनबनी के लैम्पस धान बीज के इंतजार में रोजाना चक्कर लगा रहे हैं, जबकि धान बीज के अभाव में लैम्पस कार्यालय में उदासी छाई हुई है।

### रांची में सेना भर्ती रैली 27 से 10 अगस्त तक



**रांची।** झारखण्ड राज्य के लिए 2024-25 का सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक खेलगांव रांची में आयोजित होगा। सेना भर्ती रैली की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। सेना भारती कार्यालय और जिला प्रशासन ने मिलकर शुक्रवार को ग्राउंड और रेस्ट एरिया, मार्शलिंग, रन ट्रैक, डॉक्यूमेंटेशन, मेडिकल का चयन किया गया। इस सेना भर्ती रैली में जिला प्रशासन की और से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान निदेशक सेना भर्ती, रांची, कर्नल विकास भोला, जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ सुदेश कुमार, मुकुंद टोप्पो, सुरक्षा अधिकारी राखी गुप्ता, डीएसपी (सदर) रांची, संजीव बेसरा एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। सेना भर्ती के दौरान सभी होने वाले तैयारियों की जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार व अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची राजेश्वर नाथ आलोक को दी गई है।

### धनबाद के 6510 छात्रों को मिलेगी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, जिला स्तरीय समिति ने दी मंजूरी



**धनबाद।** धनबाद जिले में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (वित्तीय वर्ष 2023-24) के तहत छात्रवृत्ति स्वीकृति के लिए शुक्रवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में कुल 6510 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भुगतान की स्वीकृति दी गई। डीसी ने प्रभारी कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद को एक सप्ताह के अंदर छात्रवृत्ति का भुगतान करने का निर्देश दिया। डीसी ने बचे हुए विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से भौतिक सत्यापन कराकर भुगतान के लिए दिशा-निर्देश दिया। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### चिरकुंडा में अवैध लॉटरी टिकटों के साथ युवक गिरफ्तार

**धनबाद।** चिरकुंडा के जूनकुदर फाटक के समीप पान गुमटी में छापेमारी कर पुलिस ने अवैध लॉटरी टिकटों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गुमटी संचालक का नाम असरफ अली अंसारी है। यह जानकारी एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने शुक्रवार को मैथन स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पिछले कई दिनों से जूनकुदर फाटक स्थित पानी गुमटी में अवैध लॉटरी टिकटों की बिक्री की सूचना मिल रही थी। इसमें कहा गया था कि गुमटी संचालक असरफ अली अंसारी आम लोगों को झूठा प्रलोभन देकर लॉटरी की बिक्री करता है। इसके एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार को छपेमारी कर असरफ अली अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने पान गुमटी के बगल स्थित अंडा दुकान में छुपाकर रखे नगालैंड प्रिंट के 6 बंडल लॉटरी टिकट, दो ओप्पो मोबाइल फोन व 700 रुपए नकद जब्त किए है। बरामद मोबाइल फोन में अवैध लॉटरी की खरीद-बिक्री के विवरण मिले हैं। उन्होंने बताया कि असरफ अली के खिलाफ चिरकुंडा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रेसवार्ता में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# चंडीगढ़ के सस्ते शराब को झारखंड में बेचने का चल रहा था खेल, उत्पाद विभाग ने किया ट्रक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को मुफ्फसिल थाना इलाके के पपरवाटांड टोल टैक्स के पास से अवैध शराब लोड एक ट्रक को जब्त किया है. जब्त ट्रक से उत्पाद विभाग की टीम ने 50 लाख से अधिक मूल्य के शराब की खेप को बरामद किया है। यहां बता दें कि जिस तरीके से ट्रक में शराब के खेप को ले जाया जा रहा था उससे कोई अंदाजा ही नहीं लगा सकता है कि इसमें शराब ढोकर ले जाई जा रही है। दरअसल धंधेबाज पुरे प्लानिंग के साथ धान के भुस्से को बोरे में भरकर और फिर इसके पीछे शराब की पेटी को छुपाकर गंतव्य की ओर ले जाने की फिराक में थे। लेकिन उत्पाद विभाग को इसकी भनक लग गई और टीम ने कार्रवाई करते हुए खेप को बरामद कर लिया।

इस बाबत जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक महेंद्र देव सिंह ने बताया कि संदेह होने पर ट्रक को रोका गया। इस दौरान ट्रक में सवार धंधेबाज और चालक मौके से भागने लगा जिसे टीम ने दबोच लिया।

इसके बाद ट्रक की जांच की गयी तो इम्पेरियल ब्लू और मैकडोवेल्स ब्रांड का 619 पेटी जिसमें 5 हजार 4 सौ 79 लीटर अवैध शराब थी उसे बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि जब्त शराब चंडीगढ़ का है और कम मूल्य में मिलने के कारण उसे इधर लाकर बेचने की तैयारी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में धंधेबाज और चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में पटना के अकिलपुर, पानापुर का विक्रम राय और पलामू जिले के पतन, शिकीकला का धर्मेन्द्र कुमार शामिल है। पूछताछ में गिरफ्तार धंधेबाजों ने शराब के खेप को दुमका ले जाने की बात कबूल की है। मामले की जांच की जा रही है। साथ ही धंधे से जुड़ें अन्य लोगों का पता लगाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डोरंडा कॉलेज में आने-जाने वालों से कोई पूछताछ नहीं




**रांची। नवीन मेल संवाददाता** राजधानी रांची के डोरंडा कॉलेज में कोई भी व्यक्ति अंदर आ-जा सकता है। मेन गेट पर दो-दो गार्ड खड़े रहते हैं, लेकिन अंदर आने वाले लोंगों से कुछ भी नहीं पूछते हैं। जिसको जहां जाना है, वह बिना किसी झिझक का जा सकता है। कॉलेज के बच्चों की पहचान उनके ड्रेस से तो हो जाती है, लेकिन जो ड्रेस में नहीं होते हैं, उनसे भी किसी तरह की कोई बात नहीं पूछी जाती है। कॉलेज परिसर में आसपास के लोगों का दबदबा रहता है। आसपास के लोग अंदर आते हैं और जहां तहां घुमते रहते हैं।

**शिक्षक के साथ हो चुकी है मारपीट :**
पिछले साल डोरंडा कॉलेज के एक शिक्षक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी। इसके बाद शिक्षकों ने हंगामा किया और मेन गेट के बाहर धरना पर बैठ गए। इसकी शिकायत स्थानीय थाने में भी की गई थी। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने मारपीट की घटना पर गंभीरता भी दिखाई थी। कुछ दिनों तक तो सख्ती बरती गई थी, लेकिन अब फिर से छूट दे दी गई है।

**गार्ड रूम नहीं है : प्रिंसिपल**
कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ राजकुमार शर्मा ने बताया कि कॉलेज में आने-जाने वाले लोगों का रजिस्टर मेंटेन इसलिए नहीं करवाया जा रहा है, क्योंकि गेट के पास गार्ड रूम नहीं है। कॉलेज में गार्ड रूम बनते ही आने-जाने वालों की पूरी जानकारी रखी जाएगी। कॉलेज सुरक्षा के लिए हम काम कर रहे हैं, बहुत जल्द सारी चीजें स्पष्ट हो जाएंगी।

**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित
आवश्यक सूचना

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक 10 जुलाई 2024 तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असकिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक 10 जुलाई 2024 तक सकिय (Active) करा लें। पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping / आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://mya adhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 328808 Welfare(24-25).D

समय को पहचानना ही मनुष्य से सीखने की सर्वोत्तम कला मानी गई है: चाणक्य



# माननीय के घर जाने पर रोक के मायने

***असम*** की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक और सांसद अमृतपाल सिंह सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अमृतपाल ने पंजाब के खडूर साहिब सीट से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनआईए) के तहत डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल को सांसद के रूप में शपथ लेने के लिए 10 शर्तों पर पैरोल दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट अमृतसर ने 10 शर्तों के लिए डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के सुपरिंटेंडेंट को दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन शर्तों में मुख्य रूप से जो बिंदु शामिल किए गए हैं, इनमें अमृतपाल शपथ ग्रहण करते समय कोई देश विरोधी शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। किसी धर्म, विशेष समुदाय या देश की अखंडता को प्रभावित करने वाली बात नहीं करेंगे। अमृतपाल पैरोल पर पंजाब का दौरा नहीं करेंगे और परिवार व वकील के अलावा वे किसी अन्य से मुलाकात नहीं करेंगे। अमृतपाल को लोकसभा सचिव की ओर तय की जगह पर ही ठहराना होगा। अमृतसर रूरल एसएसपी के नेतृत्व में अमृतपाल के शपथ समारोह के लिए सुरक्षा टीम गठित की गई है। डिब्रूगढ़ जेल से बाहर निकलने से लेकर दोबारा जेल आकर हाजिरी दर्ज कराने तक के लिए अमृतपाल को चार दिन की पैरोल दी गई है। वे दिल्ली छोड़कर किसी भी अन्य राज्य नहीं जा सकते। पंजाब बंदी (हिरासत की स्थिति) आदेश, 1981 की धारा 2 (सी) के तहत परिभाषित अमृतपाल को इस दौरान दिल्ली में ही रिश्तेदारों से मिलने की अनुमति दी जाएगी। वीडियो बनाने की अनुमति नहीं है। अमृतपाल या उसके किसी भी रिश्तेदार को उनका वीडियो बनाने या बयान का वीडियो बनाने और उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमृतपाल की दिल्ली में स्थानीय यात्रा सहित यात्रा और बोर्डिंग/आवास पर किए गए खर्च को डीजीपी पंजाब के पास उपलब्ध विभागीय बजट से वसूला जाएगा। आतंक और माओवाद से जूझ रहे झारखंड में इस दृष्टांत का महत्व है। कई माओवादी और आपराधिक छवि के लोग माननीय बनने की जुगाड़ में विभिन्न पार्टियों का समर्थन करते हैं और कुछ पूर्व माओवादी तो माननीय बने भी हैं। भारतीय समाज और संविधान सुधारवादी सिद्धांतों का पालन करता है पर देश और संविधान का खुले आम अपमान करने वाले यदि कानून निर्माता बनेंगे तो कुछ हो न हो एक स्वच्छ छवि के राजनेता की कमी तो महसूस की ही जाएगी। भारतीय समाज अच्छाई को बढ़ावा देकर एक आदर्श समाज की पैरवी करता है इसलिए हमें अपना प्रतिनिधि चुनते समय ध्यान रखना चाहिए। लगभग दो वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मौजूदा एवं पूर्व सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की संख्या पांच हजार से अधिक बताई गई थी। यह आंकड़ा इस बात को भी इंगित कर रहा था कि ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है, क्योंकि एमपी-एमएलए अदालतें तेजी से मामलों का निष्पादन नहीं कर पा रही हैं। ऐसे मामले इसलिए भी बढ़ रहे हैं, क्योंकि राजनीतिक दल दागी छवि वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने से बाज नहीं आ रहे हैं। उनके पास यह तर्क होता है कि दोष सिद्ध न होने तक हर व्यक्ति निर्दोष है। इस तर्क को पूरी तौर पर अमान्य नहीं किया जा सकता, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस तर्क की आड़ लेकर राजनीतिक दल गंभीर अपराधों में लिप्त होने के आरोपित नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतारते रहते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे अनेक नेता जाति, मजहब की राजनीति या फिर धनबल-बाहुबल के सहारे चुनाव जीतने में सफल रहते हैं। इससे खराब बात और कोई नहीं हो सकती कि विधानमंडलों में गंभीर आरोपों का सामना कर रहे नेताओं की संख्या बढ़ती चली जाए। जब दागी छवि या फिर आपराधिक अतीत वाले नेता चुनाव मैदान में उतरते हैं तो न केवल राजनीति के अपराधीकरण को बल मिलता है, बल्कि भले लोग राजनीति में प्रवेश करने से हिचकते भी हैं। इसी के साथ आम लोगों का मनोबल भी गिरता है, क्योंकि उन्हें यह लगता है कि राजनीति ऐसे लोगों को प्रश्रय देती है, जो विधि के शासन का निरादर करते हैं। दागी छवि वाले जनप्रतिनिधि राजनीति को साफ-सुथरा करने में बाधक बनने के साथ ही कानून के शासन का उपहास उड़ाने का भी काम करते हैं।

इन दिनों

# सांस्कृतिक जागरण और लक्ष्मीबाई केलकर



रमेश शर्मा

***भारतीय*** स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसने समाज में स्वत्व का बोध कराया। यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पाएंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार तक ऐसी असंख्य हुतात्मा हुई हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया। एक तो स्वयं सीधा संघर्ष किया और संघर्ष के लिए स्वाधीनता सेनानी भी तैयार किए और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं, जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 06 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था। उनके पिता दातेजी लोकमान्य तिलक के अनुयायी थे। इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था। लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुईं। उनके बचपन का नाम कमल दाते था लेकिन विवाह के बाद वे लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं। उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था। पुरुषोत्तम जी विदुर थे यह उनका दूसरा विवाह था। दोनों की आयु में अंतर भी था, लक्ष्मी बाई की आयु भले अभी कम थी पर वे मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व हो रहीं थीं। विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सहभागी बनीं। यह वह कालखंड था जब स्वाधीनता के लिए अहिसंक आंदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था। यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे। पूरा विदर्भ मानो इन अभियानों का हिस्सा था। यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा। यह इस आंदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गांधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केन्द्र बनाया। अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नी लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते। गांधी जी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था इसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था। वे सामाजिक जागरण के लिए तीन काम करतीं थीं। एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाड्मय के उदाहरणों से सामाजिक समरसता का वातावरण बनातीं थीं। इसके लिए उन्होंने अपने घर में अनुसूचित समाज के बंधुओ को सहयोगी के रूप जोड़ा हुआ था। और तीसरा राम चरित्र मानस के प्रवचन से सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना। वे मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है। एक बार जब गांधी जी ने एक सभा में दान की आह्वान किया तो उसी क्षण लक्ष्मीबाई ने अपने गले से सोने की चंन उतारकर गांधी जी को समर्पित कर दी थी। उनका वैवाहिक जीवन अधिक न चल सका। वे अभी मात्र 27 वर्ष की थीं कि 1932 मे पति का देहान्त हो गया। उनके पास दोहरा दायित्व आ गया। परिवार में एक विधवा ननद भी रहतीं थीं। लक्ष्मी बाई ने अपने बच्चों के साथ उन्हें भी सहेजा। लक्ष्मीबाई ने अपनी आवश्यकताएं सीमित कीं पर न बच्चों का शिक्षण रोका न अपनी सामाजिक गतिविधियां कम कीं। उन्होंने अपने घर का कुछ हिस्सा किराये पर उठाया इससे भी कुछ लाभ हुआ। अपनी सामाजिक सक्रियता के चलते वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी के संपर्क में आईं। उन्होंने नमक सत्याग्रह में भी भाग हिस्सा लिया किंतु डॉ. हेडगेवार की सलाह पर जेल नहीं गईं और बाहर रहकर सामाजिक जागरण एवं स्वतंत्रता आंदोलन के लिए टोली तैयार करने का काम जारी रखा जो पति की मृत्यु के बाद और तेज हुआ। उनके द्वारा तैयार टोलियों ने विदर्भ में चलने वाले हर आंदोलन में हिस्सा लिया। महिलाएं कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकालतीं चरखा और खादी का संदेश देती थीं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की सलाह पर वर्धा में 1936 में स्त्रियों के लिए 'राष्ट्र सेविका समिति' नामक संगठन की नींव रखी। इसके लिये भारत भर की यात्रा की और संगठन के कार्य को विस्तार दिया। 1945 में राष्ट्र सेविका समिति का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। यह वह समय था जब देश के विभाजन वादी शक्तियां प्रबल हो रहीं थीं। अंग्रेजी सरकार का उन्हें संरक्षण था इस नाते उनकी हिंसक गतिविधियां बढ़ गई थीं। विशेषकर बंगाल पंजाब और सिंध में हिन्दू समाज की महिलाओं में एक भय का वातावरण बनने लगा था। लक्ष्मी बाई केलकर ने अपने संगठन के माध्यम में महिलाओं में संगठित रहने और आत्म विश्वास जगाने का अभियान चलाया देश की स्वतंत्रता एवं विभाजन से समय वे सिंध में थीं। उन्होंने हिन्दू परिवारों को भारतीय सीमा में सुरक्षित पहुंचने के प्रबन्ध किए। उन्होंने महिलाओं में जाग्रति के लिये बाल मन्दिर, भजन मण्डली, योगाभ्यास केन्द्र, बालिका छात्रावास आदि अनेक प्रकल्प प्रारम्भ किए। वे रामचरित मानस पर बहुत सुन्दर प्रवचन देतीं थीं। जिनमें संतान के निर्माण, परिवार के निर्माण, समाज के निर्माण और सामाजिक एकत्व का संदेश होता था। वे आजीवन राष्ट्र और समाज की सेवा में लगीं रहीं। वे शरीर से भले 27 नवम्बर 1978 को नश्वर शरीर छोड़कर संसार से विदा हुईं पर उनकी आभा आज भी समाज में प्रतिबिंबित हो रही है। उनके द्वारा गठित राष्ट्र सेविका समिति राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति जागरण का प्रतीक बन गई। जो समाज में संस्कार और पारिवारिक विमर्श का वातावरण बना रही है। उनका संकल्प आज बृहद और वैश्विक रूप ले रहा है। उनका संकल्प और विचार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह भारत के इतिहास में स्त्रीशक्ति जागरण और सशक्तिकरण की बड़ी घटना थी। लक्ष्मी बाई केलकर ने महिलाओं को अनुशासित सेविका बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान आरंभ कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांत, विचार एवं उद्देश्य के आधार पर नारी शाखा आरंभ की थी। वर्तमान में भारतवर्ष में राष्ट्र सेवा समिति की लगभग पांच हजार से अधिक शाखाएं संचालित हो रहीं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## आपकी बात

### असत्य, अप्रमाणिक, असंवैधानिक तथ्यों को प्रसारित करने से आम और खास लोगों को बचना चाहिए



डॉ. मनमोहन प्रकाश

***राजा*** हो या प्रजा, अभिनेता हो या जननेता, चुनें हुए जन प्रतिनिधि हो या आम नागरिक, अधिकारी हो या कर्मचारी सभी को घर, बाहर, सरकारी कार्यालय या सार्वजनिक स्थल पर, लोकसभा, राज्य सभा, विधान सभा में भाषा की शालीनता और मर्यादा तथा तथ्यों की प्रमाणिकता का ध्यान रखना चाहिए। विशेष रूप से उन व्यक्तियों को जो जिम्मेदार पदों पर बैठे हैं, दूसरों के लिए रोल मॉडल हैं, जिनकी फैम फॉलोईंग ज्यादा है, जिनको सबसे ज्यादा सुना और पढ़ा जाता हैं, जिनके आचार-व्यवहार का पालन करना समाज में गर्व समझा जाता है और जो बड़ी जनसंख्या को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। मेरा तो ऐसा मानना है कि किसी को भी ऐसे शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए जो दूसरों को अपमानित करते हो, दुःखी करते हो, मानसिक आघात पहुंचाते हो, जो छूठ और असत्य पर आधारित हो तथा तथ्य से परे हो, जो संविधान की भावना के अनुकूल न हो, जिसके सही या गलत अर्थ लगायें जा सकते हो। क्योंकि गलत भाषा, गलत शब्द, असत्य तथ्य, असंवैधानिक नरेटिव का उपयोग न सिर्फ सामने वाले को, सुनने वालों को प्रभावित करता है अपितु बोलने वाले के मन और मस्तिष्क को भी दूषित तो करता ही है, व्यक्तित्व को प्रभावित करता है तथा छवि को खराब करता है। वस्तुतः भाषा वक्ता के विचार, संस्कार, पारिवारिक परिवेश और मानसिक स्थिति को अभिव्यक्त करती है। इसलिए भाषा प्रयोग में सतत सावधानी रखनी आवश्यक है। हमने पिछले चुनावों में देखा है कि किस तरह से कुछ राजनेताओं द्वारा अप्रिय शब्दों का प्रयोग किया गया और अपने भाषणों में भारत की भोली-भाली जनता के सामने झूठे, न पूरे हो सकने वाले आश्वासन परोसें गये हैं, तरह-तरह की काल्पनिक बातों को (संविधान खतरे में है, संविधान बदल दिया जायेगा, आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा, अघोषित आपातकाल लगा दिया है, लोगों की संपत्ति का सर्वे करके उन्हें अपने वोट बैंक के बीच बांट दिया जाएगा आदि), तथ्य से परे जानकारी को मतदाता के सामने रखकर उन्हें भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। दुःख तो तब होता है जब पक्ष-विपक्ष के लोगों द्वारा एक-दूसरे पर अशोभनीय भाषा का उपयोग किया जाता है। संसद में किसी धर्म विशेष आदि पर असंसदीय भाषा का उपयोग किया जाता है और उन भाषणों के अंश को रिकॉर्ड से हटाना पड़ता है। यह अपने आप में सिद्ध करता है कि कुछ तो भी भाषण में गलत हुआ है। क्या गलत है बोलने वाले को स्वयं चिंतन करना चाहिए। भारतीय साहित्य में कबीर ने कहा भी है कि 'ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करें आपहु शीतल होय'। मुझे ऐसा लगता है हमारे देश में किसी संवैधानिक अधिकार का यदि दुरुपयोग सबसे ज्यादा होता है तो वह है अभिव्यक्ति की आजादी, बोलने की स्वतंत्रता। अतः देश में अब ऐसे कानून की आवश्यकता है जिसके माध्यम से चुनाव में, सार्वजनिक स्थलों पर, सभाओं में राजनेताओं सहित जिम्मेदार नागरिक को असत्य, अप्रमाणिक, अतथ्यात्मक बोलने से तथा नरैटव सेट करने से रोका जा सके। किसी को भी भोली भाली जनता को गुमराह करनी इजाजत नहीं दी जाना चाहिए।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# सार्थक संवाद की दृष्टि से निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र



प्रो. संजय द्विवेदी

***भारतीय*** संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डॉ.राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, फिरोज गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ, वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गई। राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल रहा। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे, तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वे सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। यह दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका-टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष की गलतबयानी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीरफाड़ कर सकते थे। किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वे सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित कर दिया। जाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था। किंतु पहले दिन की वाहवाही अगले दिन ही धराशाई हो गई जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए।

> **राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




# अध्यात्म के आनंद ने बदला विराट कोहली को



आर.के. सिन्हा

***अभी*** कुछ दिन पहले खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन और उसके बाद इस फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद सारा देश विराट कोहली की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, इस बहस के दौरान एक पक्ष नजरअंदाज सा हो रहा है कि कुछ साल पहले तक बात-बात पर आवेश में आने वाले विराट कोहली अब इतने शांत कैसे हो गए हैं? विराट कोहली की पर्सनेल्टी में आखिरकार इतना आमूलचूल बदलाव कैसे आ गया? इस सकारात्मक बदलाव में मुझे उनका अध्यात्म की तरफ बढ़ना एक बड़ी वजह समझ आता है। वो आजकल लगातार सपरिवार विभिन्न तीर्थस्थलों पर जाकर अच्छा सा वक्त बिताने लगे हैं। उन्हें वृंदावन जाना खास पसंद है। विराट कोहली वृंदावन में परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वो पिछले साल जनवरी में भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन करने के लिए गए थे। पहले दोनों बाबा नीम करौली की समाधि पर गए और फिर आनंदमयी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने कई संतों से मुलाकात की। साथ ही दोनों ने बांके बिहारी मंदिर के साथ कई अन्य प्रमुख मंदिरों के भी दर्शन किए। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम की विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुके हैं। विराट और अनुष्का ने यहां पहुंचकर ब्रह्मलीन दयानंद सरस्वती की समाधि के भी दर्शन किए और गंगा घाट पर संत-पंडितों के साथ आरती में भी शामिल हुए। विराट कोहली ने यहां योग करने के बाद पूजा-अर्चना की थी और फिर सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान कर भंडारे का आयोजन करवाया था। स्वामी दयानंद गिरि का सितंबर, 2015 में निधन हो गया था। वो ऋषिकेश में दयानंद सरस्वती आश्रम और कोयंबटूर में अर्श विद्या गुरुकुलम के शिक्षक थे। उन्होंने करीब 50 साल तक देश और विदेश में वेदांत की शिक्षा दी थी। इस बीच, विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ पिछले साल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। शायद ही विराट कोहली के कद का कोई अन्य खिलाड़ी इतनी तीर्थ यात्राएं करता हो। एक समय था जब विराट कोहली की शख्सियत का एक श्याम पक्ष उनका मैदान के अंदर और बाहर बेहद उग्र होना भी था। वो फौरन आवेश में आकर झगड़ा करने लगते थे। उनका मैदान के भीतर भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर से कई बार झगड़ा हुआ। विराट कोहली के गुस्से का शिकार आस्ट्रेलिया में एक पत्रकार भी हुआ था। विराट कोहली ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक मैच में अंपायर कुमार धर्मसेना को अपशब्द कहने शुरू कर दिए थे। धर्मसेना श्रीलंका के टेस्ट खिलाड़ी थे। उनके इस तरह के व्यवहार के कारण विराट कोहली की छवि बहुत खराब बन रही थी। पर अब वो अपनी उस खराब छवि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं।

**।(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

### 400 साल पुराना है रानी सती का यह मंदिर

**कब खुलता है मंदिर**
मंदिर सुबह 5 बजे से दोपहर एक बजे तक और शाम 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहता है। मंदिर के गर्भ गृह में निकर और बरमुडा पहने लोगों का प्रवेश वर्जित है। मंदिर का दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक खुला रहता है। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशाल आवास बना है, जहां 100 रुपये से लेकर 700 रुपये तक के कमरे उपलब्ध हैं। मंदिर में एक कैंटीन और एक भोजनालय भी है। कैंटीन में दक्षिण भारतीय भोजन भी उपलब्ध है। भोजन दिन में 11 बजे से 1 बजे तक और शाम को 8 बजे से 10 बजे तक उपलब्ध रहता है।



**कैसे पहुंचें :** झुंझुनू बस स्टैंड से रानी सती मंदिर के लिए ऑटो रिक्शा लें। दूरी तीन किलोमीटर है। ऑटो रिक्शा वाले 10 रुपये किराया लेते हैं। रेलवे स्टेशन से मंदिर की दूरी 2 किलोमीटर है। वहीं शहर के गांधी चौक से मंदिर की दूरी महज एक किलोमीटर है। आप ऑटो रिजर्व करके भी मंदिर जा सकते हैं। अगर एक दिन रुकना है तो रानी सती मंदिर के स्वागत कक्ष पर आवास के लिए भी आग्रह कर सकते हैं।


(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### अकवाले फीचर के साथ बदलें WHATS APP में प्रोफाइल

***व्हाट्सएप*** अपने कस्टमर के लिए रोज नए उपयोगी फीचर्स लॉन्च करते रहता है जिससे उनके कस्टमर की सुविधा दिन प्रतिदिन आसान हो और सिक्योरिटी को भी ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप तमाम इनीशिएट लेते रहता है। मौजूदा समय में अक का कितना बोलबाला है यह कोई छुपी हुई बात नहीं है। आजकल किसी भी फील्ड में अक का इस्तेमाल बखूबी किया जा रहा है, वह चाहे कंटेंट राइटिंग हो या फिर आपकी इमेज, वीडियो यहां तक की आपके लिए अकजेनरेटेड वॉइस भी आने लग गए हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि अक के इस्तेमाल से टेक्निकल चीजें आप बेहद आसानी और बहुत ही पर्फेक्ट तरीके से कर पा रहे हैं और वह भी चुटकी बजाते हुए।

इस रिलेटेड जो नई जानकारी हम आपके लिए लेकर आए हैं वह यह है कि व्हाट्सएप भी अब अक के चैटबॉट का इस्तेमाल करते हुए आपको अकजेनरेटेड प्रोफाइल फोटो बनाने में मदद करने वाला है। जी हां




हम सभी जानते हैं कि व्हाट्सएप अपने कस्टमर के लिए रोज नए उपयोगी फीचर्स लॉन्च करते रहता है जिससे उनके कस्टमर की सुविधा दिन प्रतिदिन आसान हो और सिक्योरिटी को भी ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप तमाम इनीशिएट लेते रहता है। वहीं अब व्हाट्सएप ने अपने सबसे खूबसूरत पार्ट जो की व्हाट्सएप पर डीपी लगाने का ऑप्शन आता है उसको लेकर अक का फीचर देने जा रहा है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पटना में आफत! की बारिश...



शुक्रवार को पटना के बिरला मंदिर रोड पर भारी बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से स्कूली छात्र गुजरते हुए।



पटना के एक सरकारी स्कूल में बारिश से दीवार से पानी टपकने के कारण स्कूली छात्र छाता लेकर कक्षा में उपस्थित हुए।



पटना में बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से लोगों को वाहन ले जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## एक नजर

### अररिया में भाजपा नेता का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी



**अररिया।** बिहार के अररिया जिले के टाउन थाना क्षेत्र से पुलिस ने भाजपा के एक नेता का शव उनके पड़ोसी के घर से बरामद किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इसके लिए विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार की देर रात अररिया टाउन थाना के शिवपुरी मोहल्ला वार्ड निवासी एनके गुप्ता के आवास से अररिया जिला के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष राजीव कुमार झा उर्फ पप्पू झा (55) का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है।

# हाथरस में पीड़ित परिवारों को सरकार जल्द से जल्द मुआवजा दे : राहुल गांधी

*हाथरस में पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, जिम्मेदार लोगों पर हो कार्रवाई*

एजेंसी

**हाथरस।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को सरकार जल्द से जल्द मुआवजा दे। इस समय उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि पीड़ित परिवारों से पूरी घटना को जानने का प्रयास किया है। हादसे से पूरे लोग बड़े सदमे से गुजर रहे हैं। पीड़ितों ने साफ कहा कि प्रशासन की लापरवाही से यह हादसा हुआ। अब सरकार से यही कहना चाहूंगा कि जिस मुआवजे का ऐलान किया गया है, उसे देने में लापरवाही न हो। साथ ही हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो, पीड़ितों को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि दिल खोलकर मदद करें। जितनी हो जल्दी और दिल खोलकर मदद करें। भगदड़ में अपनी जान गंवा बैठी मुन्नी देवी के बेटे सुभाष चंद्र ने बताया कि राहुल गांधी ने हमसे बात की। पूरी घटना को जानने का प्रयास किया। उनका कहना है कि पूरी घटना के लिए बाबा जिम्मेदार हैं। वहां पर व्यवस्था की कमी थी। बाबा भाग गए। उन्हें भागने के बजाय लोगों की मदद करनी चाहिए थी। अब उनके सत्संग में कभी नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे परिवार को दिलासा दिलाया है। राहुल गांधी ने कहा कि आपके मामले को संसद में उठाएंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस की भगदड़ में जान गंवाने वाले पीड़ितों के घर पहुंचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।





### एसआईटी ने हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी

हाथरस भगदड़ मामले में एसआईटी ने शुक्रवार को जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी को सौंपी दी। इसमें 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की अगुवाई में मामले की जांच चल रही है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने समिति भी गठित की थी। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी में शामिल किया गया। शासन की ओर से इन्हें 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। वैसे शासन की ओर से बुधवार तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था, लेकिन सीएम योगी के घटनास्थल पर जाने और राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की वजह से निर्धारित समय अवधि तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकी।

**राहुल गांधी पर भाजपा का निशाना, कहा-**

### हृदय विदारक दुर्घटना पर राजनीति कर रही कांग्रेस : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी जब से संसद में विपक्ष के नेता बने हैं, वह भय और भ्रम की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने संसद में अग्निवीर मुद्दे पर झूठ बोला। अब हाथरस की इस हृदय विदारक दुर्घटना पर वह जो राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं, यह बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि में जहरीली शराब से कई लोगों की जानें चली गईं। इस घटना में मरने वालों में ज्यादातर अनुसूचित जाति से थे लेकिन राहुल गांधी वहां पीड़ित परिवार वालों से जा कर नहीं मिले, क्योंकि वहा इंडी गठबंधन में उनके दोस्त डीएमके का शासन था। राहुल गांधी ने वहां जाना तो दूर, उस पर बात तक नहीं की। आज वह हाथरस की इस दुखद घटना पर राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष:** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**वृषभ:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**मिथुन:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ।

**सिंह:** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं।

**कन्या:** आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**तुला:** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृश्चिक:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**धनु:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मकर:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कुम्भ:** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

### बिहार के सिवान में एक व्यक्ति ने मां और भाई की हत्या की

**सिवान।** बिहार के सिवान जिले में गुरुवार को एक व्यक्ति ने मामूली विवाद में अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी मां और छोटे भाई की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना के तुरंत बाद अवधेश शाह और उसके बेटे को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। सिवान पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया, घटना बृहस्पतिवार अपराह्न उस समय हुई, जब अवधेश अपने घर पर किसी मामूली बात को लेकर अपनी मां सुशीला देवी और छोटे भाई सूरज से झगड़ रहा था। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलेथा गांव में हुई। बयान के मुताबिक, अवधेश का बेटा भी इस झगड़े में शामिल हो गया और अपने पिता का साथ देने लगा। दोनों ने सुशीला देवी और सूरज की चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

## बिहार में बूथ मजबूत करने में जुटी जदयू, क्या रहेगी रणनीति

एजेंसी

**पटना।** बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में जदयू चुनाव को लेकर अपनी रणनीति बनाने में लगी है। जदयू इस क्रम में बूथों पर ज्यादा जोर दे रही है। जदयू उन संभावित विधानसभा क्षेत्रों पर बूथों को मजबूत करने में जुट गई है, जहां वह चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जदयू ऐसे चयनित विधानसभा सीटों के सभी बूथों पर कम से कम पांच से दस कार्यकर्ताओं की पहचान कर उनमें से कुछ को बूथ प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपेगी। सभी प्रभारियों को प्रशिक्षित करने की भी योजना बनाई गई है। इन चयनित कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारी को पहले कार्यकर्ता के रूप में मान्यता दी जाएगी।

बताया जा रहा है कि इनका संपर्क सीधे प्रदेश मुख्यालय से होगा। यही नहीं, यदि प्रदेश के पदाधिकारी से लेकर जिला इकाई के पदाधिकारी भी किसी क्षेत्र का दौरा करने पहुंचेंगे तो वे संबंधित बूथ प्रभारियों के संपर्क में रहेंगे। पार्टी स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में भी इनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

अगर बूथ प्रभारी के इलाके में कोई प्रदेश स्तरीय अधिकारी पहुंचेगा तो उसे भी बूथ प्रभारी से मुलाकात करनी होगी। पार्टी का मानना है कि इससे बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा होगा। जदयू अपने बूथ प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन करेगी।

### बीएस येदियुरप्पा को कोर्ट का समन, 15 को पेश होने का आदेश

**कर्नाटक।** बेंगलुरु की एक अदालत ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को एक नाबालिग के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ दायर मामले में 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया है। यह आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा 27 जून को भाजपा के दिग्गज नेता के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के बाद आया है। सीआईडी ?के आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि येदियुरप्पा ने 2 फरवरी, 2024 को अपने आवास पर एक 17 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न किया, जब वह और उसकी मां लड़की के खिलाफ यौन उत्पीड़न के पिछले मामले में मदद मांगने के लिए उनसे मिलने गए थे। लड़की महज 7 साल की थी तो उसके एक रिश्तेदार ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

**28वां स्थावना दिवस** | हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे

# अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकार : लालू

एजेंसी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल का शुक्रवार को 28वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की



अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं।

**भाजपा ने 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची :** वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र की सरकार पांच साल नहीं चलेगी। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टी है। भाजपा सत्ता में आते ही 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण विरोधी है। तेजस्वी यादव पांच लाख नौकरियां देने का काम किया।

**15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है :** तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है।

### चिराग ने दिया तेजस्वी को जवाब



**वैशाली।** राष्ट्रीय जनता दल के 28वें स्थापना दिवस पर तेजस्वी यादव ने दावा करते हुए कहा था कि 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में राजद की सरकार बनेगी। नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। तेजस्वी के बयान के कुछ देर बाद ही केंद्रीय मंत्री व लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पलटवार करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरी मजबूती के साथ एनडीए लड़ेगा। पुनः बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी और पूरी मजबूती के साथ डबल इंजन की सरकार रहेगी। चिराग पासवान ने अपने पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत रामविलास पासवान की 78वीं जंयती शुक्रवार को समारोहपूर्वक हाजीपुर पासवान चौक स्मारक स्थित मनाई। कार्यक्रम में हाजीपुर सांसद सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की आदमकाद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया है। इसके साथ ही अपने पिता के बताए गए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया लिया है। चिराग ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर 28 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में रैली की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### जांजगीर-चांपा में कुआं से जहरीले गैस का रिसाव, पिता व दो बेटों समेत पांच की मौत



**कोरबा/ जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में शुक्रवार की सुबह बिर्रा थाना के ग्राम किकिरदा में कुआं में जहरीली गैस का रिसाव होने से पिता और दो बेटों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में कुआं के अंदर एक के बाद एक व्यक्ति उतरते गए। तभी यह दुखद हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति कुआं में लकड़ी अंदर गिरने पर उसे निकालने घुसा था, तभी गैस का रिसाव होने लगा और वह बेहोश हो गया।। इसके बाद बाकी लोग बारी-बारी से उतरे। पड़ोसियों के अनुसार, रमेश पटेल सबसे एक व्यक्ति को बचाने कुएं के अंदर गया। उसकी भी सांसें भरने लगी, फिर उसे बचाने उसके दो बेटे राजेंद्र, जितेंद्र भी कुएं के अंदर चले गए। इस तरह पड़ोस के टिकेश चन्द्रा भी उसे बचाने कुएं अंदर चला गया। गैस रिसाव से बाप और 2 बेटे समेत 5 लोगों की जान चली गई। सूचना मिलते ही मौके पर बिर्रा पुलिस और तहसीलदार अपनी टीम के साथ पहुंचे हैं। एसडीआर एफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। बिर्रा थाना के ग्राम किकिरदा में लंबे समय से कुएं का उपयोग नहीं किया जा रहा था। इस कुएं को ढंक दिया गया था।

### अमृतपाल सिंह और इंजीनियर रशीद ने लोकसभा सदस्यता की शपथ ली



**नई दिल्ली।** असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद अमृतपाल सिंह और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने शुक्रवार को संसद भवन पहुंचकर सांसद पद की शपथ ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अपने चैंबर में दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को संसद सदस्यता की शपथ दिलाई। असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद अमृतपाल सिंह पंजाब के खडूर साहिब लोकसभा सीट और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद जम्मू कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर आए हैं। बता दें कि हाल ही में समाप्त हुए 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान कुल 542 में से 539 नवनिर्वाचित सांसदों ने संसद सदस्यता की शपथ ली। लेकिन, जेल में होने के कारण अमृतपाल सिंह और इंजीनियर रशीद सत्र के दौरान शपथ नहीं ले पाए थे। नए सांसद को 60 दिन के अंदर शपथ लेना होता है नहीं तो सदस्यता जा सकती है।

### पांच शावकों के साथ कूनो नेशनल पार्क में देखी गई चीता गामिनी



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीता गामिनी अपने पांच शावकों के साथ शुक्रवार की सुबह बारिश का आनंद लेते देखी गई। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस क्षण का एक वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वे प्रकृति के मौसमी आलिंगन के बीच पारिवारिक सद्भाव की एक कालातीत कहानी बुन रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई पांच वर्षीय मादा चीता गामिनी ने 10 मार्च, 2024 को 5 शावकों को जन्म दिया था। इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 13 हो गई है। यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है।

### शहीद सुखदेव के वंशज शिवसेना नेता पर निहंगों का जानलेवा हमला



**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना में निहंगों ने शिवसेना नेता पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना का शिकार हुए संदीप थापर शहीद सुखदेव थापर के वंशज हैं। निहंगों ने हमले के दौरान संदीप थापर के सुरक्षा कर्मी की रिवाल्वर छीन ली और उसके साथ भी मारपीट की। दिन दहाड़े बीच बाजार हुए हमले के बाद निहंग शिवसेना नेता की स्कूटी लेकर ही फरार हो गए। पुलिस ने नाकाबंदी करके हमलावर निहंगों की तलाश शुरू कर दी है। घायल संदीप थापर ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह एक धार्मिक समागम में शामिल होकर अपने गनमैन के साथ घर लौट रहे थे। सिविल अस्पताल के पास 3 निहंग उनके पास आए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद तलवार से उन पर हमला कर दिया। निहंगों ने उनके गनमैन की रिवॉल्वर भी छीन ली।

### बोलपुर में पूरे परिवार को जलाकर मारने की कोशिश, दो की मौत

**बोलपुर।** बीरभूम जिले के बोलपुर थानांतर्गत रायपुर सुपुर ग्राम पंचायत के नतून गीत गांव में गुरुवार रात एक ही परिवार के तीन सदस्यों को सोते समय जलाकर मारने की कोशिश की गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अस्पताल में मौत से लड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शेख तूता और उसकी पत्नी रूपा बीबी नतून गीत गांव के निवासी हैं। दंपति के दो बेटे हैं। इनके नाम अयान शेख और शेख राज हैं। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद दंपत्ति अपने छोटे लड़के के साथ सो गए। खिड़की खुली थी। कथित तौर पर किसी ने खिड़की से घर में मिट्टी का तेल छिड़का और आग लगा दी। आग की लपटें उठते ही चीख पुकार मच गई। घर के भीतर से तीनों लोगो को निकालकर बोलपुर महकमा अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें बर्दवान अस्पताल ले जाया गया जहां सबसे पहले सबसे छोटे बेटे अयान की मौत हुई। बाद में पिता शेख तूता की मृत्यु हो गई। मां रूपा बीबी अभी भी अस्पताल में मौत से जूझ रही हैं।

### तेलंगाना में बीआरएस को बड़ा झटका कांग्रेस में शामिल हुए छह एमएलसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना में बीआरएस को बड़ा झटका लगा है। गुरुवार देर रात बीआरएस के छह एमएलसी कांग्रेस में शामिल हो गए। इसी के साथ 40 सदस्यीय तेलंगाना विधान परिषद में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की संख्या दोगुनी होकर 12 हो गई। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दिल्ली से लौटने के बाद दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद, बी दयानंद, प्रभाकर राव, एग्गे मल्लेशम और बसवराजू सरैया औपचारिक रूप से गुरुवार रात करीब एक बजे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि पार्टी में शामिल हुए बीआरएस के छह विधान परिषद सदस्य दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद राव, एम एस प्रभाकर, बोग्गरापु दयानंद, येग्गे मल्लेशम और बसवाराजू सरैया हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की प्रभारी दीपा दासमुंशी, राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी, पूर्व मंत्री सुदर्शन रेड्डी और अन्य नेता भी मौजूद थे। बीआरएस एमएलसी गुरुवार रात एक होटल में मिले और बाद में रेवंत रेड्डी के आवास पर पहुंचे। उनके शामिल होने से परिषद में कांग्रेस पार्टी की ताकत छह से बढ़कर 12 हो गई है। बीआरएस को यह झटका वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य के केशव राव के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के एक दिन बाद लगा है। उन्होंने राज्यसभा सदस्य पद से भी इस्तीफा दे दिया है।

## एक नजर

### किरेन रिजिजू ने पीवी सिंधु को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार स्टार शटलर पीवी सिंधु आज (5 जुलाई) को 29 वर्ष की हो गईं। इस खास मौके पर उन्हें केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जन्मदिन की मुबारकबाद दी। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पुराना वीडियो रिपोस्ट किया, जिसमें पीवी सिंधु उन्हें रैकेट गिफ्ट करती नजर आ रही हैं। साथ ही उन्हें रैकेट के बारे में जानकारी दे रही हैं। किरेन रिजिजू ने कैप्शन में लिखा, हमारे चैंपियन और डबल ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आप हमारे देश के लिए शक्ति और प्रेरणा की किरण हैं! आप हमेशा चमकते रहें और पेरिस ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं!!

बता दें, दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में होने जा रहा है। इसमें शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय दल तैयार है, जिसके लिए 28 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी गई है।

### इक्वाडोर को पेनल्टी में शूट कर अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अर्जेंटीना का सेमीफाइनल में वेनेजुएला बनाम कनाडा मैच के विजेता से शुक्रवार को मुकाबला होगा जो 9 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। एनआरजी स्टेडियम पर मौजूदा चैंपियन के कब्जे के बावजूद, इक्वाडोर अधिक खतरनाक था, मैच के पहले तीन शॉट्स में, जिसमें सरमिएंटो शॉट पर एमिलियानो मार्टिनेज द्वारा महत्वपूर्ण बचाव भी शामिल था। अर्जेंटीना के लिए पहला अच्छा मौका एंजो फर्नांडीज के माध्यम से आया एक हेडर और एक पलटवार के बाद एक कॉर्नर मिला।

## प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों से की खास मुलाकात

# मोदी ने दिया जीत का गुरु मंत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों से खास मुलाकात की और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए रवाना होने वाले भारतीय दल से बातचीत की। इस दौरान कई खिलाड़ी ऑनलाइन भी जुड़े, इनमें नीरज चोपड़ा, प्रियंका गोस्वामी और पीवी सिंधु जैसी धाकड़ खिलाड़ी भी रहे। पीएम मोदी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से खिलाड़ियों से मुलाकात का वीडियो शेयर किया गया। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जर्नी और सफलता 140 करोड़ भारतीयों को उम्मीद देती है। पीएम मोदी ने देश के लोगों से 26 जुलाई से शुरू हो रहे ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का भी आग्रह किया। भारत 2020 टोक्यो ओलंपिक में अपने 7 पदकों की संख्या को पार करने की कोशिश करेगा। पीएम मोदी ने कहा, साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालीफाई किया है। हमारी निशानेबाज बेटियां भारतीय शॉटगन टीम का भी हिस्सा हैं। इस बार हमारी टीम के सदस्य कुश्ती और घुड़सवारी में उन श्रेणियों में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें उन्होंने पहले कभी हिस्सा नहीं लिया।



### प्रियंका गोस्वामी ने पीएम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी से बात करते का मौका प्रियंका गोस्वामी को मिला तो उन्होंने सबसे पहले उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई दी। जवाब में पीएम मोदी ने भी आभार जताया और उनसे कहा कि क्या बालकृष्ण अब भी आपके साथ हैं। प्रियंका गोस्वामी ने पीएम मोदी से कहा, "नमस्ते सर! मैं प्रियंका गोस्वामी... इस पर पीएम मोदी ने कहा-नमस्ते तुम्हारे बालकृष्ण कहां है?, इस पर प्रियंका ने कहा, जी मेरे साथ ही हैं स्विट्जरलैंड में। पीएम ने मुस्कुराते हुए पूछा तो इस बार भी बालकृष्ण को ले जा रही हो न, तो प्रियंका ने कहा, जी सर यह बालकृष्ण का भी दूसरा ओलंपिक है।

### नीरज चोपड़ा से पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय दल से मुलाकात की। उन्होंने विश्वास जताया कि यह दल देश को गौरवान्वित करेगा और 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। वहीं, इस दौरान पीएम मोदी ने जेवलिन थ्रो चैंपियन नीरज चोपड़ा से एक खास डिमांड कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस जाने वाले एथलीटों के साथ बातचीत के दौरान नीरज चोपड़ा के साथ मजाकिया अंदाज में बातचीत की। उन्होंने नीरज को उनकी मां द्वारा बनाया गया 'चूरमा' लाने की याद दिलाई। पेरिस जाने वाले एथलीटों के साथ बातचीत के दौरान, नीरज ने प्रधानमंत्री का अभिवादन करते हुए कहा, नमस्कार सर, कैसे हैं? जिस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए जवाब दिया, मैं वैसा ही हूं।

## मैं 2007 को नहीं भूल सकता लेकिन यह जश्न और भी खास है : रोहित शर्मा




**एजेंसी। मुंबई**

विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा और टीम इंडिया ने गुरुवार को मरीन ड्राइव पर ओपन-बस परेड में हिस्सा लिया। यह घटना 2007 में पहले टी20 विश्व कप में टीम की जीत के बाद हुई घटना के समान थी। भव्य जश्न के बारे में अपनी भावना व्यक्त करते हुए, रोहित ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 2007 एक अलग एहसास था। हमने दोपहर को शुरूआत की थी और यह शाम का समय है। मैं 2007 को नहीं भूल सकता क्योंकि वह मेरा पहला विश्व कप था लेकिन यह थोड़ा और विशेष है क्योंकि मैं टीम का नेतृत्व कर रहा था इसलिए यह मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है। जब टीम धीरे-धीरे वानखेड़े स्टेडियम की ओर बढ़ी, तो सितारों से सजी जगह खचाखच भरी हुई थी, जो रात का उनका अंतिम गंतव्य था, जहां टीम ने प्रशंसकों के साथ गाना गाया और उत्साह बढ़ाया, जिससे यह एक शानदार पल बन गया, जिसके इंतजार में 11 साल लगे। भारतीय कप्तान ने कहा, आप उत्साह का अंदाजा लगा सकते हैं, इससे पता चलता है कि यह न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे देश के लिए कितना मायने रखता है, इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि हम उनके लिए भी कुछ हासिल कर सके।

## हमारा एकमात्र लक्ष्य भारतीय क्रिकेट और भारतीय ध्वज है, हमें इसी पर गर्व है : कोहली

**एजेंसी। मुंबई**

वानखेड़े स्टेडियम में विजय रथ पर सवार होना विराट कोहली के लिए कोई नई बात नहीं है। तेरह साल पहले, 22 साल की उम्र में, उन्होंने भारत की ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीत का जश्न मनाने के लिए सचिन तेंदुलकर को अपने कंधों पर उठा लिया था। लेकिन जब वह गुरुवार शाम को इस प्रतिष्ठित स्थल पर लौटे,(इस बार एक अनुभवी, हाल ही में संन्यास लेने वाले टी20ई क्रिकेटर के रूप में) तो अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर सके। उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप जीत का जश्न मनाते हुए खचाखच भरे स्टेडियम को संबोधित करते हुए कहा, जब हमने 2011 में विश्व कप जीता था, तो मैं उस समय वरिष्ठ खिलाड़ियों की भावनाओं से जुड़ नहीं पाया था। मैं समझ नहीं पाया कि वे क्यों रो रहे थे। मेरे लिए, ऐसा लगा, 'हाँ, हमने विश्व कप जीत लिया है और यह एक सच्चाई है। मैं 22 साल का था, लेकिन अब, यह एक अलग एहसास है। लंबे समय तक भारत की कप्तानी करने के बाद, कोहली ने खुद स्वीकार किया है कि अब उन्हें समझ में आ गया है कि विश्व खिताब जीतना कैसा होता है।



### विराट ने मुंबई पुलिस का जताया आभार

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने भारत की टी20 विश्व कप विजय परेड को सुचारू रूप से आयोजित करने पर मुंबई पुलिस के समर्पित प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। गुरुवार शाम को लाखों मुंबईकरों ने टी20 विश्व कप विजेता टीम इंडिया के उत्साहपूर्ण जश्न में भाग लिया। टीम की विजय परेड नरीमन पॉइंट से मरीन ड्राइव के साथ वानखेड़े स्टेडियम तक हुई और टी20 विश्व चैंपियन की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे थे। टीम इंडिया की विजय परेड के दौरान शानदार काम करने के लिए मुंबई पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक सम्मान और धन्यवाद।

### विराट कोहली लंदन के लिए रवाना हुए

**मुंबई।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टी20 विश्व कप जीत के जश्न के एक थका देने वाले दिन के बाद अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने के लिए शुक्रवार तड़के मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुए। मुंबई में खुली बस में विजय परेड हुई और उसके बाद वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह हुआ। भारतीय क्रिकेट टीम की भारत वापसी की यात्रा में देरी हुई, लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चैंपियंस को विशेष नाश्ते पर बुलाया। जश्न यहीं नहीं रुका, टीम ने एक शानदार रोड शो के लिए मुंबई की यात्रा की, जहां हजारों प्रशंसक अपने नायकों की एक झलक पाने के लिए एकत्र हुए। उत्सव का चरम वानखेड़े स्टेडियम में था, जहां बीसीसीआई ने टीम का अभिनंदन किया।

## टीम येलो का वॉलीबॉल मीडिया कप पर कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल लीग टूनामेंट का शुक्रवार को समापन हो गया। टीम येलो ने टीम ब्लू को कड़े मुकाबले में परास्त कर मीडिया कप वॉलीबाल टूनामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया। टूनामेंट के दूसरे दिन टीम ग्रीन ने टीम रेड को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-17, 23-25, 15-6 से हराया जबकि टीम ब्लू ने टीम येलो को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-9, 23-25, 15-6 से हराया। टूनामेंट का फाइनल मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया। इसमें टीम येलो ने टीम ब्लू को 25-23, 25-23 से हराकर अरपीसी मीडिया कप वॉलीबॉल टूनामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सह झारखंड बॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बोस मौजूद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, शशी शेखर, प्रकाश सहाय, विनय वर्मा, शम्भूनाथ चौधरी, राघवेन्द्र, चंचल भटाचार्य, दीपक ओझा मौजूद थे।

### पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्ड्स के फाइनल में

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने क्वार्टरफाइनल में हमवतन श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन को 5-0 से और सेमीफाइनल में सौरव कोठरी को 5-0 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सूर्यनारायणन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में, पंकज ने अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनका प्रभुत्व स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने लगातार अपने प्रतिद्वंद्वी को सटीकता और चालाकी से हराया। शुरूआती फ्रेम ने माहौल तैयार कर दिया, जिसमें पंकज ने 100 का स्कोर बनाया, जबकि श्रीकृष्ण ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए 78 का ब्रेक हासिल किया। हालांकि, पंकज की बेहतर ब्रेक-बिल्डिंग क्षमता ने उन्हें बढ़त दिलाई और पहले फ्रेम में जीत हासिल की। दूसरे फ्रेम में उनका कौशल और अधिक स्पष्ट हो गया, जहां उन्होंने श्रीकृष्ण के 26 की तुलना में 100 अंक और बनाए। तीसरे फ्रेम में पंकज ने 102 के ब्रेक के साथ अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### एमएसएमई में रोजगार 20 करोड़ के पार, एक वर्ष में 66% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20.2 करोड़ पर पहुंच गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल के डाटा से ये जानकारी मिली है। डेटा के मुताबिक, एमएसएमई द्वारा की गई नियुक्तियों में सालाना आधार पर 66 प्रतिशत का उछाल आया है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 12.1 करोड़ नियुक्तियों का था। इन नियुक्तियों में से महिलाओं की संख्या 4.54 करोड़ है। मौजूदा समय में उद्यम पोर्टल पर 4.68 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हैं। इसमें से 4.6 करोड़ सूक्ष्म हैं, जो सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करते हैं।

### भारतीय एफएमसीजी सेक्टर में हुए 938 मिलियन डॉलर के विलय और अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** भारत के एफएमसीजी सेक्टर में 2024 के शुरूआती छह महीने में विलय और अधिग्रहण की गतिविधियां बढ़कर 938 मिलियन डॉलर रही। वेंचर इंटेलिजेंस द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, यह पिछले चार वर्षों में घरेलू फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) मार्केट का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। जनवरी में इस वर्ष टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने ऑर्गेनिक इंडिया में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। फेब इंडिया के स्वामित्व वाली यह कंपनी चाय, हर्बल सप्लीमेंट और पैक्ड फूड्स बेचती है।

## पीएम मोदी के विजन के अनुरूप रेलवे का विकास जारी : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आम लोगों की यात्रा को आसान बनाने के लिए रेलवे ने अब नॉन एसी कोच की संख्या में वृद्धि की ओर कदम बढ़ाया है। अगले दो सालों में लगभग 10,000 नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई गई है। जिसमें 5,300 से अधिक जनरल कोच शामिल होंगे। इसकी जानकारी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलप का विजन है, उसके तहत रेलवे का विकास जारी है। उन्होंने बताया, वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे की योजना अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2,605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1,470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पैंट्री कार बनाने की है। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2,710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1,910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पैंट्री कार बनाने की योजना बनाई है।



### रेलवे अगले दो साल में आम यात्रियों के लिए बनाएगा करीब 10,000 नॉन-एसी कोच

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 2024-25 और 2025-26 में करीब 10,000 नॉन-एसी कोच की मैन्युफैक्चरिंग की योजना बनाई है, जिससे बढ़ती मांग को पूरी किया जा सके और आम आदमी को यात्रा करने में सुविधा हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंत्रालय की योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में 4,485 नॉन-एसी कोच बनाए जाएंगे। वहीं, 2025-26 में 5,444 नॉन-एसी कोच की मैन्युफैक्चरिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त रेलवे का प्लान 5,300 से अधिक जनरल कोच बनाने का है। इससे रेलवे में यात्रा करने वाले करोड़ों लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ेगी और यात्रा पहले के मुकाबले आरामदायक होगी।

## भारत में शुरू होगा पिक्सल फोन का प्रोडक्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एप्पल के बाद अब गूगल भी भारत में अपने पिक्सल स्मार्टफोन की मैन्युफैक्चरिंग करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी की योजना भारत में फोन मैन्युफैक्चरिंग कर अमेरिका और यूरोप में निर्यात करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिग्गज टेक कंपनी (गूगल) फॉक्सकॉन और डिक्सन टेक्नोलॉजीज की सहयोगी कंपनी पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर उत्पादन शुरू करेगी। कंपनी ने तमिलनाडु में फॉक्सकॉन के साथ मिलकर ट्रायल प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। फॉक्सकॉन ही भारत में एप्पल के लिए प्रोडक्ट्स बनाती है। हालांकि, गूगल की ओर से इस रिपोर्ट पर फिलहाल कोई जबाव नहीं दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गूगल पहली छमाही में भारत में पिक्सल फोन का प्रोडक्शन शुरू करने की आधिकारिक घोषणा कर सकता है। पिक्सल के बेस वेरिएंट को डिक्सन टेक्नोलॉजीज और प्रो वेरिएंट्स को फॉक्सकॉन की ओर से बनाया जा सकता है। कमर्शियल प्रोडक्शन को सितंबर में शुरू किया जा सकता है। वहीं, प्रोडक्शन स्थिर होने पर कंपनी निर्यात शुरू कर सकती है। कंपनी का यह कदम सरकार के प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) प्रोग्राम के अनुरूप है। इसके तहत सरकार घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रही है। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने में एप्पल की ओर से 16,500 करोड़ रुपये आईफोन का निर्यात किया जा चुका है। वित्त वर्ष 24 में एप्पल की ओर से 14 अरब डॉलर के आईफोन का उत्पादन किया गया है।

### गूगल का ऐलान




## सब्जियों के बढ़ते दामों के चलते घर की थाली हुई महंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तेजी से बढ़ते सब्जियों के दामों के चलते घर की रसोई में बन रही शाकाहारी थाली की कीमत नवंबर 2023 से बढ़ रही है। इसमें जून में घर में पकाए जाने वाली शाकाहारी थाली की कीमत में 10 फीसदी (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई है। वहीं मांसाहारी थाली की कीमत में 4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि शाकाहारी थाली की बढ़ती कीमतों के पीछे टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में क्रमशः 30 प्रतिशत, 46 प्रतिशत और 59 प्रतिशत की वृद्धि जिम्मेदार है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के डायरेक्टर- रिसर्च पुशन शर्मा ने कहा, "टमाटर, प्याज और आलू की बढ़ती कीमतों के कारण ऐसा हो रहा है। साथ ही मौसम की मार के चलते आपूर्ति प्रभावित हुई है।"



## भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र : सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के बड़े अर्थशास्त्री और नीति निमार्ताओं में एक एनके सिंह ने कहा है कि विश्व भारत के युग में प्रवेश की दहलीज पर खड़ा है और तेज वृद्धि दर होने के कारण देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने ये बातें लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई) में प्रतिष्ठित मानद फेलोशिप प्रदान किए जाने के दौरान अपने संबोधन में कहीं। सिंह ने आगे कहा कि उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर अमर्त्य सेन और पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन जैसे भारतीयों की श्रेणी में आकर गर्व महसूस हो रहा है। यूनिवर्सिटी की ओर से कहा गया कि सिंह को दिया गया सम्मान एलएसई के साथ लंबे समय तक और प्रतिबद्ध संबंधों और एलएसई के भारत सलाहकार बोर्ड के सह-अध्यक्ष के रूप में भारत के साथ संबंधों को सुविधाजनक बनाने में उसके प्रयासों को मान्यता देता है। अपने संबोधन में सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में वह और सभी केंद्रीय मंत्री 2047 के विकसित भारत के विजन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। अगले दशकों तक भारत को विकास दर की इस रफ्तार को बनाए रखने की जरूरत है। भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनके सिंह भारत के प्रमुख अर्थशास्त्रियों में से एक हैं।



## शेयर बाजार सपाट बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का दिन उठापटक वाला रहा। बाजार के मुख्य सूचकांक सपाट बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 53 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,996 और निफ्टी 21 अंक या 0.9 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,323 पर था।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 470 अंक या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,089 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 148 अंक या 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,941 पर बंद हुआ। मुख्य सूचकांकों में एचडीएफसी बैंक कारोबारी सत्र में टॉप लूजर्स था। इस कारण से बैंक निफ्टी 443 अंक या 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,660 पर बंद हुआ।



## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक: रामदास

**चंदवा/ लातेहार।** भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने की अपील लोगों से की। उन्होंने कहा कि असंतुलित पर्यावरण को अधिक से अधिक पौधारोपण से ही बचाया जा सकता है। श्री रामदास प्रधानमंत्री के अपील पर चलाये जा रहे एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के तहत किये जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें सब कुछ देती है, लेकिन हम बदले में प्रकृति को कुछ भी नहीं देते हैं। हमारा दायित्व है कि हम प्रकृति से उतना ही लें, जितनी हमारी जरूरत है। आज जिस अनुपात में पेड़ काटे जा रहे हैं, उस अनुपात में लगाये नहीं जा रहे हैं और यही सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

### आरटीई के तहत 117 बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**मेदिनीनगर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जिले के निजी स्कूलों में 2024-25 सत्र के लिये कुल 117 बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सभी 117 बच्चों के नामांकन के लिए अलग-अलग निजी स्कूलों में सीट आरक्षित कर दी गई है, एडमिशन लेने के लिये जिले भर से कुल 124 बच्चों के आवेदन प्राप्त किये गये थे। जिले के अलग-अलग 4 प्रखंडों के कुल 18 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत चयनित बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्रदान की जाएगी। बता दें कि उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू के गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मार्च माह में एक पोर्टल प्रारंभ किया था। इस माध्यम से सभी बच्चों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये थे। सभी बच्चों को उनके घर के पता के नजदीक के ही स्कूल को टैग्ड किया गया है।

### मोहम्मदगंज के माली में बंद दो घरों से लाखों की चोरी

**हैदरनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के माली गांव में गुरुवार की रात दो घरों में चोरी की सफल घटना होने की सूचना है। चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चुराकर भाग निकले। भुक्तभोगी दिग्विजय शर्मा ने बताया कि माली गांव स्थित उनके पैतृक आवास से गुरुवार की रात बंद घर से चोरों ने दस हजार रूपए नगदी समेत सोने और चांदी के लाखों रुपए के आभूषण चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ घटना के पूर्व से ही मेदिनीनगर में थे। इसी बीच सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि घर का ताला टूटा और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। घर जाकर देखा तो उनके घर के सभी ताले और सभी बक्से का ताला भी टूटा पड़ा है। उनके पड़ोसी सुदामा विश्वकर्मा के घर भी चोरी की वारदात हुई है।

# डीसी ने एमआरएमसीएच का किया निरीक्षण एमडी पीडियाट्रिक्स की होगी बहाली

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमआरएमसीएच) का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने नये अस्पताल भवन के साथ साथ सभी वार्डो का जायजा लिया। सफाई एवं समय पर डाक्टरों की उपस्थिति देखी। हालांकि, उपायुक्त ने कई असुविधाओं को भी देखा और सुधार करने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त ने करीब 45 मिनट तक पूरे अस्पताल परिसर का जायजा लिया। उनके साथ जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, डा. आरके रंजन, डीपीएम दीपक कुमार सहित अन्य डाक्टर एवं कर्मी मौजूद थे। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि ऑपरेशन थियेटर एक है, उसको तीन में कनवर्ट किया जा सकता है। आइसीयू और पीएसीयू की सुविधा बढ़ायी जा सकती है। इसके लिए तैयारी की जा रही है। एमआरएमसीएच में एमडी पीडियाट्रिक्स की आवश्यकता महसूस की गयी है। डीएमएफटी से एक डाक्टर को ट्रेनिंग कराकर परमानेंट उसे एमडी पीडियाट्रिक्स के रूप में बहाल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में अनावश्यक रूप से दिनभर जमा रहने वाले लोगों एवं अस्पताल में भर्ती मरीज को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले जाने पर जल्द एक्शन लिया जायेगा। कोई भी एक्स्ट्रा आदमी अस्पताल में अनावश्यक रूप से मौजूद नहीं रहेगा। मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि उपायुक्त ने असुविधाओं को देखकर उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। सफाई और डाक्टरों की उपस्थिति पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। शिशुओं, बच्चों और किशोरावस्था की चिकित्सा देखभाल से संबंधित कार्य के लिए एमआरएमसीएच में एमडी पीडियाट्रिक्स की बहाली होगी। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित हर चीज से निपटना आसान हो जायेगा। यदि दो साल तक एमडी पीडियाट्रिक्स रह जाते हैं तो यहां इसकी पढाई भी शुरू हो जायेगी और पीजी की क्लास भी शुरू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि 15 से 20 दिनों में और परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने आम लोगों से साफ-सफाई को लेकर सहयोग की अपील की। साथ ही कहा कि अस्पताल परिसर में जहां तहां गंदगी न फैलाएं। निर्धारित जगह पर ही कचड़ा फेंके। उन्होंने कहा कि उपायुक्त ने असुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए एक जनरेटर और 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही है। सीएस ने कहा कि यदि एमआरएमसीएच में असुविधा पैदा करने वाले चाहे कर्मचारी हों या अन्य लोग सभी पर एक समान कार्रवाई होगी। जो भी व्यक्ति गलत हरकत में पाया जाता है, उसे चिह्नित कर उनकी जानकारी दें। पहचान गोपनीय रखकर कार्रवाई की जायेगी।

### जंगल वारफेयर स्कूल में एक दिवसीय परामर्श शिविर का आयोजन

**महुआडांड़ नेतरहाट।** नेतरहाट जंगलवारफेयर स्कूल में नेतरहाट में पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए चिकित्सीय परामर्श हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन धनंजय कुमार सिंह भा. पु. से. पुलिस उप निरीक्षक सह प्राचार्य जंगलवारफेयर स्कूल के अगुवाई में किया गया। परामर्श के लिए महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर रवि कुमार उरांव कार्यक्रम में उपस्थित हुए। जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को डाक्टर रवि के द्वारा स्नेक बाइट से फौरन बचाव व इलाज,हायजिनिग से संबंधित इलाज, ब्लड डोनेशन से होने वाले फायदे समेत अन्य तरह के होने वाले बिमारियों का इलाज के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को धनंजय कुमार सिंह भा. पु. से. पुलिस उप निरीक्षक सह प्राचार्य जंगलवारफेयर स्कूल के द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर श्री कृष्ण कुमार महतो पुलिस उपाधीक्षक अलबिनुस बाड़ा पुलिस उपाधीक्षक उमेश कुमार उरांव परिचारी प्रवर ,व अन्य पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी,व प्रशिक्षु मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### भीम चूल्हा और कासीसोत डैम स्थल पर पर्यटन विकास की हैं असीम संभावनाएं : सुशील

**हैदरनगर।** पलामू जिले के बहुचर्चित मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र का ऐतिहासिक पर्यटन केन्द्र भीम चूल्हा स्थल का सौंदर्यीकरण कराने को लेकर गुरुवार को पलामू जिले की विभागीय टीम ने उक्त गहनता से अवलोकन और निरीक्षण किया ।पलामू जिला के पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी ने बताया कि भीम चूल्हा स्थल उतर कोयल नदी और पहाड़ के बीच अवस्थित है ।साथ ही जपला मोहम्मदगंज कादलकुर्मी मुख्य पथ पर होने से स्थल तक आवागमन भी सुगम है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर पर्यटन के क्षेत्र में विकास असीम संभावनाएं है ।उन्होनें कहा कि स्थल के चारों ओर सोलर लाइट, हाई मास्ट लाइट, चबूतरा, सेफ्टी रेलिंग, नाला पर ढलाई, चार सीटर चेयर शेड, सीसीटीवी कैमरा, सुलभ शौचालय, ठंढा पेयजल की पूर्ण व्यवस्था सहित भीम चूल्हा स्थल से भीम बराज स्थल तक लाइटिंग सहित विकास की कई योजनाओं का चयन किया गया है। शीघ्र ही उक्त स्थल का सौंदर्यता बढ़ाने का काम किया जायेगा।

### आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**लातेहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया के निर्देश पर कानूनी सहायता केद्र महुआडांड़ के पीएलवी इंद्रनाथ प्रसाद के द्वारा राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, गारू में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुमार ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग समेत अन्य कई सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया। प्रसाद ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से न सिर्फ मनुष्य का शरीर बर्बाद होता है, बल्कि उसका पूरा परिवार भी बर्बाद होता है। यह एक सामाजिक क्षति है। उन्होंने नशापान से दूर रहने की अपील छात्रों से की। उन्होंने कहा कि गुटका, सिगरेट व तंबाकू से कैंसर जैसे असाध्य रोग तक होते हैं। आगे प्रसाद ने मानव तस्करी के बारे में कई जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि बिचौलिये प्रलोभन देकर गांव के भोले भाले युवक व युवतियों को काम कराने परदेश ले जाते हैं। लेकिन वहां उनका शोषण किया जाता है। उन्होंने किसी लालच में अपने बच्चों को बाहर नहीं भेजने की अपील की।

### तानाशाही ताकतें हार गई और झारखंड का बेटा फिर से मुख्यमंत्री बना : विवेकानंद

**हैदरनगर।** पांच माह के बाद जेल से लौटने के बाद हेमंत सोरेन के पुनः मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर पलामू सहित हैदरनगर के झामुमो कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया जाना न्याय की जीत व तानाशाही का हार है। उन्होंने कहा। कि यह बेहद खुशी का क्षण है। तानाशाही ताकतें हार गईं और झारखंड का बेटा फिर से मुख्यमंत्री बना। हेमंत सोरेन का जेल से छूटना व मुख्यमंत्री बनना केवल व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह न्याय की भी जीत है। भाजपा ने लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की। किन्तु भारत के लोकतंत्र ने अपने बेटे को पुनः मुख्यमंत्री बनाकर विरोधियों को करारा जवाब दिया है। झारखंड की राजनीति में यह एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा और इससे राज्य में एक नई उम्मीद और विकास की किरण जगी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने पिछले चार साल के कार्यकाल में झारखंड के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस बार भी राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने की अपेक्षा है। इसी वर्ष आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो भाजपा का सूपड़ा झारखंड से साफ कर देगी।

# सहायक शिक्षक का बेटा बीएचयू में लाया पांचवां स्थान

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर के ग्राम संतोषडीह गांव निवासी सहायक अध्यापक अजय कुमार सिंह का पुत्र अभिनव कुमार सिंह ने अपनी मेहनत से बीचयू की संचालित परीक्षा में देश भर में पांचवां स्थान लाया है ।इससे परिवारों सहित आसपास के इलाका में खुशी की लहर है। अभिनव ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है उन्होंने बताया कि मेरे माता पिता विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में भी हौसला बढ़ाने का कार्य किया है। इस कठिन परीक्षा को लक्ष्य निर्धारित कर सफलता पाने पर दूसरे बच्चे को प्रेरित कर कहा है कि माता पिता के मेहनत को जो छात्र अपना कैरियर बना लेता है, वही हर कार्य में सफल हो सकता हैं ।इसकी सफलता पर झामुमो के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सचिव पवन जयसवाल, जुगेश चौधरी, राशिद खान ने अभिनव ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि अभिनव से क्षेत्र के मेघावी छात्रों को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है।



*अभिनव ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया*

# जनता की समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिले कांग्रेसी नेता

***कहा, प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार की बनी बैठी है गंगोत्री वरीय अधिकारियों से शिकायत करते हुए कार्रवाई की करेंगे मांग***



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार प्रखंड सह अंचल कार्यालय व्याप्त भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को ले कांग्रेस नेता प्रभात कुमार दुबे उर्फ. बड्डु दुबे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिका बिजय प्रसाद मरांडी से मुलाकात किया। जहां मिलकर आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया। साथ हीं क्षेत्र मे फैले भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को लेकर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में दर्जनों गांव के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कभी भी उन्हें खाद्यान्न समय पर नहीं मिलता है। वर्तमान जुलाई माह को मिलाकर दो-तीन महीने का राशन गायब कर दिया गया है। जिसमें विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता उजागर हो रहा है। वहीं मनरेगा की योजनाओं में 45-50 प्रतिशत राशि उगाही किए जाने की बातें कही। कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार की गंगोत्री बन गया है। किसी भी वरीय अधिकारियों से शिकायत करते हुए जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई के लिए आग्रह किया जाएगा। भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जात-धर्म से ऊपर उठ कर आम जनता को शोषक व पोषक मे फर्क समझना होगा। ताकि उनके द्वारा सही व्यक्ति का चुनाव किया जा सके। जनता पूर्व विधायक ददई दुबे के कार्यकाल को लोग आज भी याद कर उपलब्धियां गिनाते हैं। जिनके कार्यकाल में बिना घूसखोरी, बिना डर-भय के लोगों का कार्य आसानी से होता था।

### एक वृक्ष सौ पुत्र समान, हम पर्यावरण की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं : डॉ मुकेश रंजन सिंह

**गढ़वा।** नारायणपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा कई वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ मुकेश रंजन सिंह ने बच्चों कों वृक्ष लगाने का महत्व समझाते हुए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की आवश्यकता है तभी इस प्रकृति की रक्षा संभव है। विद्यालय के कई बच्चों ने प्रकृति से जुड़े हुए कई प्रोजेक्ट एवं तस्वीर बनाये। जो अत्यंत ही सराहनीय है। बताते चले की यह विद्यालय ऐसे मौके पर इस तरह के संदेशत्मक क्रिया कलापों कों संचालित करता आया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय डॉ. मुकेश रंजन सिंह, शिक्षक सुमित सोनी, अमित सोनी, सुधांशु मिश्रा, दिरेन्द्र कुमार, इनाम मल्लिक, मंगल पाण्डेय, जॉर्डन तामंग, राहुल गिरी शिक्षिका अंकिता सिंह, निवेदिता बाला, नेहा प्रीति लकड़ा, नारंती देवी, अन्य कर्मचारी गण भी मौजूद थे।

#### हुसैनाबाद नगर पंचायत में मौसम की पहली बारिश में खुली पोल

# नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहने से हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को बरसात की हुई हल्की बारिश के पानी ने हुसैनाबाद नगर पंचायत की सूरत बिगाड़ दी हैं। वहीं इस बरसात ने शहर में विकास के कई बड़े राज को खोलने का कार्य किया। जबकि अभी पूरा बरसात बाकी हैं। जपला शहर में हल्की हुई बारिश से नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़कों पर बहने से लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वहीं सड़कों पर पाइप लाइन बिछाने के बाद मिट्टी छोड़ने के कारण आईटीआई के पीछे वार्ड नंबर दो के मुख्य सड़कों पर कीचड़ से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही हैं, इस कीचड़ से हुसैनाबाद शहर की सूरत बिगाड़ दी हैं। वहीं नगर पंचायत का मेन बाजार, स्टेशन रोड, रविदास नगर समेत अन्य कई जगहों पर सड़क गंदगी में तब्दील हो चुकी हैं। जिससे हुसैनाबाद का दृश्य एकदम से नारकीय हो गया हैं। इस बाबत हुसैनाबाद के समाजसेवी सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन ने कहा कि हुसैनाबाद में अब तक जितने भी जनप्रतिनिधि हुए हैं,उन सभी ने हुसैनाबाद को विकास के नाम पर लूटने का ही कार्य किया है। आज भी हुसैनाबाद में सड़क, नाली, बिजली आदि की समस्याएं यथावत वैसी- की-वैसी ही हैं, बस विकास के नाम पर टेंडर हुआ है और उसमें कमीशन के नाम पर मोटी रकम की कमाई की गई है, लेकिन अब जनता समझ चुकी है। वह आगामी चुनाव में सभी भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों को धूल चटाने का कार्य करेगी। अभी वर्तमान में विभागीय अधिकारियों ने कार्य के नाम पर जनता को छलने काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि नगर पंचायत में कार्य नहीं हुआ है, पर उन्होंने सिर्फ वही कार्य हुआ है, जिनमें उनकी मोटी कमाई हो सकें। मोहल्लों वालों का कहना है कि उक्त सड़क की स्थिति से नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को अवगत कराया गया है ।परंतु इस दिशा में अबतक इसका निदान नहीं किया गया ।इससे लोगों में काफी आक्रोश है ।उधर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि हमलोग के समय बरसात के पूर्व वृहद पैमाने पर नालियों की सफाई की जाती थी, लेकिन इस बार विभाग द्वारा नाली सफाई नहीं कराया गया है ।जिसके कारण स्थिति खराब है।

# अमही में कुकही नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिली

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की सभी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों व पुल पुलिया का निर्माण कराया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है। हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती गांव अमही के समीप कुकही नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग लगातार ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा है कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते हैं। जनता से उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करना उनका दायित्व निभाने में जुटे है। उन्होंने कहा कि जनता से किया गया वादा पूरा कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुकही नदी पर पुल निर्माण हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को लाभ होगा। विधायक ने कहा कि बड़ी सड़कों के बाद अब गांव की छोटी छोटी सड़कों का निर्माण कराने की दिशा में वह आगे बढ़े हैं। ग्रामीण कार्य विभाग से हुसैनाबाद की पांच सड़कों को भी स्वीकृति दिलाई गई है। विधायक ने बताया कि जल्द ही निविदा निकलने के बाद सड़कों व पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही बचे हुए कार्यों को भी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया है की वह निर्माण कार्यों पर नजर रखें, अगर निर्माण कार्यों में गड़बड़ी होती है तो तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जायेगी। निर्माण कार्यों में किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हर हाल में निर्माण करा रहे लोगों को गुणवत्ता का खयाल रखना होगा।

## पेज एक का शेष

### सरफराज अहमद राज्यसभा...

इनके इस्तीफे के बाद एक तरफ जहां इन्हें राज्यसभा भेज दिया गया और वे निर्विरोध निर्वाचित हुए, वहीं दूसरी ओर गांडेय सीट से सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को विधानसभा उपचुनाव लड़ाया गया। इस सीट से फिलवक्त कल्पना सोरेन विधायक हैं। झामुमो ने एक बार फिर इन पर भरोसा जताया है और उन्हें राज्यसभा में संसदीय दल का नेता बनाया है।

### गढ़वा में सेप्टिक टैंक...

कुमारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने आनन-फानन में स्कूल पहुंचकर बीमार बच्चियों की स्वास्थ्य जांच की। स्कूल में ही बच्चियों को स्लाईन चढ़ाया गया और दवा दी गई, जिसके बाद सभी के सेहत में सुधार हुआ। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के बगल में स्थित इम्तेयाज अंसारी की सेप्टिक टैंक से निकली गैस के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी में अध्ययनरत चार छात्राएं बेहोश हो गई। स्कूल पहुंचे कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रम ने घटना की विस्तृत जांच की। कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बच्चियों की स्थिति अब ठीक है। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद थाना प्रभारी को पूरे मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

### राष्ट्रपति ने सशस्त्र बल...

कैप्टन अंशुमन सिंह और हवलदार अब्दुल माजिद।
शौर्य चक्र (मरणोपरांत): कांस्टेबल सफीउल्लाह कादरी, मेजर विकास भांग्भू, मेजर मुस्तफा बोहरा, राइफलमैन कुलभूषण मन्ता, हवलदार विवेक सिंह तोमर, राइफलमैन आलोक राव और कैप्टन एमवी प्रंजल।

### झारखंड में 10-10 लाख...

नीरज गंझू वर्ष 2004 में भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। उसने 2013 में मेदिनीनगर-रांची मुख्य पथ पर पतकी जंगल में आईईडी लगाने, 2018 में कुजरूम जंगल में झारखंड जगुआर के साथ मुठभेड़ और अन्य वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने अन्य माओवादियों से भी सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सरेंडर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से माओवादियों का सफाया हो चुका है। जो शेष बचे हैं, वे पुलिस की रडार पर हैं।

# एक मुर्गा के लिए दोस्त का हत्या करने वाला गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** एक मुर्गा मांगने पर दोस्त का हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 24 घंटे के अंदर आरोपी अरूण भुइयां को सतबरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। गुरुवार दोपहर रबदा गांव में अखिलेश भुइयां और अरूण भुइयां ने साथ में शराब पार्टी की थी। अरूण के घर में एक जिंदा मुर्गो को देखकर अखिलेश ने उसकी मांग की थी। अरूण इस पर भड़क गया था और उसकी लाठी (कचरा) से पिटायी कर हत्या कर दी थी। इस संबंध में अखिलेश की भाभी प्रमिला देवी पति नरेश भुइयां ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए सतबरवा के थाना प्रभारी अंचित कुमार और उनकी टीम पुअनि विश्वनाथ कुमार राणा, सहायक अवर निरीक्षक राजीव कुमार (टू), बसंत कुमार दुबे और रिजर्व जवानों ने कार्रवाई की। आरोपी को पकड़ा और शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि साहेब भुइयां का पुत्र अरुण भुइयां (26) एवं अखिलेश भुइयां (25) के बीच मुर्गा को लेकर बकझक हुई थी। आरोपित अरूण ने आपराधिक घटना को अंजाम देते हुए डंडा (कचरा) से अखिलेश के सिर पर ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी थी।

# अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार उजागर करने वालों पर प्राथमिकी गलत : नरेगा वॉच

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार उजागर करने वाले सामाजिक कार्यकताओं व ग्रामीणों पर प्रशासन के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के मामले को भोजन का अधिकार अभियान एवं नरेगा वॉच ने गलत ठहराया है। इसे लेकर दोनों संगठनों के प्रो ज्या द्रेज, जेम्स हेरहंज, अपूर्वा गुप्ता व अशर्फी नंद प्रसाद ने उपायुक्त व लातेहार को एक ज्ञापन सौंपा है। साथ ही इसकी जांच कर प्राथमिकी वापस लेने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि नरेगा सहायता केंद्र महुआडांड़ की अफसाना खातून व प्रशांता किंडो जल सहिया कुंती देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य डोलोरोसा मिंज, अनूप कुमार,रीना देवी व उप मुखिया महुआडांड़ चंद्रमणि देवी ने आरटीआई से प्राप्त अबुआ आवास योजना के लाभुकों की सूची का गत 22 से 24 मई तक घर-घर जाकर सत्यापन किया था। इसमें भ्रष्टाचार के पुख्ता सबूत पाए गये थे। मुख्यतः अयोग्य व पक्के घर में रहने वाले संपन्न लोगों के लिए आवास योजना स्वीकृत की गयी थी। स्थानीय प्रशासन द्वारा इनके पुराने आवास की स्थिति में कच्चा मकान दर्ज किया गया है।

### ग्रामसभा में भी की गई थी आवास रद्द करने की मांग

26 मई को महुआडांड़ में ग्राम प्रधान विकास उरांव की अध्यक्षता में ग्रामसभा की गयी। ग्रामसभा में गलत तरीके से चुने गए लाभार्थियों के आवास रद्द करने, अनियमितता की प्रशासनिक जांच करने और दोषियों के विरुद्ध न्यायसंगत कार्रवाई करने का प्रस्ताव पारित करने की मांग की गयी। इस प्रस्ताव के आधार पर 29 मई को ग्राम प्रधान द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को शिकायत दी गयी। लेकिन इस धोखाधड़ी की जांच करने के बजाय बीडीओ ने सर्वेक्षण टीम व ग्राम प्रधान के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया और चार जून 2024 को उनके खिलाफ एक झूठी प्राथमिकी (केस सं 28/2024, दिनांक 04/06/2024 थाना महुआडांड़) दर्ज करवा दी। भोजन का अधिकार अभियान व नरेगा वॉच ने लातेहार के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से अविलंब फर्जी प्राथमिकी (केस सं 28/2024, दिनांक 04/06/2024 थाना महुआडांड़) को रद्द कर टीम के सभी सदस्यों को इस मामले से पूर्णतः बरी करने व दोषियों पर कार्रवाई करने की माग की है।



# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### सूडान में सैन्य झड़पों से भागते समय डूबने से 25 लोगों की मौत



**खार्तूम।** मध्य सूडान के सिन्नर राज्य में चल रही सैन्य झड़पों से भागते लोगों की नाव पलट गई। इस हादसे में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। बता दें कि पिछले साल से ही सूडान की सेना और पारा मिलिट्री फोर्स के बीच झड़पें चल रही हैं। सिन्नर में प्रतिरोध समितियों ने गुरुवार को एक बयान में कहा, "जैसे ही रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने क्षेत्र में प्रवेश किया, लोग भागने लगे।

### पाकिस्तान के तीन प्रांतों के सीवेज नमूनों में पोलियो वायरस मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दो नये जिलों के साथ-साथ तीन प्रांतों के छह पहले से संक्रमित जिलों के सीवेज नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 पाया गया है। पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि 10 जून से 12 जून के बीच दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर, सिबी, केच, डुक्की, उस्ता मुहम्मद और मस्तुंग जिलों, पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी जिले और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद जिले से लिए गए नमूनों में इस वायरस का पता चला।

### ब्रिटेन में लेबर पार्टी का सांसद बना कोट्टायम का बेटा, जश्न का माहौल



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कोट्टायम के पास अथिरमपुझा के एक गांव में सोजन जोसेफ के घर की लाइटें गुरुवार रात को बंद नहीं हुईं। पूरा परिवार ब्रिटेन के केंट के एक निर्वाचन क्षेत्र एशफोर्ड के परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। सोजन जोसेफ के पिता उस समय रो पड़े और ताली बजाने लगे जब लेबर पार्टी के उम्मीदवार उनके बेटे ने कंजर्वेटिव और यूनियनिस्ट पार्टी के डेमियन ग्रीन को 1,779 मतों के अंतर से हराया। मुस्कुराते हुए पिता ने कहा, बेशक, मैं अपने बेटे की जीत से बहुत खुश और उत्साहित हूं।

# लेबर पार्टी के स्टार्मर बने ब्रिटेन के पीएम

## विक्ट्री स्पीच, कहा- आपने हमारे देश को बदल दिया

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के हार स्वीकार करने के कुछ क्षण बाद, लेबर पार्टी के नेता स्टार्मर ने मध्य लंदन में विक्ट्री स्पीच दी। 5 जुलाई को 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में लेबर ने 326 के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। अपने समर्थकों के बीच स्टार्मर बोले, वास्तव में धन्यवाद... आपने हमारे देश को बदल दिया है। समर्थकों का उत्साह बढ़ाते हुए स्टार्मर ने कहा, आपने इसके लिए प्रचार किया, संघर्ष किया, मतदान किया और अब वो दिन आ गया है। बदलाव अब शुरू होता है। साढ़े चार साल पार्टी बदलने का काम हमने किया। यह इसी के लिए है - एक बदली हुई लेबर पार्टी जो हमारे देश की सेवा करने के लिए तैयार है, ब्रिटेन को कामकाजी लोगों की सेवा में बहाल करने के लिए तैयार है। स्टार्मर बोले, हमारे देश के लोग इस खबर को सुनकर आज जाग रहे होंगे - राहत महसूस कर रहे होंगे कि एक बोझ हटा लिया गया है, इस महान राष्ट्र के कंधों से अंततः एक बोझ हटा दिया गया है। 61 वर्षीय स्टार्मर ने जनादेश को जिम्मेदारियों का पर्याय बताया।



**हम बदली हुई सोच के साथ काम करेंगे :** स्टार्मर ने अपने भाषण में वादा किया कि वो बदली हुई सोच के साथ काम करेंगे। बोले, हम एक बदली हुई लेबर पार्टी के रूप में चले और हम एक बदली हुई लेबर पार्टी के रूप में शासन करेंगे। मैं आपसे यह वादा नहीं करता कि यह आसान होगा। किसी देश को बदलना स्विच को चलाने जैसा नहीं है। यह कड़ी मेहनत, धैर्यपूर्वक काम, दृढ़ संकल्प है और हमें तुरंत आगे बढ़ना होगा। सुनक ने अपनी हार मानते हुए समर्थकों और कार्यकताएओं से कहा मुझे माफ कर दीजिएगा।

### सुनक ने पीएम पद से दिया इस्तीफा



**लंदन।** आम चुनाव में हुई पराजय के बाद ऋषि सुनक ने शुक्रवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वह जल्द ही कंजर्वेटिव नेता का पद भी छोड़ देंगे। डाउनिंग स्ट्रीट में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने दिए गए एक संक्षिप्त भाषण में सुनक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, मैंने इस काम के लिए अपना सब कुछ दिया है, लेकिन आपने यूनाइटेड किंगडम की सरकार को बदलने का जनादेश दिया है, आपका निर्णय ही मायने रखता है। उन्होंने कहा, मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। सभी कंजर्वेटिव उम्मीदवारों और प्रचारकों ने अथक परिश्रम किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, मुझे खेद है कि हम जीत नहीं दिला पाए। हार की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने मतदाताओं से माफी मांगी।

## पीएम मोदी ने रक्षा उत्पादन में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि को सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में 2023-24 में दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक वृद्धि की सराहना की है, जो पिछले वित्त वर्ष के उत्पादन मूल्य की तुलना में 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक्स पर साझा एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा, बहुत उत्साहजनक विकास। इस उपलब्धि में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई। हम अपनी क्षमताओं को और बढ़ाने और भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक सहायक वातावरण का पोषण करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे सुरक्षा तंत्र को मजबूत करेगा और हमें आत्मनिर्भर बनाएगा। इससे पहले रक्षा मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल दर साल नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 में उत्पादन का मूल्य 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के उत्पादन मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रक्षा वस्तुओं का निर्माण करने वाले डीपीएसयू, अन्य पीएसयू और निजी उद्योग सहित हमारे उद्योग को बहुत-बहुत बधाई।


### महुआ की अभद्र टिप्पणी का महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की पायजामा वाली टिप्पणी की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने महुआ मोइत्रा की टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से टीएमसी नेता की अपमानजनक और भद्दी टिप्पणियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आयोग के अनुसार महुआ की टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के तहत आता है।

## तीन साल बाद हो रही भारत-रूस शिखरवार्ता महत्वपूर्ण: विदेश सचिव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहु प्रतिष्ठित शिखरवार्ता 8-9 जुलाई को मास्को में होगी। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह नरेन्द्र मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। यूक्रेन संघर्ष तथा फिलिस्तीन संघर्ष के दौरान होने वाली इस यात्रा को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह इस बात को भी दशार्ता है कि वर्तमान सरकार रूस के साथ भारत के संबंधों को कितना



महत्व देती है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा से पूर्व विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा होगी। यूक्रेन संघर्ष और इससे पड़ने वाले प्रभावों पर दोनों नेताओं के बीच अकेले में बातचीत होगी और इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। उनकी बातचीत में रक्षा, निवेश संबंधों, ऊर्जा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी वहां राष्ट्रपति पुतिन से गुमराह कर भारतीयों को युद्ध क्षेत्र में तैनात किए जाने का भी मुद्दा उठायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 से 10 जुलाई को रूस और आस्ट्रिया की यात्रा पर जा रहे हैं।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** आज के समय में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टेशन (एमबीए) का कोर्स कर के अपना भविष्य बना सकते हैं। भारत के हर राज्य में एमबीए के लिए कॉलेज है. जहां से आप एमबीए का कोर्स कर सकते है। कॉलेजों में प्रवेश के लिए केट, मेट, जेट राज्य और संस्थान स्तर की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। प्रवेश परीक्षाओं को क्वालिफाई करने के बाद ही कॉलेजों में दाखिला मिलता है। वहीं कुछ एसे भी कॉलेज है, जहां प्रवेश परीक्षा का दाखिला मिल जाता है।

# युवा एमबीए कर बना सकते है अपना बेहतर करियर...

### स्पेसलाइजेशन

- एमबीए इन फाइनेंस
- एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- एमबीए इन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- एमबीए इन इवेंट मैनेजमेंट
- एमबीए इन मार्केटिंग
- एमबीए इन फैशन डिजाइनिंग
- एमबीए इन होटल मैनेजमेंट



### एमबीए के लिए प्रवेश परीक्षा

- कैट
- जेट
- मेट
- एटीएमए
- सीएमएटी
- टीएस आईसीआईटी
- टीएमसीईटी

- भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझिकोड
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर
- प्रबंधन विकास संस्थान, गुड़गांव
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
- राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, तिरुचिरापल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, उदयपुर
- एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रोहतक
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, पुणे
- ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, चेन्नई
- नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई
- आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद
- भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, दिल्ली
- टीए पाई इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मणिपाल
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भारतीय खान विद्यालय, धनबाद
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिलांग
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जेवियर यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, काशीपुर
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय, गुड़गांव
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद
- एलायंस यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली
- निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
- पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा
- गोवा प्रबंधन संस्थान, गोवा
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा
- लोयोला इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, चेन्नई
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता
- आईएफएमआर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस, श्री सिटी, आंध्र प्रदेश
- थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- केजे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा
- अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई

### ये हैं एमबीए के लिए कॉलेज

- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, नागपुर
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल
- भारती विद्यापीठ प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास संस्थान, पुणे
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर
- आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय, देहरादून
- जगन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रोहिणी, दिल्ली
- प्रिसीपल एल.एन. वेलिंगकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट एंड रिसर्च, मुंबई
- जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा
- कोनेरू लक्ष्मैया एजुकेशन फाउंडेशन, गुंटूर
- विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बेलगावी
- ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आनंद
- जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ
- पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय, गांधीनगर
- चितकारा विश्वविद्यालय, पटियाला
- आईबीएस बिजनेस स्कूल, हैदराबाद
- शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- सिम्बायोसिस सेंटर फॉर मैनेजमेंट एंड ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट, पुणे
- प्रबंधन अध्ययन संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर
- सार्वजनिक उद्यम संस्थान, हैदराबाद
- त्यागराज स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, थिरुप्परनकुन्द्रम
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ ऑपरेशन्स मैनेजमेंट, नासिक
- लाल बहादुर शास्त्री प्रबंधन संस्थान, दिल्ली
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, बैंगलोर
- श्री धर्मस्थल मंजुनाथेश्वर प्रबंधन विकास संस्थान, मैसूर
- वीआईटी बिजनेस स्कूल, वेल्लोर
- जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई
- यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़
- भारतीय प्रबंधन संस्थान अमृतसर
- पीएसजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोयंबटूर
- फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
- मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद प्रयागराज
- बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न मैनेजमेंट, पुणे
- दिल्ली स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली
- GITAM स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस, विशाखापत्तनम
- जिंदल ग्लोबल बिजनेस स्कूल, सोनीपत
- राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद
- आईटीएम बिजनेस स्कूल, नवी मुंबई
- भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखापत्तनम
- एमिटी बिजनेस स्कूल, नोएडा
- एससीएमएस कोचीन स्कूल ऑफ बिजनेस, कोचीन
- एसएसएन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, कलवक्कम
- भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया
- एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डेरा बस्सी
- अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर
- एमएस रामायह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, हैदराबाद
- भारती विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, नई दिल्ली
- प्रबंधन अध्ययन संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल एंड टेलीकॉम मैनेजमेंट, पुणे
- मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल
- स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, जीजीएस आईपी यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- अडानी इंस्टिट्यूट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
- केआईआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर
- राजगिरी सेंटर फॉर बिजनेस स्टडीज, कोचीन
- एनआईटीटीई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- एआईएमएस संस्थान, बैंगलोर
- जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, रांची
- श्री सत्य साई उच्च शिक्षा संस्थान, प्रशांति निलयम
- सोना स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, सेलम
- एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई
- केएल यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, गुंटूर
- अमृता स्कूल ऑफ बिजनेस, कोयंबटूर
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- भारतीदासन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, तिरुचिरापल्ली
- जगदीश शेठ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, पुणे
- आचार्य बैंगलोर बी-स्कूल, बैंगलोर
- बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस, तथावड़े
- चितकारा बिजनेस स्कूल, पटियाला
- बिजनेस इकोनॉमिक्स विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- प्रबंधन विज्ञान विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
- GITAM हैदराबाद बिजनेस स्कूल, हैदराबाद
- GITAM इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, विशाखापत्तनम
- जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल, शिमला
- भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू
- भारतीय प्रबंधन संस्थान संबलपुर
- भारतीय समाज कल्याण एवं व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता
- इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च, आईपीएस अकादमी, इंदौर

*एमबीए का कोर्स इग्नू से भी होता है. जिसके लिए इग्नू अपनी प्रवेश परीक्षा का आयोजन करती है.*